

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- बंगाल को तीन भागों में बांटना चाहते हैं भाजपा - 12



टीसीएस दे रही 25 हजार फ्रेशर्स को नौकरी - 12



भारत का आर्थिक विकास वैश्विक साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर : विनय क्वात्रा - 13



घर में ही फिर लड़खड़ाया लखनऊ गुजरात ने 7 विकेट से हराया - 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.47 सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी 01:08 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 13 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 236, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## अगले एक सप्ताह में 40 डिग्री के भी पार जा सकता है पारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में करवट लेने लगा मौसम अब तपिश बढ़ने की भविष्यवाणी

**अमृत विचार:** प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। पिछले दिनों की बारिश, आंधी और ठंडी हवाओं से मिली राहत के बाद अब प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक सप्ताह में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है।

रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से हवाओं की रफ्तार कम होने के साथ गर्मी का असर तेज होगा। अगले कुछ दिनों तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा, जिससे तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 6 से 8 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### सलाह: सावधानी बरतें

मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासतौर पर दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की जरूरत बताई गई है।

# संगीत के सुनहरे युग का एक कोना खाली... नहीं रहीं आशा भोसले

### मुंबई के अस्पताल में 92 की उम्र में ली आखिरी सांस, सीने में संक्रमण के बाद कराया गया था भर्ती

मुंबई, एजेंसी

अपनी अनूठी आवाज से हिंदी पार्श्व गायन में अलग मुकाम हासिल करने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले का रविवार को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आशा भोसले को शनिवार शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली।

महान गायिका के बेटे आनंद ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम चार बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। उन्होंने कहा, लोग कल पूर्वाह्न 11 बजे लोअर परेल स्थित कासा ग्रांदे में उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दे सकते हैं, जहां वह रहती थीं। आशा भोसले ने अपनी बहन तथा महान गायिका लता मंगेशकर की छाया में रहकर अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने परंपराओं को तोड़ते हुए सिनेमा में महिलाओं की आवाज को गहराई दी, चाहे वह 'हम इंतजार करेंगे' में विरह से भरी मीना कुमारी हों या 'पिया तू अब तो आजा' में बेबाक और मदहोश हेलेन हों। आजा-आजा पर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली 'चैन से हम को कभी' में बिछड़े प्रेम का दर्द भी महसूस कराने वाली उनकी आवाज ने कई पीढ़ियों तक राज किया।



### रिकॉर्ड: 80 साल की संगीत यात्रा... 12,000 से ज्यादा गाने

आशा ने अपनी बहन लता के साथ सात दशकों तक हिंदी पार्श्व गायन की दुनिया पर राज किया। आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में आशा ने 12,000 गाने रिकॉर्ड किए। उनका पहला गाना 1943 में 10 वर्ष की आयु में मराठी फिल्म 'माझा बल' के लिए था। उन्होंने 2010 के दशक के अंत तक गायन जारी रखा और वैश्विक संगीत इतिहास में सबसे लंबे समय तक गायन करने वाली गायिका बन गईं।

### पद्मिनी-वैजयंती माला से लेकर काजोल तक को दी आवाज

आशा भोंसले पद्मिनी एवं वैजयंतीमाला जैसी दक्षिण भारतीय अभिनेत्रियों से लेकर मीना कुमारी, मधुबाला, जीनत अमान, काजोल और उर्मिला मातोंडकर सहित कई प्रमुख अभिनेत्रियों को अपनी आवाज दी। आशा ने 2023 में अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दुबई में आयोजित एक विशेष संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति दी थी। उनकी आवाज अंत तक गहन ठहराव, लचीलापन और ताजगी लिए रही।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनके साथ हुई बातचीत की यादें मेरे दिल में हमेशा बसी रहेंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, आशा भोसले जी के निधन से संगीत जगत में खालीपन आ गया है। प्रख्यात गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित महान सुर साधिका आशा भोसले का निधन अत्यंत दु:खद है और कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## ब्रीफ न्यूज

### बंगाल में एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव से पहले एसआईआर से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इनमें वह याचिका भी शामिल है जिसमें विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों को फ्रीज करने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने इस पर 13 अप्रैल को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। मतदाता सूचियों को फ्रीज करने का मतलब है कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, उन्हें इस विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता।

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से टापू पर फंसे 21 लोग पुलिस ने निकाला

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार कोतवाली नगर क्षेत्र के कबीर कुटीर घाट (सप्तऋषि क्षेत्र) में रविवार को गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से स्नान कर रहे 21 लोग तेज बहाव के बीच फंस गए, जिन्हें पुलिस और जल पुलिस की टीम ने सुरक्षित बचा लिया। टापू पर मौजूद पुरुष, महिलाएं और बच्चे गंगा में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान अचानक जलस्तर बढ़ने से नदी का प्रवाह तेज हो गया और सभी लोग बीच टापू पर ही घिर गए। स्थिति गंभीर होती देख मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम बोट और आपदा राहत उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची।

# महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने का समय आ गया : मोदी

### पीएम का 2029 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव आरक्षण के साथ कराने पर जोर

- विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के नेताओं को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने का समय आ गया है और 2029 के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे एकजुट होकर महिला आरक्षण कानून में संशोधन पारित करें।

संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से पहले लोकसभा और राज्यसभा के सदन के नेताओं को लिखे पत्र में मोदी ने यह भी कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाओं को प्रगति करने, निर्णय लेने और सबसे महत्वपूर्ण बात, नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाएं इस यात्रा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश भर में उसके सच्चे स्वरूप में लागू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने 11 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में कहा, यह अनिवार्य है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाएं। मोदी ने कहा कि 2029 में महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने से भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और जनता का विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने कहा, मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि हम सभी एक साथ मिलकर इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हो सकें।



मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूं ताकि सभी दल इस संशोधन को पारित करने के लिए एकमत होकर अपनी बात रखें। यह विशेष बैठक हमारे लोकतंत्र को और मजबूत करने का अवसर है। – **नरेंद्र मोदी**

### यथावत रहता तो 2034 से पहले नहीं लागू होता कानून

महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के पारित हो जाने से लोकसभा में सीट की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान 2023 में संविधान में संशोधन करके लाया गया था। हालांकि महिला आरक्षण 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू हो पाता। इसका मतलब यह था कि यदि वर्तमान कानून यथावत रहता है तो आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता थी, इसलिए सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर रही है। इसके लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा दी गई है और सदन का एक विशेष तीन दिवसीय सत्र 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया है।

### राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी कर रही सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी को जवाब में लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि राज्यों में चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना इस धारणा को मजबूत करता है कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए महिला आरक्षण कानून को लागू करने में जल्दबाजी कर रही है। पत्र में खरगे ने यह मांग दोहराई कि परिसीमन मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खरगे ने कहा, इस अधिनियम को संसद ने सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया था। उस समय कांग्रेस की ओर से मैंने मांग की थी कि यह महत्वपूर्ण कानून तत्काल प्रभाव से लागू होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इसके तत्काल कार्यान्वयन के लिए व्यापक सहमति थी, लेकिन फिर भी उन्होंने इसे लागू नहीं किया।

### अमेरिका-ईरान के बीच 21 घंटे चली वार्ता विफल

# भड़के ट्रंप बोले- ईरान को टोल देने वाले जहाजों को होर्मुज से नहीं निकलने देंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में अमेरिका और ईरान के बीच 21 घंटे तक चली ऐतिहासिक शांति वार्ता में कोई समझौता नहीं हो सका, इससे दो सप्ताह के लिए लागू युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। शांति वार्ता विफल होने से भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि अमेरिकी नौसेना ऐसे किसी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं निकलने देगी जिसने इसके लिए ईरान को टोल का भुगतान किया होगा।

वार्ता विफल होने के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान के साथ बातचीत इसलिए असफल रही क्योंकि वह अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने को तैयार नहीं है। ट्रंप ने एलान किया कि अमेरिकी नौसेना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किसी भी ऐसे जहाज को सक्रिय रूप से रोकेगी जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान को टोल का भुगतान किया हो। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और रडार सिस्टम पहले ही बेकार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सेना ईरान के बचे हुए हिस्से को भी खत्म करने के लिए तैयार है।

इससे पहले इस्लामाबाद में हुई वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका की ओर से अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बावजूद ईरानी पक्ष ने युद्ध समाप्ति के लिए वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार नहीं किया। ईरान और अमेरिका-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज को बंद कर दिए जाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार ठप होने के साथ व्यापार भी बाधित हुआ है।



- समझौता वार्ता विफल होने के बाद अस्थायी युद्धविराम पर भी उठे सवाल

### समझौता होने में ये मुद्दे बने सबसे बड़ी बाधा

- **परमाणु हथियारों पर लिखित गारंटी :** अमेरिका की सबसे बड़ी शर्त यह थी कि ईरान लिखित में यह प्रतिबद्धता दे कि वह कभी भी परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। ईरान ने इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन माना। कहा, वह पहले ही अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग कर रहा है, इसलिए लिखित शर्त जरूरी नहीं है।
- **आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने की शर्त :** ईरान ने मांग की थी कि अमेरिका वार्ता के पहले चरण के रूप में ही उन पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को तुरंत हटाए और विदेशों में फंसी उसकी अरबों डॉलर की संपत्ति को मुक्त करे। अमेरिका इस पर सहमत नहीं हुआ। वह चाहता था कि पहले ईरान अपने परमाणु और सैन्य कार्यक्रमों पर ठोस कदम उठाए।
- **अंतिम प्रस्ताव का दबाव :** अमेरिका की ओर से वार्ता का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस वार्ता को अमेरिका का अंतिम और सबसे अच्छा प्रस्ताव बताया था। ईरान ने अमेरिका की इस भाषा को धमकी से भरा और अल्टीमेटम के रूप में देखा। इस कड़े रुख के कारण बातचीत में लचीलापन खत्म हो गया।

# बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- शिवराज बने भाजपा के पर्यवेक्षक, विधायक दल का नेता चुनेंगे
- नीतीश के सीएम पद से आज या कल इस्तीफा देने की संभावना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने के बाद भाजपा ने नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी ने रविवार को बिहार में अपने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया। सम्राट चौधरी को बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि भाजपा और जदयू दोनों ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है।

नीतीश कुमार के सोमवार या मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की संभावना है ताकि भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हो सके। रविवार को नीतीश कुमार से मुलाकात करने के बाद उनकी पार्टी जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होगी। झा के अलावा, मुख्यमंत्री के आवास पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जदयू नेता तथा विधायी कार्य मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद थे। विजय चौधरी ने कहा, नए मुख्यमंत्री का चुनाव भाजपा की सिफारिश पर राजग के विधायकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा, भाजपा को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इन मामलों में उसकी अपनी प्रक्रिया है। एक बार जब वह अपनी योजना प्रस्तुत कर देगी, तो आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### कल शुरू हो सकती है परिवर्तन की प्रक्रिया

**पटना।** बिहार में राजनीतिक सरगर्मियों के बीच सभी को 14 अप्रैल की प्रस्तावित मंत्रिमंडल की बैठक का इंतजार है, जहां से सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि राज्य सचिवालय में होने वाली इस बैठक में नीतीश कुमार के नेतृत्व में शुरू की गई प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के साथ उनके इस्तीफे से जुड़ा प्रस्ताव भी आ सकता है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बैठक के बाद इस्तीफा दे सकते हैं।

## बरेली-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का कासगंज तक विस्तार, आज से शुरुआत

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के कासगंज जंक्शन तक अपनी यात्रा के मार्ग के विस्तार के बाद बरेली-नई दिल्ली के बीच संचालित 14315/14316 इंटरसिटी एक्सप्रेस सोमवार से अपने नए सफर की शुरुआत करेगी।

इस बदलाव से कासगंज, एटा और बदायूं के यात्रियों को राजधानी तक सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। बदायूं स्टेशन पर मंत्री बीएल वर्मा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेल अधिकारियों के मुताबिक यह ट्रेन दोपहर 12 बजे बदायूं से रवाना होगी।

## अमरनाथ यात्रा इस बार तीन जुलाई से 28 अगस्त तक होगी

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होकर 57 दिन बाद 28 अगस्त को संपन्न होगी। श्राइन बोर्ड की बैठक में लिए इस निर्णय की जानकारी जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दी।

- श्राइन बोर्ड की बैठक में फैसला, 15 अप्रैल से शुरू होंगे पंजीकरण

उपराज्यपाल ने यहां लोक भवन में बताया कि 13 से 70 वर्ष की आयु के श्रद्धालु यात्रा कर सकेंगे और पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। सिन्हा ने कहा, इस बार यात्रा की अवधि पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अधिक करीब 57 दिन होगी। यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा।

# औद्योगिक इकाइयों में श्रम कानूनों का अक्षरशः पालन कराएं: मुख्यमंत्री

- हर श्रमिक को सम्मानजनक वेतन व सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के दिए आदेश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी औद्योगिक इकाइयों में श्रम कानूनों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी श्रमिक के अधिकारों से समझौता न हो।

रविवार देर शाम उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में कुछ औद्योगिक क्षेत्रों में उभर रहे असंतोष और प्रदर्शनों का संज्ञान लेते हुए कहा कि औद्योगिक विकास प्राधिकरण 24 घंटे के भीतर उद्योग संगठनों और श्रमिकों से सीधा संवाद स्थापित करें और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रमिकों को समय पर उचित वेतन, अतिरिक्त कार्य का पारिश्रमिक, सुरक्षित कार्यस्थल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना अनिवार्य है। महिला श्रमिकों की सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने को भी कहा गया।

मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग को स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सभी औद्योगिक इकाइयों से सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का समाधान शुरुआती स्तर पर ही हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि श्रमिकों के नाम पर माहौल बिगाड़ने वाले बाहरी तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, औद्योगिक क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और भड़काऊ गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने नक्सलवाद को पुनर्जीवित करने की साजिशों से भी सावधान रहने को कहा। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, वाराणसी समेत प्रमुख औद्योगिक जिलों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और श्रम मंत्री अनिल राजभर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बदलाव की तैयारी | विनोद तावड़े का दो दिवसीय दौरा, बंद कमरे में लिया फीडबैक

# मंत्रिमंडल–संगठन पर लखनऊ में उच्च स्तरीय हलचल

- आज मुख्यमंत्री योगी से तावड़े की अहम बैठक, फाइनल होगी सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश भाजपा में संगठन और सरकार के स्तर पर बड़े बदलाव की आहट तेज हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय महामंत्री और यूपी प्रभारी विनोद तावड़े के लखनऊ दौरे ने 'उच्च स्तरीय' सियासी हलचल बढ़ा दी है। तावड़े ने पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ बंद कमरे में लगातार बैठकें कर प्रदेश की राजनीति और संगठनात्मक स्थिति पर विस्तृत फीडबैक लिया। तावड़े सोमवार को मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर रिपोर्ट को अंतिम रूप देंगे।

भाजपा में लखनऊ से दिल्ली तक तेज हुई बैठकों की श्रृंखला संकेत दे रही है कि जल्द ही संगठन और सरकार दोनों स्तर पर बड़े फैसले सामने आ सकते हैं। आने वाले कुछ दिनों में यूपी की सियासत में अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं। लखनऊ में दो दिवसीय दौरे पर आए तावड़े की रविवार को बंद कमरे में दिनभर चली बैठकों में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुरू से शामिल रहे। देर शाम केशव प्रसाद मौर्य भी पहुंचे।

तमाम मंत्री भी बुलाए गए थे। तावड़े ने पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और संगठन के वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मुलाकात की। इसमें संगठनात्मक फेरबदल, चुनावी रणनीति और सामाजिक समीकरणों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। फीडबैक में पिछड़े वर्ग, दलित और सवर्ण वोट संतुलन पर विशेष ध्यान देने की बात सामने आई। साथ ही कई क्षेत्रों में जातीय असंतुलन और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने के सुझाव दिए गए। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि लगभग तीन साल बाद भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव की तैयारी है। इसके साथ ही आयोग, बोर्ड और निगमों के रिक्त पदों को भरने और मंत्रिमंडल विस्तार को भी जल्द अंतिम रूप दिया जा सकता है। यह मंथन केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि संभावित मंत्रिमंडल विस्तार, निगम-आयोगों में नियुक्तियां और नई प्रदेश टीम के गठन जैसे मुद्दे भी केंद्र में हैं।



तावड़े का स्वागत करते ब्रजेश पाठक।

### दिल्ली पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष की शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात

उधर, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात की है। गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में भी संगठन विस्तार और संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल पर चर्चा बताई जा रही है।

### दिल्ली-लखनऊ कनेक्शन से तय होगा फैसला

लखनऊ में बैठकों के बाद दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के जरिए अंतिम मुहर लगने की संभावना है। पंकज चौधरी की दिल्ली यात्रा और विनोद तावड़े की रिपोर्ट इस पूरी प्रक्रिया में निर्णायक मानी जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

### आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर जिला फिर रहा अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की मार्च रिपोर्ट में रामपुर ने 99 .29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। आईजीआरएस के माध्यम से जनसुनवाई, विकास कार्यों और राजस्व मामलों की नियमित निगरानी की जा रही है। मार्च रिपोर्ट में रामपुर ने 140 में से 139 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर हाथरस और बाराबंकी रहे, जिन्होंने 137-137 अंक हासिल किए। वहीं शाहजहांपुर और पीलीभीत ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 136 बराबर-बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनभद्र, कन्नौज, अंबेडकरनगर और हापुड़ ने बराबर-बराबर 135 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बरेली, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी ने 134 अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं टॉप टेन जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने जगह बनाई है।

### पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर के निधन पर जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री हरिनारायण राजभर के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इसे सार्वजनिक जीवन की अपूरणीय क्षति बताते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जताई। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित कई नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने कहा कि राजभर ने लंबे समय तक जनसेवा कर समाज में विशिष्ट पहचान बनाई और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### आंबेडकर जयंती पर भाजपा देगी श्रद्धांजलि होंगे कई कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न सेवा कार्यों व कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें कृतज्ञ श्रद्धांजलि देगी। जयंती की पूर्व संध्या पर प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सोमवार 13 अप्रैल को दोपहर 2 :30 बजे रायबरेली के बछरावां क्षेत्र स्थित ग्राम कन्नावा में बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे लखनऊ के हजरतगंज में स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर दीपांजलि अर्पित की जाएगी। पार्टी ने इसे सामाजिक समरसता और संविधान के प्रति सम्मान का अभियान बताया है।

# तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार भाजपा के पास

## पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे मुख्यमंत्री योगी, जनसभाएं कर पार्टी प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम बोले- तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी से जकड़ा है बंगाल

**अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोनामुखी, नंदकुमार और कांथी दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं करके तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और वामपंथी दलों पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा के पास है। बंगाल में "खेला" अब खत्म होगा और भाजपा की सरकार बनने पर विकास की शुरुआत होगी। योगी ने कहा कि टीएमसी का मतलब ही तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनी बन गया है।

रविवार को तीनों जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ी, जहां मुख्यमंत्री योगी ने कानून-व्यवस्था, सांस्कृतिक पहचान और विकास के मुद्दों पर विपक्ष को घेरा। कहा कि तृणमूल कांग्रेस का 'मां-माटी-मानुष' का नारा अब खोखला साबित हो चुका है। आज बंगाल में मां-बहन असुरक्षित हैं, माटी घुसपैठियों के कब्जे में है और मानुष भयभीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बांग्ला संस्कृति को कमजोर करने की कोशिश हो रही है, जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने बंगाल की आर्थिक स्थिति पर भी सवाल उठाए और कहा कि एक समय देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाला राज्य आज पिछड़ गया है। उद्योग बंद हो रहे हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। इसके उलट उत्तर प्रदेश में बड़े उद्योगों और एमएसएमई के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति भी बंगाल जैसी थी, लेकिन अब प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है और विकास तेज हुआ है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार जहां भी बनी है, वहां हर वर्ग को सुरक्षा और विकास मिला है। उन्होंने बंगाल के मतदाताओं से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें, ताकि राज्य में स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बन सके।




पश्चिम बंगाल में आयोजित एक जनसभा के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### डेमोग्राफी पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल में वोटबैंक की राजनीति के चलते जनसंख्या संतुलन को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सीमावर्ती जिलों में अवैध घुसपैठ को लेकर उन्होंने चिंता जताई और कहा कि इससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो यह राज्य के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

### बांग्लादेश मुद्दे पर ममता सरकार को घेरा

योगी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौन रहीं। कहा कि राज्य सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटबैंक की राजनीति के कारण संवेदनशील मुद्दों पर भी सरकार स्पष्ट रुख नहीं अपना रही है। इससे आम जनता के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

### किशोरों के स्वास्थ्य को लेकर 'सूर्योदय' न्यूजलेटर की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने "सूर्योदय" न्यूजलेटर (प्रथम अंक-अप्रैल 2026) का शुभारंभ किया। यह पहल राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने रविवार को कहा कि किशोर देश का भविष्य हैं और उनके समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि "सूर्योदय" न्यूजलेटर किशोरों तक सरल और सुलभ भाषा में सही जानकारी पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने इसे किशोरों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। न्यूजलेटर में पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, एनीमिया नियंत्रण, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य और जीवन कौशल जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

# विधानसभा गैलरी देख अभिभूत हुए रक्षामंत्री

## 24 वर्षों बाद विधानसभा परिसर पहुंचे राजनाथ सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और विधानसभा में दिए गए महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भी भेंट की। रक्षा मंत्री ने इस पुस्तक को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

करीब 24 वर्षों बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित विधानसभा के गौरवशाली इतिहास पर आधारित फिल्म देखी। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।



विधानसभा पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उनकी पुरानी फोटो दिखाते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

इस दौरान उन्होंने विधानसभा परिसर में विकसित आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिसमें हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारे और नवीन व्यवस्थाएं शामिल रहीं। उन्होंने समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा, मंडप कक्ष तथा गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्रों का भी अवलोकन किया। इसके अलावा नवीनीकृत मीडिया कक्ष और ऐतिहासिक भित्ति चित्रों को भी देखा। रक्षा मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से विधानसभा तकनीकी रूप से सशक्त हुई है और जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रही है।

### चंद्रशेखर की पूर्व प्रेमिका सपा के साथ 200 सभाओं की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, प्रदेश की राजनीति में उलट-पलट शुरू हो गया है। ताजा प्रकरण आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद की पूर्व प्रेमिका डॉ. रोहिणी घावरी के समाजवादी पार्टी का दामन थामने का सामने आया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद प्रदेश की सियासत में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सपा से जुड़ने के बाद वह प्रदेश भर में करीब 200 जनसभाएं करने की तैयारी में हैं। इन सभाओं के जरिए पार्टी संगठन को मजबूत करने और खासतौर पर युवाओं व महिलाओं तक पहुंच बनाने की रणनीति तैयार की गई है। बताया जा रहा है कि सपा नेतृत्व के साथ उनकी बातचीत में छह प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी है। इनमें प्रमुख रूप से सामाजिक न्याय और दलित-पिछड़ा वर्ग के अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, कानून-व्यवस्था का मुद्दा अंत में संविधान और आरक्षण की रक्षा के मुद्दे पर सहमति बनी है।

# गर्मी से पहले बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार के सख्त निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन ने अधिकारियों को एलर्ट मोड पर रहने को कहा
- ट्रांसफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई, निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश



**अमृत विचार:** प्रदेश में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की मांग में संभावित उछाल को देखते हुए प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में काम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने रविवार को भी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि इस बार गर्मी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मरों का रखरखाव पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए और खराबी की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो।

डॉ. गोयल ने बताया कि ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है। हर ट्रांसफार्मर पर फ्यूज और टेललेस यूनिट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद यदि ट्रांसफार्मर फुंकते हैं तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य अधूरे हैं या प्रगति धीमी है, वहां संबंधित फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही अवर अभियंताओं और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हों।

### शिड्यूल के अनुसार मिले बिजली

यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के चरम समय को देखते हुए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित शिड्यूल के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाए और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाए।

### लखनऊ में ट्रिपिंग पर विशेष नजर

राजधानी लखनऊ में बिजली व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. गोयल ने कहा कि राजधानी में ट्रिपिंग की स्थिति किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सतर्क रहते हुए निरंतर निगरानी करने को कहा गया है।

### दुर्घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस

यूपीपीसीएल ने विद्युत दुर्घटनाओं को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बिजली से जुड़ी किसी भी दुर्घटना को रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मामले में जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहेगी। गर्मी के बढ़ते प्रभाव के बीच सरकार की यह तैयारी उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ ही बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

# ऑफलाइन कार्य बंद, ई-ऑफिस व्यवस्था पर ही मिलेगा वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हरदोई के जिलाधिकारी ने जारी किया सख्त आदेश

**अमृत विचार :** राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी ई-ऑफिस व्यवस्था न स्थापित करने वालों पर शिकंजा कसने लगा है, बीते दिनों राज्य सरकार पुनः संबन्धित आदेश जारी करने के बाद हरदोई समेत कई जिलों में असर दिखने लगा है। हरदोई में जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली लागू न करने की स्थिति में वेतन निर्गत न करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग आदि कार्यालयों ने अमल शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी हरदोई का आदेश मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र के क्रम में जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि कई विभाग अभी भी ई-ऑफिस पर कार्य नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से ही पत्राचार और फाइलों का निस्तारण किया जाएगा। ऑफलाइन पत्रावलियों और पत्राचार को पूरी तरह से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं, सभी कर्मचारियों (चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालक को छोड़कर) को ई-ऑफिस पर मैप करना अनिवार्य किया गया है।

उक्त क्रम में सभी विभागाध्यक्षों को यह प्रमाणित करना होगा कि उनके कार्यालय के सभी कर्मचारी ई-ऑफिस पर कार्य कर रहे हैं। वेतन बिल के साथ संबंधित अधिकारियों को कोषागार में प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा। प्रमाण पत्र दिए बिना अगले माह का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय में फाइलों का आवागमन पूर्णतया ऑनलाइन हो चुका है, अन्य विभागों में भी व्यवस्था संचालित हो रही है।

# शिक्षकों की समस्याएं दूर होंगी: केशव

## यूटा प्रांतीय अधिवेशन में की शिक्षकों के योगदान की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक और विद्यालय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।



उप मुख्यमंत्री आगरा में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सरकारी विद्यालय संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में निजी व कॉन्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। केशव मौर्य ने बताया कि राज्य सरकार विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा और छात्रों के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। साथ ही शिक्षकों के सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अधिवेशन में यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने संगठन की गतिविधियों और शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला।

### डबल इंजन सरकार में बीमा क्षेत्र को मिल रही गति

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार में बीमा क्षेत्र को नई गति मिल रही है। वे आगरा में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारियों के संगठन के सम्मेलन में बोल रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने रविवार को एलआईसी को देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बताते हुए विकास अधिकारियों को इसकी रीढ़ कहा। उन्होंने जनधन, जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजनाओं के जरिए अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षा पहुंचाने पर जोर दिया। सम्मेलन में 600 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# मुगलों की प्रशंसा से बाहर नहीं निकलते अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख के बयान पर अनिल राजभर का पलटवार

**अमृत विचार:** जयपुर में अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान को लेकर योगी सरकार में मंत्री अनिल राजभर ने सपा प्रमुख पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश को उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों और संस्कृति की प्रशंसा करना नहीं आता।



रविवार को जारी बयान में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव जब प्रदेश से बाहर जाते हैं तो भी मुगलों की प्रशंसा करना नहीं छोड़ते। जयपुर में भी अखिलेश यादव को राजपूताना गौरव और इतिहास याद नहीं आया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।

अनिल राजभर ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की सोच प्रदेश को नेपाल और बांग्लादेश जैसा बनाने की है, जो प्रदेश के हित में नहीं है। यह भी कहा कि अखिलेश यादव ने कभी काशी में बाबा के दर्शन नहीं किए, लेकिन वहां की व्यवस्था पर सवाल उठाते रहते हैं।

बदलाव | योगी सरकार में विद्यालयों के आधारभूत ढांचे और सुविधाओं का तेजी से विस्तार

# केजीबीवी में छात्राओं को मिल रहीं आधुनिक सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) व्यवस्था का तेजी से कायाकल्प हो रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की सख्त निगरानी और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली के चलते ये विद्यालय अब सिर्फ आवासीय स्कूल नहीं, बल्कि आधुनिक और सुरक्षित शैक्षिक परिसरों के रूप में विकसित हो रहे हैं।

के अंतर्गत एकेडमिक हॉस्टल, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक जैसी सुविधाओं का बड़े पैमाने पर निर्माण किया गया




- रिक्त पदों की भर्ती, डिजिटल व आवासीय सुविधाओं से मजबूत हो रही व्यवस्था

है। बाराबंकी में 34, हरदोई में 33 और लखीमपुर खीरी में 27 निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। बरेली, गोंडा, देवरिया और लखनऊ सहित कई जिलों में भी निर्माण कार्य पूर्ण होकर हैंडओवर की प्रक्रिया में हैं।

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज की गई है। प्रयागराज, बलिया, उन्नाव और एटा जैसे जिलों में उच्च रिक्तियों को चिन्हित कर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। वहीं श्रावस्ती, रायबरेली, आजमगढ़ और ललितपुर जैसे जिलों में रिक्त पद शून्य होना प्रभावी मॉनिटरिंग का संकेत है।

विद्यालयों में छात्राओं की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रोटी मेकिंग मशीन, सोलर गीजर, जेनसेट और वाशिंग मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही ओपन जिम, फोक म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट और 'एक केजीबीवी-एक खेल' जैसी पहलें छात्राओं के समग्र विकास को बढ़ावा दे रही हैं।

### मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य भी तेज

भवनों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों में भी तेजी आई है। बलरामपुर में वर्ष 2025-26 के दौरान 80 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है, जबकि अन्य जिलों में भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की इस पहल से केजीबीवी अब बेटियों के लिए सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक शिक्षा केंद्र बनते जा रहे हैं, जो उन्हें बेहतर अवसर और सशक्त भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का मजबूत आधार प्रदान कर रहे हैं।

### 2.5 फीसद महिला वोटर कहां चली गईं : संजय

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश की मतदाता सूची पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की जनसंख्या में लगभग हर 100 लोगों में 52 पुरुष और 48 महिलाएं हैं, लेकिन मतदाता सूची में पुरुषों की हिस्सेदारी 54.54 से 55 प्रतिशत के बीच और महिलाओं की मात्र 45 से 45.64 प्रतिशत है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर यह लगभग ढाई से तीन प्रतिशत महिला मतदाता कहां चली गईं। आप सांसद ने यह भी पूछा कि क्या यह अंतर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से आने वाली महिलाओं से जुड़ा हुआ है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

# 49 बस स्टेशनों के कायाकल्प को फेज-2 परियोजना को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक व विश्वस्तरीय बस टर्मिनल, जल्द शुरू होगी निविदा की प्रक्रिया

**अमृत विचार :** प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की फेज-2 बस स्टेशन विकास परियोजना को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत प्रदेश के 49 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

योजना के तहत बस स्टेशनों को विश्वस्तरीय व बहुउद्देश्यीय टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित पार्किंग और वाणिज्यिक परिसरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना डीबीएफओटी (डिजाइन, बुल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट और ट्रांसफर) मॉडल पर आधारित होगी। इसमें निजी निवेश के जरिए विकास किया जाएगा, जबकि भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा।



दयाशंकर सिंह

रोजगार और विकास को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि इस पहल से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि योग्य डेवलपर्स के चयन के लिए जल्द ही पारदर्शी निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह परियोजना प्रदेश में आधुनिक परिवहन अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

### ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत की मतदाता सूची पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षणअभियान (एसआईआर) और जनगणना-2027 का असर है। एक बार फिर काम पूरा नहीं हो पाया। राज्य निर्वाचन आयोग ने अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को किया जाएगा। बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अभियान अगस्त 2025 में शुरू किया गया था। उम्मीद थी जनवरी तक सूची का प्रकाशन हो जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य भान ने बताया कि ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को किया जाएगा।

### जमीन कब्जा कराने की शिकायत

**बड़ागांव, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र में बभनियावां में तैनात लेखपाल व कानूनगो जमीन कब्जा करवाने में संलिप्त होने का अरोप खाताधारक प्रवेश कुमार निषाद, पूनम निषाद, जगजीवन निषाद ने लगाया है। शिकायत में कहा कि लेखपाल व कानून गो रौनाही-ड्योढ़ी संपर्क मार्ग से गांव को गई काली रोड से लगी लगभग एक बीघा इस कीमती जमीन को सूर्य प्रताप सिंह को कब्जा करवाने में संलिप्त हैं। बगैर सूचना के गाटा संख्या की नाप कराने लगे हैं। बात भी सुनते नहीं। एसडीएम सविता देवी ने बताया मामले की शिकायत पर टीम को भेजा गया था, रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

# 736 करोड़ रुपये का बजट पास, संतोष उपसभापति निर्वाचित

## नगर निगम बोर्ड की बैठक के दौरान छह नए सदस्यों को कार्यकारिणी में मिली जगह, मंडलायुक्त परिसर स्थित गांधी सभागार में हुआ आयोजन




नगर निगम सदन की बैठक में मौजूद महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव व अन्य। अमृत विचार



नए उपसभापति संतोष सिंह का स्वागत करते पार्षद सूर्या तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि अजय पांडेय व अन्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त परिसर स्थित गांधी सभागार में रविवार को आयोजित नगर निगम बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 736 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। इससे पहले कार्यकारिणी के छह नए सदस्यों का चुनाव किया गया। इन्होंने कार्यकारिणी के कार्यकाल पूरा कर चुके सदस्यों अनुज दास, सुल्तान अंसारी, उपसभापति राजेश गौड़, हरिशचंद्र अग्रहरि, अभिनव पांडे एवं गरिमा मौर्य का स्थान ग्रहण किया। कार्यकारिणी ने संतोष सिंह को नया उपसभापति चुना। उन्होंने वर्तमान उपसभापति राजेश गौड़ का स्थान ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक वेदप्रकाश गुप्त व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार मौजूद रहे।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सदन की बैठक में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भाजपा के संतोष सिंह, रामशंकर निषाद, गायत्री देवी एवं मनीषा यादव के नाम का प्रस्ताव नेता सदन बृजेन्द्र सिंह ने रखा। निर्दलीय विकास कुमार एवं आभा पांडेय के नाम का प्रस्ताव सूर्यकुमार तिवारी सूर्या ने रखा, जिसे सदन में सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इसी तरह संतोष सिंह को सर्वसम्मति से उपसभापति का दायित्व सौंपा गया। सचेतक अनुज दास, उप सचेतक अनूप कुमार एवं दीप कुमार को चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों एवं उपसभापति का सदन में करतल ध्वनि से स्वागत किया। महापौर, नगर आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों एवं पार्षदों ने माल्यार्पण कर बधाई दी। इसके बाद बजट को सदस्यों ने ध्वनिमत से पास किया। इस वित्तीय वर्ष में 735 करोड़ 66 लाख 35 हजार रुपये का प्रस्ताव रखा गया। प्रारंभिक अवशेष 121 करोड़ 55 लाख 63 हजार रुपये समेत कुल अनुमानित आय 798 करोड़ 81 लाख 98 हजार रुपये का आकलन किया गया। पार्षद अनुज दास ने बजट को सहमति से पास करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर नेता विपक्ष विशाल पाल समेत सभी सदस्यों ने मेज थपथपा कर किया।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीशम, उपसभापति राजेश गौड़, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, मुख्य अभियंता सिविल पुनीत ओझा, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल मौजूद रहे। संचालन मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने किया।

### शहीद कैप्टन शशांक के नाम से जाना जाएगा कल्याण मंडपम, प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव

चर्चा के दौरान पूर्व सभापति जयनारायण सिंह रिंकू ने रायबरेली रोड स्थित कल्याण मंडपम का नाम अमर शहीद कैप्टन शशांक तिवारी के नाम पर रखने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका समर्थन जयनारायण यादव सहित सभी पार्षदों ने किया। जयनारायण ने शहीद राजकुमार यादव के नाम पर किसी स्मारक का नामकरण करने का मुद्दा उठाया, जिस पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सहमति जताई। उन्होंने बताया कि अमर शहीद के सम्मान में प्रकाश एवं हैंडपंप का प्रबंध नगर निगम की ओर से कराया गया है।

### राम मनोहर लोहिया वार्ड के सपा पार्षद ने काटा हंगामा, लगाए गंभीर आरोप

राम मनोहर लोहिया वार्ड के सपा पार्षद राम भवन बीच बैठक में ही उठकर चले आए। उनकी मांग थी कि कार्यकारिणी में सपा पार्षद को भी स्थान दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि महापौर ने हमारी बात नहीं सुनी। यही नहीं उन्होंने सपा के पार्षदों को भी कोसा। नेता विपक्ष विशाल पाल पर भी टिप्पणियां की। कहा, सपा पार्षद भी महापौर के हाथों की कठपुतली हैं। बिक चुके हैं। कोई बोलना नहीं चाहता। मुझे यह बात बिल्कुल भी पसंद नहीं आई। मैं इसके लिए पार्टी नेतृत्व से बात करूंगा। उन्होंने कहा कि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता 12 बजे ही पहुंच गए, जबकि महापौर एक बजे बैठक में पहुंचे।

### मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण आज

नगर निगम के मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण सोमवार को सुबह 11:00 बजे सर्किट हाउस के सभागार में कराया जाएगा। इस बात की घोषणा सदन में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने की। उन्होंने सभी मनोनीत पार्षदों एवं महानगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को सूचना देने तथा शपथ ग्रहण की तैयारी को व्यवस्थित करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया।

**कूड़ा कलेक्शन करने वाली संस्था पर उठाया सवाल :** पार्षद विनय जायसवाल ने स्वच्छता के मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली संस्था की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा किया, जिसका समर्थन अंकित तिवारी समेत अन्य पार्षदों ने किया। सदन में पार्षद निधि निर्धारित करने का भी मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया।

बजट पर चर्चा में नेता सदन बृजेंद्र सिंह, नेता विपक्ष विशाल पाल, रामभवन यादव, निर्दलीय पार्षद दल के सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, वरिष्ठ पार्षद अनिल सिंह, चंदन सिंह, सुमन, मनीषा यादव, गरिमा मॉल अर्चना, अभिनव पांडे, अखिलेश पांडे, राशिद सलीम, मुकेश कुमार सहित कई पार्षदों ने हिस्सा लिया।

# 542 कॉलेजों में गत वर्ष की अपेक्षा 4 लाख दाखिले कम

## चिंताजनक: राजकीय व अशासकीय समेत अन्य महाविद्यालयों में घट रही छात्रों की संख्या

- उच्च शिक्षा विभाग चिंतित परिषदीय विद्यालयों की तर्ज पर प्रवेश उत्सव

अयोध्या कार्यालय




**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 542 महाविद्यालयों में छात्रों की घटती संख्या को लेकर अब परिषदीय विद्यालयों की तर्ज पर प्रवेश उत्सव मनाए जाने के लिए निर्देश उच्च शिक्षा विभाग की ओर से दिए गए हैं। गत वर्ष के मुकाबले चार लाख कम छात्रों के प्रवेश को लेकर सभी तरह के महाविद्यालयों को अब विद्यार्थी आमंत्रण योजना को लागू करना होगा। इसे लेकर उच्च शिक्षा निदेशक डॉ बिन्द्रावन लाल शर्मा की ओर से महाविद्यालयों को सख्त निर्देश देते हुए अवध विश्वविद्यालय को मानीटरिंग के लिए कहा गया है। विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों की घटती संख्या उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए घातक और विचारणीय है।

राजकीय और सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में छात्र संख्या चिंताजनक रूप से घट रही है। उच्च शिक्षा निदेशक ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित महाविद्यालयों को पत्र लिखकर छात्र संख्या में हर हाल में बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया है।

मंडल के 16 राजकीय महाविद्यालयों और 330 अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों समेत कुल महाविद्यालयों में परंपरागत पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी, बीकॉम आदि में सत्र 2025-26 में लगभग 22 लाख छात्र-छात्राओं ने दाखिला लिया, जो पिछले सत्र की तुलना में करीब 4 लाख कम है। कुछ राजकीय महाविद्यालयों में तो छात्र संख्या 50 से भी कम रह गई है, जबकि कई सहायता प्राप्त संस्थानों में भी स्थिति निराशाजनक है। इस कमी के पीछे निजी महाविद्यालयों की ओर छात्रों का रुझान, बेहतर सुविधाओं की तलाश और जागरूकता की कमी जैसे कारण बताए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा निदेशक ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि वे स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें और छात्रों को आकर्षित करने के लिए प्रवेश उत्सव आयोजित करें। इसके तहत काउंसलिंग शिविर, करियर गाइडेंस सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अभिभावक-शिक्षक बैठकें आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। निदेशक ने स्पष्ट किया कि छात्र संख्या बढ़ाने में प्राचार्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है और इसकी समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी।

> उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जानकारी मिली है। महाविद्यालयों को भी सचेत किया जा रहा है। शीघ्र ही प्राचार्यों की एक बैठक भी बुलाई जा रही है।
> –विनय कुमार सिंह, कुलसचिव

### ‘मिशन शक्ति फेज-5’ के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**कुमारगंज, अयोध्या :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे ‘ ’मिशन शक्ति फेज-5’ ’ के द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को थाना कुमारगंज पुलिस ने क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाकर हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी। थाना कुमारगंज के उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम भरत का पुरवा बलारमऊ में चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान टीम में शामिल हेड कांस्टेबल विवेक त्रिपाठी, महिला आरक्षी संध्या दीक्षित और महिला पीआरडी सुनीता देवी ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**कुमारगंज, अयोध्या :** खंडासा थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई। युवक गेहूं की मड़ाई करने के बाद ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। तभी पंचायत भवन के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा पलटा। हादसे में युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पहुंचाया, जहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान धुर्वेंद्र कुमार सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम कंदई कला, थाना खंडासा के रूप में हुई है।

## अयोध्या में रामपथ के निकट बिजली डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में लगी आग

**अयोध्या कार्यालय:** रामनगरी में रामपथ के निकट हनुमानगढ़ी की ओर जाने वाली एक गली में रविवार दोपहर बाद पावर कार्पोरेशन के डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में अचानक भीषण आग लग गई। हालांकि घटना को लेकर कोई जनहानि या अप्रिय घटना नहीं घटी। पावर कार्पोरेशन ने तत्काल आपूर्ति बंद कर मरम्मत शुरु करा दी है।

जानकारी के अनुसार कई दिनों से इस डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में खराबी की शिकायतें बिजली विभाग को की जा रही थीं, लेकिन विभाग की ओर से कोई मरम्मत नहीं कराई गई। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने पावर कॉरपोरेशन की भारी लापरवाही का आरोप लगाया है। राम मंदिर आने वाले श्रद्धालु और आसपास की दुकानें भी कुछ देर के लिए प्रभावित हुईं। बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है।



डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में लगी आग।

इस मामले में अवर अभियन्ता निर्मोचन घाट हरीश यादव ने बताया कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी बाक्स को नुकसान हुआ है। इससे कोई प्रभावित नहीं हुआ। मात्र आठ दस घरों की आपूर्ति बाधित हुई। उन्होंने बताया कि बाक्स की मरम्मत कराई जा रही है।

# जब रामनगरी में बरसने लगे पांच सौ के नोट

- पुराने सरयू पुल पर खड़ी एक कार से 50 हजार रुपये निकाल बंदरों का झुंड चढ़ा पेड़ पर
- पीएसी के आरक्षी ने तत्परता दिखाते हुए एकत्र किए रुपये श्रद्धालु को लौटाया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी के पुराने सरयू पुल के पास शनिवार की शाम उस समय अफरा तफरी की स्थिति हो गई, जब आसमान से पांच-पांच सौ के नोट बरसने लगे। ऊपर देखा तो पेड़ पर एक बंदर नोटों से भरा बैग लेकर बैठा था। यह देख वहां मौजूद पीएसी के एक सिपाही ने तत्परता दिखाते हुए नोटों को एकत्र किया। कुछ नोट तेज हवा के चलते उड़ गए थे। उन्हें भी बटोरा।

42वीं वाहिनी पीएसी नैनी, प्रयागराज की ‘सी’ कंपनी का शिविर वर्तमान में अयोध्या के मणिपर्वत क्षेत्र में लगा हुआ है। इसमें तैनात जवानों की ड्यूटी पुराने सरयू पुल ड्यूटी पॉइंट पर है। शनिवार की शाम वहां खड़ी एक कार की शीशा खुला हुआ था। कार सवार सरयू नदी में स्नान व पूजन को गए थे।



श्रद्धालु को पैसा वापस करता पीएससी जवान।

इस दौरान बंदरों के एक झुंड ने कार के भीतर बैग को खाने की वस्तु समझकर निकाल लिया व पास ही लगे एक पेड़ पर चढ़ गए। बंदरों ने बैग को दांत से काट डाला तो उसमें रखे पांच-पांच सौ के नोट नीचे गिरने लगे। यह देख मौके पर तैनात पीएसी के आरक्षी अरविंद शिवहरे ने तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए सड़क पर बिखर रहे नोटों को तुरंत एकत्र किया। साथ हवा में उड़े नोटों को भी एकत्र किया। रुपयों का जब गिना तो वह 50 हजार रुपये थे। कुछ ही देर में उक्त कार सवार वहां पहुंचे तो आरक्षी ने पूछताछ करने के बाद पूरी राशि उन्हें सौंप दी। आरक्षी की इस ईमानदारी और सजगता की कार मालिक समेत वहां मौजूद जनमानस ने सराहना की।

# आग से 58 बीघा गेहूं की फसल जली, 10 परिवार बेघर

- महराजगंज, इनायतनगर तथा रुदौली के तीन गांवों में अग्निकांड

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को कई स्थानों पर आग लगने से करीब 58 बीघा गेहूं की फसल जल गई। इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ईंट गांव में आग लगने से 10 परिवारों की गृहस्थी का सामान जल गया, जिससे लाखों रुपये की क्षति का अनुमान है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की शुरुआत गांव निवासी राम शंकर के छप्पर से हुई। देखते ही देखते धुएं का गुबार और आग की तेज लपटें उठने लगीं। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के छप्परों को अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में राम सुमेर, राजकुमार, चंद्रभान, नईम धोबी, वीरेंद्र, रामनाथ और सावित्री सहित कई परिवारों के आशियानें जल गए। वहीं अली राजा के घर में रखा अनाज, भूसा, साइकिल और अन्य घरेलू सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। दमकल टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने क्षति का आकलन किया है। तहसील रुदौली के ग्राम चंद्रामऊ में आग की चपेट में आकर पचास बीघा गेहूं जल गया। रविवार की दोपहर खेत में अचानक ग्रामीणों को आग की लपट दिखाई पड़ी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलते हुए गेहूं की खड़ी लगभग पचास बीघा में फसल को चपेट में ले लिया। फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया। एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि लेखपाल को नुकसान के आकलन के निर्देश दिए गए हैं। महराजगंज थाना क्षेत्र के मयाभीखी गांव के सीवान में रविवार दोपहर अचानक लगी आग से चार किसानों के पांच बीघा गेहूं की फसल जल गई। दोपहर लगभग डेढ़ बजे गांव निवासी कृपा शंकर तिवारी के खेत में मशीन से गेहूं की कटाई हो रही थी, तभी खेत के एक कोने में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते शिवशंकर, प्रेम शंकर, गौरी शंकर व सुशीला देवी की लगभग पांच बीघे गेंहू की फसल को आगोश में ले लिया। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि लेखपाल को सूचना दी गई है। थाना इनायतनगर पुलिस चौकी शाहगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकीमपुर पहाड़पुर मजरा टेडवा के बाहर खेत के पास शनिवार रात करीब 10 बजे पास 11 हजार विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगने से गुड्डा पत्नी राजेश, निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर की लगभग तीन बीघा कटी हुई गेहूं की फसल जल गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। चौकी प्रभारी शाहगंज राममूर्ति कनौजिया के अनुसार, घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



आग से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

तैयारी — 1500 श्रद्धालुओं को मिलेगा संपूर्ण दर्शन का मौका, एक पास में जुड़ेंगे पांच सदस्यों के नाम

# राम जन्मभूमि के 14 उप मंदिरों में आज से मिलेगा दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम जन्मभूमि परिसर में बने संपूर्ण उप मंदिरों को दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया है। सोमवार से राम मंदिर परिसर में आने वाले 1500 पास धारक परिसर का भ्रमण करेंगे। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन शिफ्ट में 500-500 के स्लॉट में दर्शन कराने की अनुमति दी हैं।

श्रीराम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भूतल में विराजमान रामलला, प्रथम तल पर राम दरबार में दर्शन होने के बाद परकोटा कारिडोर और उसमें स्थापित भगवान गणेश, हनुमानजी, भगवान सूर्य, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा देवी, भगवान शिव के दर्शन प्राप्त के बाद परकोटा के बाहर शेषावतार मंदिर, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वशिष्ठ, शबरी, निषादराज व अहिल्या देवी के बाद अंत में कुबेर टीला पर कुबेश्वर महादेव, जटायु और अंगद टीला पर गिलहरी की प्रतिमा को देखने का अवसर प्राप्त होगा।



राम जन्मभूमि परिसर में स्थित सप्त ऋषियों के मंदिर। अमृत विचार

श्री राम मंदिर ट्रस्ट के विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि दर्शन के लिए एक परिवार के अधिकतम 5 लोगों का ही पास बनेगा। ऑनलाइन आवेदन में फोटो अनिवार्य होगी और सभी श्रद्धालुओं को आधार कार्ड साथ लाना होगा। पास 2-2 घंटे के स्लॉट में जारी किए जाएंगे।

### अभी एक वर्ष चलेगा राम कथा संग्रहालय का निर्माण

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू के तट पर निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय के संपूर्ण निर्माण में अभी एक वर्ष का समय और लगेगा, जिसमें अत्याधुनिक 20 गैलरी बनाई जा रही है, जिसे एडवांस टेक्नोलॉजी के तहत तैयार किए जाने पर अंतिम निर्णय के लिए विचार किया जा रहा है। रविवार को मंदिर निर्माण समिति के अंतिम दिन की बैठक सर्किट हाउस के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में म्यूजियम के तैयार किए जाने वाले एजेंसियों ने योजना के प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति दी। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि जून में निर्माण समिति का सभी कार्य समाप्त हो जाएगा। जो भी निर्माण एजेंसी है वह वापस जाएगी। राम मंदिर परिसर में एक मात्र ऑडिटोरियम और सरयू के तट पर अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय का निर्माण कार्य चलेगा। जो लगभग एक वर्ष चलता रहेगा।

## उधार शराब को लेकर बवाल

**सोहावल, अयोध्या:** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुचित्तागंज बाजार क्षेत्र के संजयगंज बाजार स्थित अंग्रेजी शराब की कंपोजिट दुकान पर सेल्समैन से उधार शराब की मांग करने को लेकर उठे बवाल के बाद ग्राहक ने दुकान पर तांडव मचाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। शुक्रवार की देर शाम अर्थर गांव निवासी अनुराग सिंह, खम्हरिया निवासी रोहित सिंह ने शराब की दुकान के सेल्समैन से एक बोतल अंग्रेजी शराब की उधार मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर ठेके पर उत्पात मचाया और चले गए।



रोता-बिलखता मृतक का परिवार। अमृत विचार

### मजरे बारी में मातम, परिजनों को शव का इंतजार

**शुजागंज, अयोध्या :** रुदौली क्षेत्र के परसन पुरवा मजरे बारी में इन दिनों मातम पसरा है। गांव का हर रास्ता, हर आंगन एक ही दर्द की कहानी बयां कर रहा है। यहां के निवासी सुरेंद्र कुमार लोधी (पुत्र रामदेव लोधी) की सऊदी अरब में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। सुरेंद्र रोज़गार के लिए अपने सपनों को साकार करने विदेश गए थे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि उनका सफर इस तरह अचानक और दर्दनाक तरीके से खत्म हो जाएगा। करीब दस दिन पहले परिवार को फोन और मैसेज के जरिए उनके निधन की सूचना मिली। इस खबर के आते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में मौत का कारण फांसी बताया जा रहा है, लेकिन परिस्थितियां अब भी स्पष्ट नहीं हैं। यही वजह है कि परिवार और ग्रामीण इस पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग कर रहे हैं। पिता रामदेव लोधी और उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे मार्मिक बात यह है कि बेटे के गम में पिछले कई दिनों से घर में चूल्हा तक नहीं जला है।

# अगर सुसाइड नोट मिला तो क्यों छिपा रही पुलिस

## दंपत्ति व नवजात की मौत का मामला, पुलिस के अनुसार सुसाइड नोट में लिखा पारिवारिक और दहेज उत्पीड़न की बात

अमृत विचार Follow UP

● मां ने मुकदमा भी लिखाया, तो विरोध में क्यों खड़ी हो गई बेटी

अयोध्या कार्यालय



मृतक शिवानंद व संजू। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के करेरू गांव में हुई दंपत्ति व नवजात की मौत के मामले में पुलिस पत्नी के पास से एक सुसाइड नोट मिलने की बात कह रही है। सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसे बताने में कतरा रही है। पूछे जाने पर सिर्फ इतना कह रही कि इसमें उसने पारिवारिक व दहेज उत्पीड़न की बात लिखी है। मां द्वारा लिखाए गए मुकदमे में भी इसका जिक्र है। अब यहां प्रश्न उठता है कि अगर ऐसा था तो अब मुकदमे में सुलह समझौता की बात क्यों हो रही?

ध्यान रहे कि 9 अप्रैल की रात करीब सात बजे थाना रौनाही के करेरू गांव में स्थित देवराकोट रेलवे स्टेशन के पास रेल ट्रैक पर एक महिला का क्षत विक्षत शव मिला। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने जांच की तो मौके पर एक टूटा मोबाइल, 130 रुपये व एक शॉल बरामद हुआ। पीआरवी के जवान ने टूटे मोबाइल में लगे सिम को अपने फोन में लगाकर देखा तो टू कॉलर के माध्यम से मृतका की पहचान संजू पत्नी शिवानंद निवासी करेरू के रूप में हुई। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मृतका का करीब 22 दिन का एक बच्चा भी है, तो घटनास्थल के आसपास झाड़ियों में उसकी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं, जब ग्रामीण इसकी सूचना देने मृतका के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था व अंदर से बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। इसके बाद पीआरवी ने थाना रौनाही पुलिस को सूचना दी।

इस क्राइम मिस्ट्री में करीब दो घंटे बाद करीब नौ बजे थाना रौनाही पुलिस की एंट्री होती है। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी लालचंद सरोज व उनकी टीम ने जब घर का ताला तोड़ा तो उनके होश उड़ गए। अंदर जमीन पर पति शिवानंद का रक्त रंजित शव पड़ा था, जबकि नवजात बेड पर रो रहा था। पुलिस ने इस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व नवजात को परिवार के हवाले कर दिया। जिसकी दूसरे दिन सुबह मौत हो गई। घटना स्थल के पास मिले रक्त रंजित हथौड़े के आधार पर पुलिस ने अनुमान लगाया कि पत्नी ने पति की हत्या कर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

वहीं, रेल ट्रैक पर महिला का शव मिलने की सूचना पर सैकड़ों लोग पहुंच गए थे। उनकी मौजूदगी में पीआरवी को घटनास्थल पर सिर्फ टूटा मोबाइल, 130 रुपये व एक शॉल मिला था। जबकि घटना के दूसरे दिन सुबह पुलिस ने मीडियाकर्मियों को एक सुसाइड नोट भी मिलने की बात बताई गई। पुलिस के अनुसार यह सुसाइड नोट पोस्टमार्टम के दौरान उसके पास से मिला। जो फिंगर एक्सपर्ट के पास सुरक्षित है। इसमें मृतका ने पारिवारिक उत्पीड़न से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात कही थी। इस सुसाइड नोट में पत्नी की हत्या व नवजात का गला दबाने जैसी बात लिखी है कि इसका जवाब पुलिस क्यों नहीं दे रही है, यह बात समझ से परे है।

**सोते समय पति की हत्या करने का अंदेशा:** घटनास्थल की जांच में पति का शव बेड के नीचे फर्श पर मिला था, जबकि नवजात बेड पर था। घटना के समय लाइट भी नहीं थी व गर्मी भी बहुत थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना के समय पति शिवानंद पासी गर्मी के चलते फर्श पर ही सो रहा था। पत्नी संजू ने सोते समय ही उस पर हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी। संभावना यह भी है कि इसके बाद उसने नवजात का भी गला दबाने का प्रयास किया हो। फिलहाल दो हत्या व एक आत्महत्या के इस केस में घटना की तह तक जाना पुलिस के चुनौती बनीं हुई है। दोनों परिवार के लोग इसका जवाब भी चाहते हैं लेकिन उन्हें चिंता भी है कि कहीं हत्या व आत्महत्या का राज कहीं गहरे रहस्य में दफन न हो जाए।

### दहेज उत्पीड़न के मुकदमा के विरोध में बेटी सुसाइड नोट की सच्चाई पर प्रश्न चिह्न

मामले में मृतका पत्नी की मां सुमित्रा ने मृतक दामाद के भाइयों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने बड़े भाई अवधेश व छोटे भाई सदानंद को हिरासत में भी लिया है। अब हालात यह है कि मृतक संजू की बहन मंजू अपनी मां के खिलाफ खड़ी हो गई है। हालांकि उसका कहना है कि जब बहन ही इस दुनिया में नहीं रही तो मुकदमा का कोई मतलब नहीं है। सूत्रों के अनुसार मंजू दहेज उत्पीड़न आदि की बात को गलत मान रही है। यदि यह सच है तो सुसाइड नोट की सच्चाई पर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं। वहीं सूत्र यह भी बताते हैं कि पति की हत्या करने के बाद आत्महत्या करने से पहले संजू ने अपनी मां से बात की थी, वह घटना बताते हुए आत्महत्या करने के लिए जाने की बात कही थी। दूसरी एक बात और सामने आ रही है कि पति शिवानंद ने अपने मोबाइल में अपनी ससुराल पक्ष के लोगों के नंबर को ब्लाक कर रखा था। इसका क्या राज है, यह कॉल डिटेल आने पर ही पता चलेगा। रौनाही थाना लालचंद ने बताया कि दोनों पक्षों में सुलह समझौते का प्रयास चल रहा है। संजू की मां सुमित्रा और मृतक के परिजन समझौते के लिए थाने आए थे। क्षेत्राधिकारी के अवकाश पर होने के कारण दोनों पक्षों की बात नहीं हो पाई।

### नवजात को समय पर मिलता इलाज तो बच सकती थी जान

नवजात की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार नवजात की मौत गला घुटने की वजह से हुई। उसके गले पर नीले निशान भी मिले थे। चिकित्सकों का मानना है कि कई मामलों में गला दबाने के बाद तुरंत मौत नहीं होती। सांस लेने में रुकावट और अंदरूनी प्रभाव से कुछ देर बाद हो जाती है। वहीं, इस रिपोर्ट ने पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। यहां प्रश्न उठता है कि जब नवजात बंद कमरे में मिला था व उसके गले पर निशान थे तो कोतवाल सरोज ने उसे तत्काल चिकित्सकीय सहायता क्यों नहीं उपलब्ध कराए बिना ही उसे मृतका की जेठानी के हवाले क्यों कर दिया। इसका जवाब पुलिस अधिकारियों के पास नहीं है।


पति की हथौड़े से हत्या कर पत्नी ने ट्रेन के आगे कूद की आत्महत्या
थाना रौनाही अंर्तगत करेरू गांव की घटना, पति व 22 माह के दुधमुंहे बच्चे को घर में किया था बंद, बच्चे ने भी तोड़ा दम
पत्नी के पास से मिला सुसाइड नोट, जिसमें पति व ससुरालवालों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप
घर जाने पर देवर की मौत का पता चला

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

## मेले से 61 मरीज हुए रेफर

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में 71 चिकित्सकों और 214 पैरामेडिकल स्टाफ ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। बड़ी संख्या में आए लोगों को जांच, उपचार और परामर्श का लाभ मिला। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि मेले में कुल 508 मरीजों ने उपचार प्राप्त किया, जिनमें 242 पुरुष, 224 महिलाएं और 42 बच्चे शामिल रहे। स्वास्थ्य मेले में 53 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए, जबकि 127 मरीजों की हेल्प डेस्क पर स्क्रीनिंग की गई। मेले में बुखार (97), सांस (70), पेट (156), शुगर (131), चर्म रोग (111), आंख (27) सहित कई बीमारियों के मरीजों का इलाज किया गया। इसके अलावा 20 टीबी संदिग्ध, 26 एनीमिया, 39 उच्च रक्तचाप और 63 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। मेले के दौरान 61 मरीजों को बेहतर उपचार के लिए उच्च केंद्रों पर रेफर किया गया।

## बैठकः नारी शक्ति व जयंती कार्यक्रम का रोडमैप तैयार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भाजपा से आंबेडकर जयंती व नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत शहर में लोगों के जुटान की तैयारी पर चर्चा की गई। 17 अप्रैल को आंबेडकर जयंती अभियान व नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत पूरा बाजार ब्लॉक मैदान में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन होगा। पार्टी कार्यालय सहादतगंज में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने अभियान संयोजकों संग बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बताया अभियान के तहत टाउन हॉल मीटिंग, नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, हस्ताक्षर अभियान और मिस्ड कॉल के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाएगा। महिलाओं से अधिनियम पर लेखन, बाइक व स्कूटी रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी, नारी शक्ति मार्च और विजय मार्च जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। 13 अप्रैल को महानगर के 17 स्थानों पर स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं एवं परिसरों में स्वच्छता अभियान, माल्यार्पण और दीपदान कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर महानगर के सभी 419 बूथों पर पदाधिकारी संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे। 15 एवं 16 अप्रैल को अनुसूचित बस्तियों में घर-घर संपर्क व संवाद अभियान चलाया जाएगा। मीडिया प्रभारी अमित मिश्र ने बताया कि सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए अलग-अलग संयोजक नियुक्त किए गए हैं। उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## प्री-स्टेट शूटिंग स्पर्धा आज से, जुटेंगे तीरंदाज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उप्र स्टेट राइफल एसोसिएशन के निर्देशन में जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में यूपी प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता का सोमवार को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में समारोहपूर्वक आगाज होगा। जिला राइफल क्लब के कोच व आयोजन सचिव शनि वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय व विशिष्ट अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, करण भूषण सिंह, कमलेश श्रीवास्तव शामिल होंगे। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से सैकड़ों खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जिससे यह आयोजन अत्यंत भव्य व प्रतिस्पर्धात्मक होगा। सोमवार को शुरू होने वाली चार दिवसीय प्रतियोगिता का 16 अप्रैल को समापन होगा। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल व एयर राइफल की विभिन्न आयु वर्गों के साथ विभिन्न कैटेगरी में स्पर्धा होगी। इस प्रतियोगिता को क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी ही स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है।

## भाजपा नेता को गोली मारने वाले 7 आरोपियों पर गैंगस्टर

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या के एक बहुचर्चित कांड के सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ध्यान रहे कि वर्ष 2025 में वासंतिक नवरात्र में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान भाजपा आलोक सिंह को गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया गया था। मामले में पुलिस ने उनके भाई बृजेश सिंह की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। वर्तमान में सभी आरोपी जेल में निरुद्ध हैं। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि सभी आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अपराध करते हैं। जिला मजिस्ट्रेट की संस्तुति पर तीन सगे भाई मोहित पांडेय, धीरज पांडेय, धर्मवीर पांडेय निवासी लवकुशनगर, पवन यादव निवासी माझा बरहटा, सूरज निषाद निवासी रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन, अताउल्ला शाह निवासी हैबतपुर व श्रवण निषाद निवासी कनीगंज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## कूड़ा डंपिंग का आरोप, समाजसेवी ने की शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर निगम क्षेत्र के जय प्रकाश नारायण वार्ड से एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने स्वच्छता व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि वार्ड में स्थित एक सार्वजनिक तालाब में पिछले कई वर्षों से लगातार कूड़ा डंप कराया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सावंत ने आवाज उठाई है। सावंत के अनुसार, तालाब को धीरे-धीरे पाटने का प्रयास किया जा रहा है, जो पर्यावरणीय नियमों और स्वच्छ भारत मिशन की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन है।

## कृष्ण की बाल लीलाओं ने कराया वृंदावन का एहसास

अयोध्या कार्यालय



भागवत कथा में व्यास आचार्य रमोज जी का पूजन-अर्चन करते मुख्य यजमान ओम प्रकाश पांडेय।

**अमृत विचार :** बेनीगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को श्रीकृष्ण की नटखट बाल लीलाएं सुनकर भक्त वृन्दावन की गलियों के साक्षात का अनुभव करते रहे। कथा व्यास अयोध्या धाम के आचार्य रमोज जी वत्स महाराज ने देवकी नन्दन कृष्ण की बाल लीलाओं का रोचक वर्णन कर भक्तों को खूब आनन्दित किया। मैया यशोदा के स्नेह, नंद बाबा के वात्सल्य, गोपियों के साथ कान्हा की अठखेलियां, माखन चोरी की मधुर झलकियों ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। आचार्य रमोज जी ने गोवर्धन पूजन की महिमा बताते हुए कहा कृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया और इस बीच प्रतिदिन आठ पहर भोजन करने वाले कृष्ण ने कुछ भी खाया पिया नहीं। आठवें दिन मैया यशोदा ने अपने लल्ला के लिए सात दिन का आठ पहर के के हिसाब से छप्पन प्रकार के पकवान बनाए और एक साथ छप्पन भोग अर्पित किया। तभी से भगवान को छप्पन भोग अर्पित करने की परंपरा शुरू हुई। मुख्य यजमान कथा परीक्षित ओम प्रकाश पांडेय, पवन पाण्डेय व श्वेता पाण्डेय ने भागवत भगवान, नटखट गोपाल नंदलाल व व्यास आचार्य रमोज जी का पूजन-अर्चन किया। भगवान गोवर्धन पूजा की महिमा का श्रवण कर अरुण शुक्ला सपत्नीक, उमा त्रिपाठी, शशांक दुबे, शेखर तिवारी, सौरभ शर्मा, आरती, हरीश उपाध्याय सहित सैकड़ों भक्त उस दिव्य रस के आनंद में भाव विभोर हो गए।

टिप्पणी

कानपुर से आए आईएमए के 50 चिकित्सकों का ट्रस्ट ने किया स्वागत

# स्वाभिमान को चोट पहुंचने को बनाया था तीन गुंबदों का ढांचा : चंपत राय

अयोध्या कार्यालय



राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात करते हुए कानपुर से आए डॉक्टरों का दल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विदेशी आक्रांता के कहने पर हमारे स्वाभिमान को चोट पहुंचाने के लिए राम जन्म स्थान पर बने मंदिर को ध्वस्त कर तीन गुंबदों का ढांचा खड़ा किया गया। यह बात राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कही। श्री रामलला के दर्शन करने पहुंचे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर के 50 सदस्यीय डॉक्टरों का श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वागत किया। जहां एक होटल में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या और मंदिर के इतिहास से रूबरू कराया।

महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या अति प्राचीन नगर होने के साथ मोक्षदायिनी भी है। राम से जुड़ाव के अलावा बहुत कम लोग ही जानते हैं कि यह नगर अधिकांश हिन्दू परंपराओं के प्रणेताओं का केंद्र रहा है। बताया कि श्रीराम जन्मभूमि का वास्तविक विवाद क्या था। यह सामान्य 1450 वर्ग मीटर भूमि के टुकड़े का विवाद नहीं था। यह हमारे स्वाभिमान और गौरव की लड़ाई थी। 1935 तक हुए संघर्षों के बाद 1949 से न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया की लड़ाई छिड़ गई। हिन्दू समाज का कहना था कि एक विदेशी आक्रांता के कहने पर हमारे स्वाभिमान को चोट पहुंचाने के लिए मंदिर जन्म स्थान ध्वस्त कर तीन गुंबदों का ढांचा खड़ा किया गया। मुस्लिम पक्ष का दावा था कि बाबर ने अपनी सेना को नमाज पढ़ने के लिए बंजर भूमि पर तीन गुंबदों वाली मस्जिद का निर्माण कराया। न्यायालय ने यही तलाशा कि 1528 में वहां कुछ था या नहीं। वहीं से हिन्दू समाज की जीत का मार्ग प्रशस्त हुआ। क्योंकि हम सही थे। राम मंदिर के यह सूक्ष्म तथ्यों की जानकारी को डॉक्टरों का दल जिज्ञासा से शांतचित्त होकर सुनता रहा। उन्होंने बताया कि यहां अधिकांश मंदिर राम के हैं। अन्य परंपराओं में गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध, जैन परंपरा के तीर्थंकरों की यह धरती है। इसके पूर्व डॉक्टरों के दल ने श्रीराम जन्मभूमि सहित हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन आदि मंदिरों के दर्शन किए व मां सरयू की आरती में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वीसी रस्तोगी ने किया। वहीं आईएमए अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने चंपतराय का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य रूप से डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. वीएस शर्मा, डॉ. संजीव कक्कड़, डॉ. ओपी पाठक, डॉ. श्रुति भूटानी, डॉ. आलोक गहलौत, डॉ. एके गुप्ता, डॉ. सुशांत लूथरा, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. कुणाल सहाय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सपा के पूर्व प्रदेश सचिव ने दी सहायता



रुदौली में पीड़ित परिवार से मिलते जिपं सदस्य मोहम्मद अली। अमृत विचार

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** तहसील रुदौली के ग्राम अशरफपुर गांव में कुएं में गिरने से मृतक 50 वर्षीय राम सजीवन रावत के परिजनों से मिलकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली ने आर्थिक सहायता प्रदान की और शोक संवेदना जताई। सपा नेता अबसार उर्फ मुशीर अहमद, रेहान खान मवई ब्लॉक अध्यक्ष, राजितराम रावत जिला सचिव, पिंटू वर्मा जिला सचिव पिछड़ा वर्ग सभा, हाफिज रसीदुउल्लाह विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, पूर्व प्रधान राम प्रताप यादव और क्षेत्र पंचायत सदस्य दुर्गेश लोधी आदि मौजूद रहे।

### डंपर की चपेट में आने से मासूम की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत तिहुरा माझा इलाके में रविवार की शाम करीब पांच बजे बालू लदे डंपर की चपेट में आने से चार साल के मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान आयुष पुत्र वीरेंद्र यादव के रूप में हुई। वहीं, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डंपर को पकड़ लिया, लेकिन चालक फरार हो गया। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि वह घटनास्थल पर है। जांच की जा रही है।

### पिता-पुत्र सहित तीन के विरुद्ध केस दर्ज

**बीकापुर, अयोध्या :** कोतवाली बीकापुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पिता पुत्र सहित तीन के विरुद्ध छिनैती, मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। वन खोदवा जोहन निवासी जयराम (73) ने अपनी तहरीर में बताया कि गांव निवासी लल्लन से पुरानी रंजिश व मुकदमेबाजी चली आ रही है। 9 जुलाई 2025 को शाम करीब 7 बजे वह चौरे बाजार से साइकिल पर घर आ रहे थे। गांव के करीब पहुंचने पर रास्ते में लल्लन व उसके पुत्रों ने उन्हें मारा पीटा तथा उनकी जेब में रखा 1000 रुपया भी छीन लिया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर लल्लन उनके पुत्र रंजीत तथा अमरजीत के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### पूर्व सैनिक का निधन, अंतिम संस्कार आज



**अयोध्या, अमृत विचार :** सेना के सेवानिवृत्त हवलदार त्रिलोकी नाथ का लंबी बीमारी के बाद रविवार की सुबह निधन हो गया। वह अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सक्रिय सदस्य भी थे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक ने बताया कि पूर्व सैनिक हवलदार त्रिलोकीनाथ पुत्र स्व. बीएन तिवारी निवासी डला का पुरवा पोस्ट खंडासा, अयोध्या का पिछले लगभग नौ साल से लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में सेना और सिविल अस्पतालों में डायलिसिस चल रही थी। 77 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 13 अप्रैल को 11 बजे सुबह उनके पैतृक निवास डला का पुरवा में किया जाएगा।

### जेडी कृषि की मौजूदगी में की गई क्रॉप कटिंग



सलारपुर में क्रॉप कटिंग का निरीक्षण करती संयुक्त निदेशक कृषि प्रियंका कुमारी।

**बड़ागांव, अमृत विचार :** संयुक्त निदेशक कृषि भारत सरकार प्रियंका कुमारी ने रविवार को सोहावल तहसील के सलारपुर ग्राम पंचायत में गेंहू की क्रॉप कटिंग का जायजा मौके लिया। संयुक्त निदेशक की मौजूदगी में क्रॉप कटिंग की शुरुआत की गई। संयुक्त निदेशक ने मौजूद किसानों से मुलाकात की। मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया। लेखपाल संघ अध्यक्ष सुशील कुमार, तरुण मिश्रा,विजय निषाद, क्षेत्रीय लेखपाल राहुल यादव, राजस्व निरीक्षक ध्रुवराज यादव, एडीओ( एजी) सुभाष शुक्ला, जिला अपर सांख्यकी अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, मंडलीय सांख्यिकी अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 1400 स्कूल व 38 स्कूल वाहन हुए ऑनबोर्ड

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में स्कूलों और उनके वाहनों के ऑनबोर्डिंग अभियान के तहत रविवार को संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आयोजित शिविर में 1400 स्कूलों व 38 स्कूली वाहनों को ऑनबोर्ड किया गया। इसके अलावा 16 वाहनों का ऑनलाइन निरीक्षण भी किया गया। एआरटीओ डॉ आरपी सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्कूल वाहनों की निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित हो सके। बताया कि 15 अप्रैल तक सभी स्कूल वाहनों का ऑनबोर्डिंग अनिवार्य है। लापरवाही या शिथिलता बरतने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगा।

### कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोसाईगंज कोतवाली में समाधान दिवस के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा की गई। इसमें लंबित मुकदमों, पेंडिंग प्रार्थना पत्रों और हाल के अपराधों की समीक्षा की गई। लंबित मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निस्तारण के निर्देश दिए गए। कहा गया कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए गए। थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला, एसएसआई वीरेंद्र कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मी बैठक में मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 52 लोगों की जांच

**बीकापुर, अयोध्या :** विकासखंड बीकापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। दोनों जगहों पर 52 मरीजों को जांचा गया। चौरे बाजार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मोहम्मद इरशाद 30 मरीजों का रजिस्ट्रेशन करके उन्हें दवा वितरित की। कोछा में महिला चिकित्सक डॉ. अंजली गुप्ता द्वारा 22 मरीजों को चिकित्सीय सलाह देने के साथ दवा दी गई। दोनों स्थानों पर गई अधिकतर मरीज जुखाम, बुखार और मौसमी बीमारी से पीड़ित मिले।

### मनुष्य के जीवन में साधना का बड़ा महत्व



हवन-पूजन करते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म, आचार्य श्रीराम शर्मा की महापुरश्चरण साधना और अखण्ड दीप प्राकट्य के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के तहत महिला मंडल बालक राम कालोनी ने ऋषि टोला राजन पांडे के हाता में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के बौद्धिक सत्र में जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में साधना का बड़ा महत्व है। मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने बताया कि जन-जन में सद् बुद्धि एवं जन कल्याण के लिए लाडली वर्मा एवं राजन पांडे के संयोजन में आयोजित पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत वैदिक रीति से गायत्री मंत्र के माध्यम से दीप प्रज्वलित कर की गई। ममता त्रिपाठी, सरिता मिश्रा, माधुरी तिवारी, कुमुद सिंह, ममता निषाद, रसना श्रीवास्तव, रीना पांडे, छाया सिंह आदि रहीं।

# समारोह पूर्वक मनाया भारतीय शिक्षण मंडल का स्थापना दिवस

## जीवन में राम का चरित्र धारण कर शिक्षा और संस्कार से समुन्नत होंगे युवा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय शिक्षण मंडल अवध प्रांत का 57वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। अवध विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ अनिल मिश्र, प्रांत अध्यक्ष प्रो. कमल जायसवाल, केएनआईटी के निदेशक डॉ. आरके उपाध्याय एवं महिला गतिविधि प्रमुख सुमन मिश्र ने समारोह का किया। संयोजक शिशिर मिश्र ने अतिथि परिचय और प्रांत अध्यक्ष प्रो. कमल जायसवाल ने संगठन की स्थापना, उद्देश्य, कार्यों के साथ वर्तमान आयोजन की प्रस्तावना रखी।

विशिष्ट अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने शिक्षा में रामत्व विषय पर अपने उद्बोधन में श्रीराम के गुरुकुल में शिक्षा एवं वनगमन के समय के दृष्टांतो की वर्तमान पीढ़ी के लिए नैतिक पारिवारिक एवं राजनैतिक मूल्यों की गहन समीक्षा की। अवध विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा जीवन में रामचरित्र धारण कर शिक्षा संस्कार ,संस्कृति और तकनीक से समुन्नत हो युवा राष्ट्रनिर्माण में अपनी महती भूमिका रेखांकित कर सकते हैं। मुख्य वक्ता पूर्वी क्षेत्र संयोजक और केएनआईटी निदेशक डॉ. आरके उपाध्याय ने शिक्षा में रामत्व विषय पर गहन व्याख्या प्रस्तुत की। समारोह में शिक्षा, सेवा, सुरक्षा समर्पण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों से आए 57 विभूतियों का अभिनंदन किया गया। इसमें आचार्य दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, धर्मेंद्र पांडेय, श्रीप्रकाश पाठक, अजय सिंह, राजेश सिंह, श्रीधर, केके मिश्र, दिनेश आदि शामिल रहे।




स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। अमृत विचार



रामायण विश्वविद्यालय में योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतियोगी। अमृत विचार

### देश-विदेश से आए प्रतियोगियों ने दिखाई प्रतिभा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** महर्षि महेश योगी रामायण विवि में दो दिवसीय योग स्पर्धा का आयोजन किया गया। देश विदेश के प्रतिभागियों ने योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन 11 से 12 अप्रैल तक नेशनल योग स्पर्धा 2026 के तहत किया गया। समापन दिवस की शुरुआत सुबह पांच बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार से हुई। कार्यक्रम में करीब पांच सौ लोगों ने भाग लिया। विवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) भानु प्रताप सिंह की मौजूदगी में एक साथ रामलला की पावन धरती पर योग कर सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। महर्षि स्कूल ऑफ वैदिक साइंस की एडवाइज़र डॉ. अदिति श्रीवास्तव मौजूद रही। कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में आर्टिस्टिक योगा, मिस योगा, योगासन, रिदमिक योगा और टीम इवेंट जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने संतुलन, लचीलापन और अभ्यास का बेहतरीन प्रदर्शन किया, इसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में वियतनाम से आईं वू होंग येन और थी माई अन्ह दो ने भी इसमें हिस्सा लिया। समापन समारोह में अतिथियों ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति भी देता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। यह आयोजन न सिर्फ नई योग प्रतिभाओं के लिए मंच बना, बल्कि अयोध्या को योग और संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में भी अहम साबित होगा।




इमामबाड़ा जवाहर अली खां में सोमवार को आयोजित प्रोग्राम की तैयारी करते फाउंडेशन के सदस्य।

### इमामबाड़ा जवाहर अली खां से आज गूंजेगा इंसानियत का पैगाम

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** इमामबाड़ा जवाहर अली खां की सरजमीं से सोमवार को एक बार फिर कौमी एकता और इंसानियत का संदेश गूंजेगा। अलकायम फाउंडेशन द्वारा आयोजित याद – ए-शोहदा प्रोग्राम में विद्वान आलिमे दीन ईरानी कल्चरल हाउस दिल्ली के डॉ अब्दुल मजीद हकीम इलाही समेत तमाम विशिष्ट हस्तियां ईरान के सुप्रीम लीडर और आलमे इंसानियत के अलमबरदार शहीद अयातुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामनेई समेत तमाम शहीदों को खेराजे अकीदत पेश करने के साथ पैगामें इंसानियत देगें। पहली बार है कि ईरानी कल्चरल हाउस दिल्ली के प्रख्यात विद्वान डॉ अब्दुल मजीद हकीम इलाही यहां आ रहे हैं। कार्यक्रम रात्रि 9 बजे शुरू होगा। मेहमाने खुसूसी डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही इरानी कल्चरल हाउस दिल्ली के साथ उनकफ़ा रसी भाषा ट्रांसलेटर मौलाना सैय्यद तक़ी नक़वी भी होंगे। मेहमान वक्ता मुफ़्ती मौलाना ज़ियाउद्दीन कासमी पेशइमाम सराय पुख्ता और सरदार धर्मवीर सिंह बग्गा वरिष्ठ समाज सेवी तथा अरुण दास जी महाराज लशकरी मंदिर अयोध्या होंगे। संचालन सैय्यद आज़िम बाकरी, अर्शी नक़वी अकबरपुरी करेंगे।



गुलाबबाड़ी में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

### गुलाबबाड़ी में स्वच्छता अभियान, विधायक ने किया जनसंपर्क

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर के गुलाबबाड़ी परिसर में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर जनजागरूकता का संदेश दिया गया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने व्यापारियों, पार्टी पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर परिसर की सफाई की। समाज के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद नेताओं ने आसपास की बस्तियों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक वितरित किए। विधायक ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सामाजिक दायित्व है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा और संगठन के मूल मंत्र पर काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीसीएस में चयनित स्नेहिल का हुआ अभिनंदन



स्नेहिल का अभिनंदन करते एफपीएस के प्रबंधक उमर मुस्तफ़ा खान, प्रधानाचार्य केके मिश्रा, निदेशक सदफ इकबाल, संयोजिका फिज़ा खान। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र पीसीएस परीक्षा में सफलता दर्ज कर बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनी स्नेहिल श्रीवास्तव का फैजाबाद पब्लिक स्कूल में अभिनन्दन किया गया। एफपीएस की पूर्व छात्रा स्नेहिल को विद्यालय प्रबंधक उमर मुस्तफ़ा खान, प्रधानाचार्य केके मिश्रा, निदेशक सदफ इकबाल, संयोजिका फिजा खान ने स्वागत किया। प्रबंधक मुस्तफा ने कहा कि हमें अत्यंत गर्व है एफपीएस की पूर्व छात्रा स्नेहिल ने अपने कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प से यह सफलता प्राप्त की। स्नेहिल ने बच्चों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए एनसीईआरटी पुस्तकों की महत्ता बताते हुए सफलता का श्रेय अपने गुरुओं को दिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा संबंधी प्रश्नों के उत्तर देते हुए छात्रों की जिज्ञासा को संतुष्ट किया और कहा कि निरंतरता व अनुशासन बनाए रखते हुए सफलता अर्जित की जा सकती है।

### सगी बहनें बनीं ऑडिटर व ऑफिस सुपरिटेंडेंट

**पूराबाजार, अमृत विचार :** सरायराशी गांव की रहने वाली शिफाली सिंह व शिवांगी सिंह पुत्री भानु प्रताप सिंह ने क्रमशः इनकम टैक्स विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट व रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर पद पर चयनित हुई हैं। शिवांगी सिंह ने मां बिंदु सिंह को आदर्श बताया। शिफाली ने चयनित होने का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। दोनों के चयनित होने पर सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने उनके पैतृक आवास सरायराशी में सहयोगियों के साथ पहुंचकर सम्मानित किया।दोनों की माता बिंदु व पिता भानु प्रताप सिंह का भी सम्मान किया।

### फिल्मी अंदाज में फायरिंग, महिला समेत 3 घायल

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** मयाबाजार क्षेत्र में रास्ते से वाहन हटाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक फिल्मी अंदाज में दोनों हाथों में तमंचा लेकर विपक्षी के घर पहुंच गया। आरोप है कि कई राउंड फायरिंग कर दी। घटना में एक महिला और उसके दो पुत्र घायल हो गए। सभी को सीएचसी मयाबाजार में भर्ती कराया गया, जहां से एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। महाराजगंज थाना क्षेत्र के दलपतपुर के रहने वाले राजेश सिंह शुक्रवार शाम कार से मया बाजार जा रहे थे। रास्ते में मुकुल सिंह के घर के पास रुदौली के अमहटा के रहने वाले भीम सिंह का वाहन खड़ा था, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और मारपीट तक बात पहुंच गई। मुकुल की तहरीर पर उसी शाम मामला दर्ज हुआ। शनिवार सुबह भीम सिंह, राजेश के घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने फायरिंग शुरू कर दी। गोली ऋषि सिंह के पैर में लगी, जबकि अभिषेक के गले को छूते हुए निकल गई और उनकी मां कविता के कान को छू गई। घटना के बाद आरोपी भाग गया।

## चारों ने पांच घरों से पार किया लाखों का सामान

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अन्तर्गत ग्राम असनारा मे बीती रात चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाया है। चोरों ने नकदी और लाखों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है। एक ही रात में पांच घरों में हुई चोरी की घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बता दें कि ग्राम असनारा निवासी सुनील यादव पुत्र बखेड़ू के घर में चोर घर के पीछे लगे जंगले की ग्रिल उखाडक़र 3500 हजार रुपए नगद और जेवरात घर में रखी आलमारी और बक्से को तोड़ चोरी को अंजाम दिया। इसी तरह गांव की दलित बस्ती में चोर घर के पीछे से जीने के रास्ते से घर में दाखिल हुए और रामप्रसाद पुत्र मोहन के घर की सभी अलमारियों और लाकर को तोडक़र नगदी एवं लाखों रुपए के गहने लेकर फरार हो गए। इसी तरह चोरों ने सुरेन्द्र पुत्र रामलखन, हरीराम पुत्र मक्खन, राजेन्द्र पुत्र रामलखन के घर में घुसकर बक्सा, आलमारी तोड़ कर सारा सामान तितर-बितर कर दिया। सुबह होने पर घर के सामान को तितर बितर देख कर हैरान पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। घटना वाली रात्रि में पीडित अपने-अपने खेतों में गेंहू की कटाई कर रहे थे और इधर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अक्षय कुमार पटेल ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है, मामले में तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। घटना का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

### गेहूं के खेत में आग लगने से 20 बीघा फसल राख

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र सम्मनपुर अंतर्गत सुल्तानपुर तुलसीपुर गांव के करीब रविवार दोपहर के समय गेहूं के खेत में लगी आग से बीसों बीघा फसल जलकर राख हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टांडा रोड पर गांव के किनारे स्थित गेहूं की फसल में अचानक दोपहर के समय आग की लपटे उठने लगी आसपास के ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़ पड़े और अथक परिश्रम करते हुए अपने-अपने साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। इस अग्निकांड में रविंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, महेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, अजय सिंह, अमर सिंह आदि लोगों की फसल जलकर राख हो गई। लोगों का कहना है कि फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग 2 घंटे बाद पहुंची तब तक ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।

## एसपी ने लूट के मामले में किया घटनास्थल का निरीक्षण, दिए निर्देश

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में 18 लाख 40 हजार रुपए की लूट के मामले में नवागत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कार्यभार संभालते ही कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं और मामले की गहन जांच-पड़ताल किया।

बता दें कि यह सनसनीखेज लूट की वारदात बीते शनिवार की सुबह जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में हुई, जहां कार सवार बदमाशों ने बाइक सवार दो व्यापारियों से 18 लाख 40 हजार रुपए लूट लिए थे। घटना बिड़हरघाट पुलिस चौकी से महज 100 मीटर दूरी पर हुई, जिससे पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ितों की पहचान जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नेवारी दुराजपुर निवासी मोहम्मद रईस और हंसवर थाना क्षेत्र के मुण्डेरा गांव निवासी मोहम्मद जलाल के रूप में हुई है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आसपास की भौगोलिक स्थिति संभावित रास्तों और संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह और प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह भी मौजूद थे। एसपी ने घटना का शीघ्र खुलासा करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दबिश तेज करने को कहा है। एसपी ने पुलिस चौकी और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने के भी निर्देश दिए। पुलिस चौकी के इतने नजदीक हुई लूट की वारदात से व्यापारियों और आम लोगों में दहशत का माहौल है।



लूट के मामले में घटना स्थल का निरीक्षण करतीं नवागत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह।

- पुलिस चौकी के नजदीक हुई लूट की वारदात से व्यापारियों और आम लोगों में है दहशत का माहौल

### बदमाशों ने व्यापारियों से लूटे थे 18.40 लाख

बिड़हरघाट पुल से व्यापारियों के उतरते ही एक चार पहिया वाहन में सवार तीन बदमाशों ने उनकी अपाचे बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने असलहे की बट से रईस के सिर पर हमला कर दिया और रुपए से भरे बैग छीन लिए। रईस के बैग में करीब साढ़े 14 लाख 50 हजार रुपए और जलाल के बैग में लगभग 3 लाख 90 हजार रुपए थे। घटना के बाद दोनों व्यापारी जान बचाकर पास स्थित पुलिस चौकी पहुंचे, लेकिन वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद दोनों ने बाइक से करीब एक किलोमीटर तक बिड़हर बाजार की ओर शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया, लेकिन आरोपी फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार सवार बदमाश हूटर बजाते हुए चहोंड़ा की दिशा में भाग निकले। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार और डिप्टी एसपी प्रदीप सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल किया था।

## पात्रों तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभः कपिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भाजपा के स्थगित हुए मंडलों की हुए दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग शनिवार को प्रारंभ होकर रविवार को सम्पन्न हो गया।

कार्य पद्धति विषय पर अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र की अकबरपुर नगर मंडल की प्रशिक्षण वर्ग के सत्र को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि प्रत्येक संगठन एक लक्ष्य को लेकर प्रारम्भ होता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए संगठन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक कार्य पद्धति की आवश्यकता होती है। सैदापुर मण्डल के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही केंद्र और प्रदेश की सरकारों ने प्रत्येक वर्ग जाति और समाज के लिए सैकड़ों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं बिना भेद भाव के पात्र जनता तक पहुंच रही हैं। अकबरपुर नगर मण्डल की प्रशिक्षण विभिन्न पदाधिकारियों की देखरेख में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते बाल्मीकि उपाध्याय। • अमृत विचार

- दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का हुआ भव्य समापन

## जलालपुर व अकबरपुर तहसील में बनेगा औद्योगिक गलियारा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा लखनऊ द्वारा संचालित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा परियोजना के लिए जनपद की तहसील जलालपुर के ग्राम नूरपुरकला, गौरीबड़ाह और अजमलपुर तथा तहसील अकबरपुर के ग्राम नूरपुरकला बेवाना, जगदीशपुर मुस्लिमपुर, खानजहांपुर, सिवरा व होरिलपुर भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है। प्रभावित भूमि के अर्जन के पूर्व भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 और भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली-2016 के प्राविधानों के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना नामित एजेन्सी द्वारा अन्तिम रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराई गई है। अतः पूर्व भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 तथा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली-2016 के नियम-8 के तहत अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि के सम्बन्ध में सामाजिक समाघात आंकलन रिपोर्ट का ग्राम पंचायत, परगना मजिस्ट्रेट कार्यालय जिलाधिकारी और जनपद की वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते है।

## योग को जीवन का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** भारतीय योग संस्थान के 60वें स्थापना दिवस पर रविवार को राजकीय उद्यान केंद्र में सुबह 5 बजे से 6:45 बजे तक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन संतोष सिंह ने किया। शुरुआत में अंकिता श्रीवास्तव ने मधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद रामकेदार वर्मा ने स्वागत संबोधन देते हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ शक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत आयोजित योगाभ्यास सत्र में विभिन्न प्रशिक्षकों ने क्रमवार योग क्रियाएं कराईं। कार्यक्रम के दौरान संदीप श्रीवास्तव ने संस्थान का परिचय देते हुए योग मंजरी के महत्व और नियमित योगाभ्यास के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में राधेश्याम यादव ने आभार व्यक्त किया तथा संदीप श्रीवास्तव ने प्रार्थना और शांति पाठ कराया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ शांतिपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने नियमित योगाभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



राजकीय उद्यान केंद्र में योगाभ्यास करते लोग। • अमृत विचार

- भारतीय योग संस्थान का 60वां स्थापना दिवस मनाया गया

**पशु पालन विभाग की पहल** | बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना सरकार की आत्मनिर्भर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक कदम

## महिलाओं की आय बढ़ाने का माध्यम बना कुक्कुट पालन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के तहत अनुसूचित जाति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। इस योजना के तहत जनपद के समस्त विकासखंडों में कुल 200 लाभार्थियों को 50-50 चूजे, एक बोरी राशन तथा आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की गईं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मुर्गी पालन के माध्यम से महिलाएं अंडों का उत्पादन कर उन्हें बाजार में बेचकर अपनी आय बढ़ा सकती हैं। पशुपालन विभाग द्वारा सभी लाभार्थियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे वह भविष्य में इस कार्य को बड़े स्तर पर अपनाकर व्यावसायिक रूप से मुर्गी पालन और अंडा उत्पादन कर सकें। इससे उनकी आमदनी में वृद्धि होने के साथ-साथ स्थायी रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने लोगों से अपील किया है कि वह उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति 2022 के तहत कुकुट पालन को अपनाएं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 10 हजार, 20 हजार या 30 हजार पक्षियों की क्षमता वाले कमर्शियल लेयर फार्म स्थापित कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक के पास कम से कम एक एकड़ जमीन होना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत कुल लागत का 30 प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में स्वयं लगाना होगा, जबकि शेष 70 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध होगी। साथ ही, विभाग द्वारा 5 वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज प्रतिपूर्ति की सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त बिजली बिल में अधिभार पर छूट तथा भूमि रजिस्ट्री पर स्टांप ड्यूटी में पूर्ण छूट भी प्रदान की जाएगी। इ जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रेरणा से सरकार द्वारा संचालित यह योजना न केवल ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोल रही हैं, बल्कि जनपद में कुक्कुट पालन को भी बढ़ावा दे रही है, जो सरकार की आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक कदम है।



लाभार्थियों को वितरित किए गए चूजे, राशन तथा आवश्यक दवाएं। • अमृत विचार

### युवक ने शराब के नशे में अपना गला रेता, गंभीर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अम्बेडकरनगर के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर पंडा टोला में बीती रात एक युवक ने शराब के नशे में धारदार हथियार से अपना गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास किया। बता दें कि शहजादपुर पंडा टोला निवासी रवि नामक युवक शनिवार देर रात नशे की हालत में था। उसने अचानक एक धारदार हथियार से अपने गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और खून से लथपथ हो गया। इस घटना से इलाके में हडक़ंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना अकबरपुर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रवि को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार दिया कर बेहतर इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

## महिला हॉकी स्पर्धा में यूपी पुलिस ने मारी बाजी

**जलालपुर, अम्बेडकर नगर।** नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के मैदान में अभिनव क्लब के तत्वावधान में चल रही अंतरराज्यीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को मैदान में जबरदस्त उत्साह और खेल भावना की मिशाल देखने को मिली।फाइनल मैच में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रितेश पांडे,भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी और ओलम्पियन गुरजीत कौर, रेलवे कोच नीलम कुशवाहा के साथ क्लब के अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, संयोजक देवेश मिश्र,कोषाध्यक्ष आनंद जायसवाल, सुमित्रा त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी विकास निषाद ने मैदान में पहुँचकर सभी हॉकी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय जाना और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में अयोध्या हॉस्टल और अभिनव क्लब के बीच प्रतिस्पर्धा देखते ही बन रही थी। अभिनव क्लब ने बेहतर टीमवर्क के दम पर यह मैच 2-0 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एन.ई.आर. (NER) और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच खेला गया। पहली पारी में दोनों टीमों ने कड़ा मुकाबला किया, हालाँकि दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 2-1 से जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

# बरामदे में सो रहे पूर्व प्रधान के भाई की गोली मारकर हत्या

## पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, 21 अप्रैल को आनी है बेटी की बारात

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बेलगरा गांव में शनिवार देर रात जहां 60 वर्षीय विजय प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक विजय प्रताप सिंह ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान सूर्य प्रताप सिंह के भाई हैं।

जानकारी के अनुसार, विजय प्रताप सिंह शनिवार रात को भोजन के बाद घर के बरामदे में सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी तारा सिंह थोड़ी दूर पर सो रही थीं। देर रात करीब एक बजे गोली चलने की आवाज सुनकर उनकी पत्नी की नींद खुली तो उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को भागते हुए देखा। पास जाकर देखा तो विजय प्रताप सिंह के सिर में गोली लगी थी।

घायल अवस्था में परिजन उन्हें तत्काल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुलतानपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लेकिन लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस सुलतानपुर पहुंचे, जहां पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। घटना की सूचना पर गांव में दहशत का माहौल तो परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस व इनसेट में विजय की फाइल फोटो।

### दारोगा बेटे के पिता की हत्या से टूटा परिवार

बेलगरा गांव में विजय प्रताप सिंह की हत्या से उनका भरा-पूरा परिवार गहरे सदमे में है। 60 वर्षीय विजय प्रताप अपने पीछे पत्नी तारा सिंह और पांच संतानों को छोड़ गए हैं।

> तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या के खुलासे के लिए पुलिस टीमें लगी हुई है। – **रामकृष्ण चतुर्वेदी, सीओ जयसिंहपुर**

एक बेटी और एक बेटे की शादी हो चुकी है, जबकि अन्य बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। मृतक का बड़ा बेटा अंकुर सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक है और कानपुर में तैनात है। पिता की मौत की खबर मिलते ही वह घर पहुंचा है।

### मातम में बदलीं घर की खुशियां

बेलगरा गांव में विजय प्रताप सिंह के परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। जिस घर में बेटी सोनम की शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, वहां अब करुण क्रंदन गूंज रहा है। 17 अप्रैल को तिलक और 21 अप्रैल को बारात आनी तय थी, लेकिन इससे पहले ही परिवार के मुखिया विजय प्रताप सिंह की हत्या हो गई।घटना के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शादी की तैयारियां थम गई हैं और घर में सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों की आंखें भी नम हैं, हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है।

### रहस्य बना हत्या का कारण

बेलगरा गांव में विजय प्रताप सिंह हत्याकांड के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक चारू निगम, अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह और सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर मृतक के बिस्तर से अहम साक्ष्य जुटाए, जिससे मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद मिल सके। परिजनों का कहना है कि विजय प्रताप सिंह की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। कुछ माह पहले उन्हें लकवे का अटैक आया था, लेकिन अब वह सामान्य जीवन जी रहे थे।ग्रामीणों के मुताबिक वह बेहद सरल और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, जो अधिकतर समय पूजा-पाठ और गो सेवा में बिताते थे। ऐसे में हत्या का कारण अब भी रहस्य बना हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक अनूप संडा के केस में दरोगा की गवाही 15 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक अनूप संडा समेत अन्य के खिलाफ चल रहे मुकदमे में एमपी-एमएलए कोर्ट मे अभियोजन के नौवें गवाह रिटायर्ड दरोगा आरपी कटियार की शेष गवाही अब 15 अप्रैल को होगी। कोतवाली नगर के दरियापुर ओवर ब्रिज के निकट बिजली-पानी की समस्या पर दो सितंबर 2008 में अनूप संडा व उनके समर्थको ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान हुई घटना का जिक्र करते हुए पुलिस ने पूर्व विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया था।

### एक्सईएन हत्याकांड में दरोगा की गवाही अब 23 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जल निगम के इंजीनियर संतोष कुमार की हत्या के बहुचर्चित मामले में अभियोजन के पंचायतनामा गवाह दारोगा सुखदेव सिंह के न आने से उनकी गवाही नही दर्ज हो सकी। एडीजे द्वितीय विशेष एससी-एसटी न्यायालय न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में अब उनकी गवाही के लिए 23 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। गौरतलब है कि 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क पानीः सांसद

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आजाद समाज सेवा समिति द्वारा कलेक्ट्रेट गेट के निकट जरूरतमंदों के लिए निशुल्क स्वच्छ व ठंडे पानी की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर स्थापित किया गया। इसका शुभारंभ आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि वर्ष 1994 से संस्था लगातार जनसेवा के कार्य कर रही है और बिना सरकारी सहयोग के समाज के सहयोग से यह कार्य संभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्याऊ व्यवस्था, रक्तदान, कंबल वितरण, साइकिल व सिलाई मशीन वितरण जैसे कार्य पिछले 32 वर्षों से निरंतर किए जा रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पांडेय, पूर्व प्राचार्य केएनआई डॉ. राधेश्याम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत तिवारी, शकील अहमद, दिलीप पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया।


वाटर कूलर का उद्घाटन करते साहित्यकार कमल नयन पांडेय व सांसद संजय सिंह।

- आजाद समाज सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट गेट के पास लगाया वाटर कूलर

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**भदैया, सुलतानपुर अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के विकवाजितपुर गांव के पास मेला वाली बाग में शनिवार देर रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जयसिंह (26) पुत्र स्वर्गीय राम सीलन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार जयसिंह रात करीब एक बजे घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। करीब एक घंटे बाद घर से कुछ ही दूरी पर स्थित बाग में उसका शव साड़ी के फंदे से पेड़ की डाल पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भीखूपुर में बनेगा रोडवेज बस स्टेशन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में लंबे समय से उठ रही बस स्टेशन की मांग अब साकार होती दिख रही है। शनिवार को एसडीएम प्रभात कुमार सिंह, सीओ रामकृष्ण चतुर्वेदी की मौजूदगी में टांडा-बांदा हाईवे के किनारे स्थित ग्राम पंचायत भीखूपुर में करीब चार बीघा जमीन बस स्टेशन के लिए चिन्हित की गई। राजस्व अभिलेखों में नवीन परती दर्ज गाटा संख्या 365 की जमीन का सीमांकन कानूनगो संजय सिंह और लेखपाल अखण्ड प्रताप द्वारा किया गया। इस पहल से हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि किसान सहकारी चीनी मिल के डायरेक्टर रंगबहादुर सिंह ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र लिखकर सेमरी में बस स्टेशन निर्माण की मांग उठाई थी। उन्होंने बताया था कि यह क्षेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और हाईवे से जुड़ा महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां से कई जिले के लोगों का आवागमन होता है। परिवहन मंत्री ने आश्वासन दिया था कि नि शुल्क जमीन उपलब्ध होते ही बस अड्डे के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि जमीन चिन्हित कर ली गई है, रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।


रोडवेज बस स्टेशन की जमीन के प्रस्ताव को लेकर बैठक करते एसडीएम व सीओ।

- एसडीएम की मौजूदगी में ग्राम पंचायत में हुआ जमीन का प्रस्ताव

# कबाड़ हो चुके वाहन के पंजीयन निरस्तीकरण का दिया आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थायी लोक अदालत श्अध्यक्ष राधेश्याम यादव व सदस्य मृदुला राय व रमेश चंद यादव की पीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए उप संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि वादी कृष्ण कुमार सिंह के थ्री-व्हीलर टैम्पो का पंजीयन दिनांक 06 जून 2022 से निरस्त किया जाए।

लम्भुआ के बूधापुर निवासी कृष्ण कुमार सिंह ने वर्ष 2015 में महिन्द्रा फाइनेंस से ऋण लेकर वाहन खरीदा था, जिसे बाद में पूर्ण भुगतान कर दिया गया। वाहन के पूरी तरह जर्जर और अनुपयोगी हो जाने के कारण उन्होंने 06 जून 2022 को उसे कबाड़ में बेचकर कटवा दिया और इसकी सूचना परिवहन विभाग को दी। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद विभाग द्वारा पंजीयन निरस्त नहीं किया गया और अनावश्यक रूप से फाइनेंसर की एनओसी मांगी जा रही थी। स्थायी लोक अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद वादी की याचिका स्वीकार करते हुए आदेश दिया कि संबंधित वाहन का पंजीयन 06 जून 2022 से निरस्त किया जाए तथा वादी को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। साथ ही, आदेश के अनुपालन की आख्या 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### सोमनाथ भारती के केस में नहीं बन पाया चार्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले में चार्ज पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख नियत रही। फिलहाल मामले में सोमनाथ भारती तकनीकी कमी की वजह से लिंक के माध्यम से जुड़ नहीं सके, नतीजतन चार्ज बनने की कार्यवाही बाधित रही। स्पेशल मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में चार्ज के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय किया है। अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाने के हरपालपुर गांव के रहने वाले सोभनाथ साहू ने नौ जनवरी 2021 की घटना बताते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ विवादित टिप्पणी के आरोप में स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले का विचारण एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रहा है। मामले में आरोप बनाने के बिंदु पर कई पेशियो से कार्यवाही बाधित चल रही है।

# शादी में अवैध पिस्टल मिलने से हड़कंप

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के विवेकनगर में रविवार को एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बारात में शामिल एक कार से अवैध पिस्टल बरामद हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध वाहन को कब्जे में लेकर एक युवक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, जमील इदरीस के घर करौंदीकला थाना क्षेत्र से बारात आई थी। बारात में शामिल एक इनोवा क्रिस्टा कार, जिस पर "उप राज्य आयुक्त न्यायालय उत्तर प्रदेश शासन" लिखा हुआ था, लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। इसी दौरान एक ग्रामीण की नजर कार की ड्राइविंग सीट के पास रखी पिस्टल पर पड़ी, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ ऋतिक कपूर और कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार की तलाशी ली, जो हमीदा बेगम के नाम पंजीकृत पाई गई। वाहन को उनका पुत्र अकबर अली चला रहा था। तलाशी के दौरान एक अवैध पिस्टल बरामद की गई, जिसे विधिवत वीडियोग्राफी के साथ सीज किया गया। सीओ ने बताया कि मौके पर बारात में तेज शोर-शराबा होने के कारण फायरिंग की पुष्टि नहीं हो सकी है। हालांकि प्रारंभिक जांच में अवैध हथियार मिलने की पुष्टि हुई है। हिरासत में लिए गए युवक से थाने में पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि यदि जांच में अन्य साक्ष्य सामने आते हैं, तो उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


जब्त की गई कार। ● अमृत विचार

- पुलिस ने कार जब्त कर युवक को हिरासत में लिया, जांच जारी

### सोशल मीडिया पर उत्पीड़न में एक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के अल्देमऊ नूरपुर निवासी अंकित रावत ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से कॉल कर उन्हें और उनकी पत्नी को लगातार परेशान कर रहा था। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने पत्नी का मोबाइल नंबर बिना अनुमति दूसरों को साझा कर दिया, जिससे अनचाहे कॉल और मैसेज आने लगे। साथ ही व्हाट्सएप हैक करने का प्रयास और जान से बर्बाद करने की धमकी भी दी गई। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रयागराज के सुनील पटेल उर्फ हिमांशु के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भूमि विवाद में भाइयों के बीच मारपीट, युवक घायल

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** परिगड़ा गांव में शनिवार देर शाम जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सगे भाइयों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें छोटे भाई रामनरेश (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रामनरेश और बड़े भाई राम उदित (40) के बीच लंबे समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को विवाद बढ़ने पर आरोप है कि राम उदित ने लोहे की सरिया से रामनरेश पर हमला कर दिया, जिससे उनकी कमर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट के आरोप लगाए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है, जांच जारी है।

# भक्त स्नेही हैं भगवान शिवः महाराज

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय क्षेत्र के चौकिया गांव में चल रही नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा आचार्य पंडित राकेश जी महाराज ने भगवान शिव की जीवन लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अत्यंत भक्त स्नेही हैं और जिन पर उनकी कृपा हो जाती है, उसे जीवन में किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं रहती।

कथा के दौरान शिव विवाह उत्सव का भी भव्य आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। मुख्य यजमान राम जन पाण्डेय व विमला देवी ने विधिवत आरती कर कथा का पूजन किया। इस अवसर पर राम सिंह, बृज मोहन सिंह, कमलाकांत पाण्डेय, रामचंद्र सिंह, माता प्रसाद सिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, प्रभव पाण्डेय, अनय पाण्डेय, अवनीश सिंह सहित बड़ी संख्या में कथा प्रेमी उपस्थित रहे।


व्यासपीठ की आरती उतारते यजमान व अन्य। ● अमृत विचार

- नव दिवसीय संगीतमय रामकथा का दूसरा दिन

### एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए सुलतानपुर के खिलाड़ियों का किया गया चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद के लिए गौरव की बात है कि यहां के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन एशियन आर्म बॉक्सिंग चौंपियनशिप-2026 (बैंकॉक, थाईलैंड) के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर विश्वास जताया कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतकर लौटेंगे। उन्होंने हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन देने का आश्वासन भी दिया। चयनित खिलाड़ियों में शुभम धुरिया (67 किग्रा), प्रियात धुरिया (36 किग्रा), कु. राज नांदनी सोनकर ($65 किग्रा), विवान कुमार (19 किग्रा) और अर्पित निषाद (51 किग्रा) शामिल हैं। टीम का नेतृत्व आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर नसीरुद्दीन के निर्देशन में होगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जनपद में खुशी का माहौल है और उनसे उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीदें जताई जा रही हैं।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आज निकला जाएगा पैदल मार्च एवं मशाल जुलूस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुराने शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में 13 अप्रैल (सोमवार) को शाम 5 बजे तिकोनिया पार्क से आजाद पार्क तक पैदल मार्च एवं मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस संबंध में आयोजक अशोक सिंह गौरा ने शिक्षकों और समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों की आवाज को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी साथियों से समय पर पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप में घंटों इंतजार करने के बाद मायूस लौटे किसान

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत पाराबासूपुर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

निर्धारित समय पर पंचायत भवन नहीं खुलने के कारण कैंप देर से शुरू हो सका, जिससे शुरुआत से ही अव्यवस्था का माहौल बना रहा।
मौके पर लेखपाल सुधीर कुमार मिश्र, कृषि तकनीशियन अनिल कुमार और ग्राम प्रधान बनाफर उपस्थित रहे, लेकिन अन्य जिम्मेदार कर्मचारी नदारद रहे। इसके साथ ही नेटवर्क की समस्या और सत्यापन प्रक्रिया में बाधा के कारण पंजीकरण कार्य सुचारु रूप से नहीं चल सका। रामप्रकाश तिवारी, पवन कुमार मौर्य, हरीश तिवारी और धुव्र नारायण सहित दर्जनभर किसान घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन काम न होने से निराश होकर शाम करीब चार बजे वापस लौट गए। किसानों ने व्यवस्था में सुधार की मांग की है।



फार्मर रजिस्ट्री कैंप में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

## कार्यक्रम

लायंस क्लब पारिजात के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

# पारिजात की महिला सदस्याओं ने किया 10 यूनिट रक्तदान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लायंस क्लब पारिजात द्वारा मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 10 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण रही।

कार्यक्रम का संचालन संगीता जायसवाल ने किया, जबकि रक्तदान करने वालों में प्रीति संजय जायसवाल, स्वाति अग्रहरि, संगीता जायसवाल, प्रीति जायसवाल, मीनाक्षी, अलका गुप्ता, सुजाता बरनवाल, निखिल, शिवम, अनिकेत और रजनीश शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुराग जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय सिंह एवं सौरभ कांत उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिशिर जायसवाल, श्याम गुप्ता, अमित बरनवाल, राकेश जायसवाल, ऋषि अग्रहरि, रजनीश बरनवाल, निखिल बरनवाल, विनय जायसवाल, संजय जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### 47 केंद्रों पर लगा आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**सुलतानपुर :** रविवार को 248वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मेले के आयोजन में 62 चिकित्सकों और 273 पैरामेडिकल स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 1236 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 570 पुरुष, 542 महिलाएं व 124 बच्चे शामिल रहे। मरीजों को आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं तथा विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा मेले में 14 गोल्डन कार्ड और 46 आभा कार्ड भी बनाए गए, जिससे लाभार्थियों को भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

### 12 से शुरू होगा नारी शक्ति वंदन अभियान

**सुलतानपुर :** भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में रविवार को जिला कार्यालय पर बैठक कर नारी शक्ति वंदन अभियान की रूपरेखा तय की गई। 12 से 20 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में 14 कार्यक्रम आयोजित होंगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलने की बात कही गई। नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, बाइक रैली, मार्च व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं के अधिकार और सम्मान का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा।

### प्रदीप यादव को मिली पीएचडी की उपाधि

**कादीपुर, सुलतानपुर अमृत विचारः** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या ने बछैया गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज, बहराइच के प्रो. डॉ. दयाराम यादव के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता विषय पर शोध कार्य किया, जिसमें कादीपुर तहसील को विशेष संदर्भ के रूप में शामिल किया गया। शोध प्रबंध प्रस्तुत होने के बाद विश्वविद्यालय ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। पूर्व मंत्री मुईद अहमद, डॉ. आरपी सिंह, रामकिशुन मौर्य, पूर्व विधायक भगेलू राम, अनिल कुमार दूबे और डॉ. असद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# राम तेज कोरी हत्याकांड में दामाद को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में हुए राम तेज कोरी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने संपत्ति के लालच में वारदात को अंजाम दिया था।

बताया जाता है कि 13 फरवरी की रात राम तेज कोरी अपने घर में सो रहे थे, तभी अज्ञात हमलावर ने ईंट और धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। अगले दिन 14 फरवरी को जब वह घर से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों ने उनकी बेटी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने मृतक की मानसिक रूप से अस्वस्थ पत्नी से पूछताछ की, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। जांच में सामने आया कि मृतक का दामाद मोतीलाल कोरी पुत्र सीताराम कोरी निवासी पूरे सत्तीन कटावा ही हत्या का आरोपी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने मामले के खुलासे की पुष्टि की है।

# लाइनमैन व तकनीशियन निलंबित, जेई-एसडीओ को चार्जशीट

## संविदा लाइनमैन को फीडर से हटाया, पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत के मामले में मुख्य अभियंता ने की कार्रवाई

संवाददाता, गोंडा



रंजीत तिवारी (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** पथवलिया निवासी पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत के मामले में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने जेल रोड स्थित नार्थ फीडर के लाइनमैन व तकनीशियन को निलंबित कर दिया गया है वहीं संविदा लाइन मैन को फीडर से हटा दिया गया है। इलके साथ ही अवर अभियंता व उपखंड को चार्जशीट दी गयी है। इन सभी पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप है। घटना के तीसरे दिन की गई मुख्य अभियंता की इस कार्रवाई को खुद तथा अन्य बड़े अधिकारियों के बचाव में की गई कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

पथवलिया निवासी पत्रकार रंजीत तिवारी की बीते 10 अप्रैल को बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। हादसे के वक्त बिजली के हाईटेंशन तार में स्पार्किंग हो रही थी। बिजली के तार से चिंगारी निकलती देख रंजीत वहां खेल रहे बच्चों को सचेत करने चले गए इसी बीच बिजली का तार टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ा था। इस घटना के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ पूरे जिले में आक्रोश का माहौल है। हर कोई इस लापरवाही के लिए बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों क जिम्मेदार ठहरा रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी घर के ऊपर से गुजर रहे जर्जर तारों को देखकर नाराजगी जताई थी। इस मामले में मृतक रंजीत के भाई की तहरीर पर पुलिस ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी व अवर अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इसी बीच घटना के तीसरे दिन मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने इस पूरे मामले का ठीकरा नार्थ फीडर पर काम करने वाले कर्मचारियों के सिर पर फोड़ा है। मुख्य अभियंता ने घटना के लिए फीडर पर तैनात लाइनमैन व तकनीशियन को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसी फीडर पर कार्यरत संविदा लाइनमैन अशोक विश्वकर्मा को फीडर से हटा दिया है।

इसके अलावा अवर अभियंता कुलदीप यादव व उप खंड अधिकारी भरत सिंह को पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में आरोप पत्र दिया गया है और उनसे एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने बताया कि लाइनमैन दिनेश यादव व तकनीशियन अभिषेक रंजन को निलंबित किया गया है। संविदा लाइनमैन अशोक विश्वकर्मा को फीडर से हटा दिया है। इसके अलावा अवर अभियंता कुलदीप यादव व उप खंड अधिकारी भरत सिंह को पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में आरोप पत्र दिया गया है। घटना की जांच कराई जा रही है।

### एफआईआर दर्ज होने के बाद से लापता हैं बिजली अधिकारी

**गोंडा, अमृत विचार :** पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत के मामले में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी और अवर अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर दर्ज होने से बाद से ही आरोपी बिजली अधिकारी लापता हैं। सभी को अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। वहीं अफसरों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

### बिजली विभाग देगा मुआवजा, प्रशासन की तरफ से पत्नी को नौकरी

**गोंडा, अमृत विचार :** पत्रकार रंजीत तिवारी के निधन पर जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाई है और डीएम प्रियंका निरंजन की तरफ से रंजीत की पत्नी पूजा को नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। परिजनों से पूजा के शैक्षिक अभिलेख मांगे गए हैं। वहीं मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने बताया कि पत्रकार के निधन पर विभाग की तरफ से 5 लाख रुपये का मुआवजा स्वीकृत किया गया है। कार्रवाई पूरी हो गयी है। सोमवार को धनराशि मृतक की पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जायेगी।

### ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन के बाद 3 दिन बाद आयी 8 गांवों में बिजली



मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत हारीपुर गांव में बिजली आपूर्ति ठप होने और करंट से हुई रंजीत तिवारी की मौत के बाद रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। तीन दिन से विद्युत आपूर्ति बहाल न होने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को प्रधान संदीप कुमार चौबे के नेतृत्व में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग उठाई। बीती 10 अप्रैल को हादसे के बाद नार्थ फीडर से जुड़े 8 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। 50 हजार की आबादी तीन दिन से अंधेरे में थी। रविवार को हारीपुर के सैकड़ों लोगों ने मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता के कार्यालय व आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया था। मामले को बढ़ता देख विभाग ने आनन-फानन में रविवार की शाम बिजली आपूर्ति बहाल कराई। मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने फोन पर बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गयी है। 10 अप्रैल को पथवलिया गांव के पास 11 केवीए लाइन का तार टूटकर पत्रकार रंजीत तिवारी के ऊपर गिर गया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। जिसके चलते नार्थ फीडर से जुड़े हारीपुर समेत कई गांवों में पिछले तीन दिन से अंधेरा पसरा हुआ था।



मुजेहना के सरयू सभागार में दिवंगत पत्रकार रंजीत तिवारी की शोकसभा में मौजूद पत्रकार। ● अमृत विचार

### दिवंगत पत्रकार को दी गयी श्रद्धांजलि

**गोंडा, अमृत विचार :** पत्रकार रंजीत तिवारी के आसामायिक निधन पर रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की तरफ से सदर तहसील के धानेपुर स्थित सरयू सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया और दो मिनट का मौन रखकर पत्रकारों ने अपने दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि दी इस दौरान तहसील अध्यक्ष विष्णु प्रताप मिश्रा, धर्म प्रकाश शुक्ल, उमानाथ तिवारी, रमेश पाण्डेय, रोहित तिवारी, बंटी तिवारी, अमरेश तिवारी, उमापति गुप्ता, राजेंद्र कश्यप, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार शुक्ल एवं बी.एन. तिवारी सहित क्षेत्र के अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी से 11 बीघा गेहूं की फसल जली



खेत में आग लगने के बाद मौजूद लोगों की भीड़।

**हथियागढ़, गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड छपिया के ग्राम पंचायत हथिनी खास के मजरा भोपतपुर में रविवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हुआ। 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया तेज हवा होने के कारण आग कुछ ही पलकों में विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते किसने की कड़ी मेहनत से उगाई गई फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया आग बुझाने में घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक लगभग 11 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी थी। इस आगजनी में किसान केदारनाथ की लगभग 5 बीघा, रामपाल की एक बीघा और ग्राम प्रधान रामसुख वर्मा की लगभग 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। किसानों की साल भर की मेहनत कुछ ही मिनट में बर्बाद हो गई घटना की सूचना मिलती है बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। राजस्व विभाग के कानून गो राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके।

### मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में 54 लोगों ने किया रक्तदान




शिविर में रक्तदान करते मारवाड़ी युवा मंच के लोग। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** रविवार को शहर के एसपीएम हॉस्पिटल में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 54 यूनिट का रक्तदान हुआ। रक्तदान करने से पहले बीपी, शुगर का जांच हुआ। स्वस्थ पाये जाने वाले व्यक्तियों ने रक्तदान किया। मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा भी शामिल हुई। अस्पताल के ब्लड बैंक में एसपीएम हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ ओ.एन. पांडेय को मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त देने से तीन लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है। ब्लड बैंक में रक्तदान कराने में एसपीएम हॉस्पिटल ब्लड बैंक के डायरेक्टर के के मिश्रा, बीपी तिवारी, सिद्धनाथ पांडेय, सकीना बानो, सरस्वती वर्मा, भरत जी ओझा का विशेष योगदान रहा। रक्तदान के दौरान मंच के अध्यक्ष राम मनोहर अग्रवाल, महामंत्री पवन कुमार अग्रवाल, रक्तदान संयोजक अमित गर्ग विक्की, देवेश जालान, निखिल अग्रवाल, दर्शिका अग्रवाल, प्रांतीय सदस्य विकास जैन, विकास अग्रवाल, सचिन खेमका, महिला मंडल की प्रांतीय सदस्य नीलम जैन, अध्यक्षा अनीता मनीरामका, महामंत्री वर्षा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोनम अग्रवाल, बेनू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, शिव शंकर सोमानी, पीयूष मित्तल, गोपाल मित्तल, अविनाश तुलस्यान, सचिन पचेरिया, सुरेश भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आज निकलेगी भव्य निशान शोभायात्रा

**गोंडा, अमृत विचार :** रानी बाजार स्थित श्री खाटू श्याम बाबा परिवार द्वारा श्री श्याम महोत्सव का वार्षिक उत्सव धूमधाम से निशान शोभा यात्रा से शुरुआत होगा। निशान यात्रा सोमवार को रानी बाजार से निकाली जाएगी जो नगर में भ्रमण करते हुए बड़गांव पुलिस चौकी होते होते हुए ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर पर संपन्न होगी। उसके बाद शाम को रानी बाजार में ओवर ब्रिज के नीचे बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें आमंत्रित कलाकार दीपांशी तिवारी कानपुर, महक कसौधन सुल्तानपुर, आकाश गुप्ता आगरा एवं सांवरिया ब्रदर्स गोंडा द्वारा भजनों की हाजिरी लगाई जाएगी। जिसमें पुष्प वर्षा इत्र वर्षा होगी। 14 अप्रैल दिन मंगलवार को सांयकाल कन्या पूजन संकीर्तन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक अशोक कुमार कसौधन ने दिया है।

### एएसपी को दी विदाई, कार्यशैली को सराहा



विदाई समारोह में मौजूद पुलिस अधीक्षक व एएसपी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी रहे मनोज कुमार रावत के जनपद संभल स्थानांतरण पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में रविवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानांतरित हुए अपर पुलिस अधीक्षक को प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मनोज कुमार रावत एक कर्मठ, अनुशासित एवं कुशल अधिकारी हैं, जिनके नेतृत्व में जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रही और अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

# हादसे में युवक की मौत, 5 घायल

**रफ्तार की मार**



अमित कुमार (फाइल फोटो)

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बैरीपुर रामनाथ निवासी अमित कुमार (18) पुत्र राजेन्द्र कुमार अपने दोस्तों कमल किशोर (25) व गोलू (17) के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर पड़ोसी जनपद के थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के मद्दो भट्ठा से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि अमित कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कमल किशोर और गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को डायल 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए, जहां रोते-बिलखते माहौल ने सभी को झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के मद्दो भट्ठा निवासी दीन मोहम्मद अपने दो साथियों के साथ मनकापुर इलाज कराने आए थे और वापस लौट रहे थे। वे भी इस हादसे में घायल हुए हैं, जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। चौकी मछली बाजार इंचार्ज साहेब कुमार ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने मिश्रौलिया ओवरब्रिज के पास आयल डिपो मार्ग से अभिमन्यु शुक्ला निवासी भटवलिया, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। घटना के संबंध में जुबेर अहमद ने कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बाइक महिला अस्पताल के बाहर से चोरी हो गयी।

## बंधक बनाकर 12.5 लाख की रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने रविवार को रंगदारी मांगने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि करीब 8 महीने पहले आजाद नगर थाना कोतवाली नगर निवासी विजय किशोर सिंह उर्फ भोलू सिंह ने साथियों के साथ झंझरी ब्लॉक के पास कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे विंध्यवेंद्र मिश्रा उर्फ सत्यम को अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से पकड़ लिया था जिसके बाद विंध्यवेंद्र को पेरी तालाब पर ले जाकर बंधक बनाया और अपनी रायफल तानते हुए जमीन का एक मुकदमा वापस लेने के दबाव बनाने के साथ 12.5 लाख की रंगदारी की मांग की थी। मामले में सत्यम की तरफ से नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस घटना से पहले सत्यम मिश्रा की भूमि को विजय किशोर सिंह ने जालसाजी करते हुए अपनी पत्नी बबीता सिंह के नाम बैनामा करवा दिया था। जिसके संबंध में स्थानीय कोतवाली में सत्यम ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मुकदमे को लेकर विजय किशोर सिंह उर्फ भोलू सिंह लगातार विंध्यवेंद्र उर्फ सत्यम मिश्रा के ऊपर दबाव बना रहा था और रंगदारी की मांग कर रहा था।

### 15 से पहले किसान कराएं फार्मर रजिस्ट्री : सिंह



गन्ने की बुवाई का निरीक्षण करते मिल के महाप्रबंधक व मौजूद अन्य।

**गोंडा, अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल के महाप्रबंधक ए के सिंह ने चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर वसंतकालीन गन्ना वुवाई के तहत बोई जा रही गन्ने की फसलों का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने सोहना, पेड़राही, मझगंवा, पिकौरा व रामपुर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण एव बैठक करके कृषकों से उन्नतिशील प्रजाति का गन्ना के खेती करने को कही। कृषक सैरभ सिंह के गन्ने के प्लाट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ने की फसलों में टॉप बोरर व अरली शूट बोरर कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है, टाप बोरर का प्रभाव पाये जाने पर मेकैनिकल नियन्त्रण विधि को अपनाए और पौधे के शूट की कटाई करें। महाप्रबंधक चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम पिकोरा पहुंचे, जहां कृषक शिवपूजन वर्मा द्वारा पावर ट्रिलर मशीन से अपने गन्ने की फसल की गुड़ाई कर रहे थे, उसका जायजा लिया। न्होंने किसानों को बताया कि सभी योजनाएं व सभी प्रकार के कृषि निवेश का लाभ यथा बीज, खाद, कीटनाशी, कृषि संयंत्र, विभिन्न फसलों एवं अनाजों का विक्रय सरकारी या निजी क्षेत्र के माध्यम से बिना फार्मर्स रजिस्ट्री के नही होगा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, केसीसी आदि का लाभ भी फार्मर्स रजिस्ट्री के आधार पर ही दिया जायेगा। अत: सभी किसान अपना फार्मर रजिस्ट्री 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से करा लें। अन्यथा सभी प्रकार के लाभ से वंचित हो जायेंगें। इस मौके पर सहायक गन्ना प्रबंधक सुनील पाठक, वरिष्ठ गन्ना अधिकारी रमेश प्रताप सिंह व हेमंत पाठक आदि मौजूद रहे।

## अभाविप की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**बेलसर गोंडा, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई र की समीक्षा बैठक रविवार को श्री एसपीएस इंटर कॉलेज में नगर अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा परिषद गीत के साथ हुआ।

बैठक में संगठनात्मक मजबूती, नवीन शिक्षा सत्र की योजनाओं और छात्र केंद्रित मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग संयोजक गोंडा आदर्श तिवारी आजाद ने आगामी अभियानों, सदस्यता वृद्धि, और शिक्षण संस्थानों में गतिविधियों पर चर्चा करते हुए 'परिसर चलो' जैसे अभियानों को आगे बढ़ाने पर बल दिया। नगर इकाई बेलसर के अध्यक्ष अशोक कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। परिषद गीत दीपक तिवारी ने प्रस्तुत किया। बैठक में दीपक तिवारी, रोहित, शिवम तिवारी, धनंजय पांडेय, अष्टविनायक, आकाश मिश्रा, शिवांश तिवारी, आशीष तिवारी, शुभम, अजय कुमार, सत्यम मिश्रा, शिवम शुक्ला, रोहित शर्मा, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग को मनरेगा श्रमिक दिखाने पर जांच के आदेश

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड हलधरमऊ के पहाड़ापुर गांव में मनरेगा से जुड़े एक गंभीर मामले में डीएम ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। शिकायत के अनुसार एक नाबालिग को जालसाजी कर बालिग दिखाकर मनरेगा में मजदूरी कराई गई। अन्नू ने आरोप लगाया है कि अब्दुल मारूफ, जिसकी जन्मतिथि विद्यालय अभिलेखों में 02 फरवरी 2010 दर्ज है, को फर्जी तरीके से बालिग दर्शाकर 5 फरवरी 2025 को जॉब कार्ड जारी कराया गया। इसके बाद फरवरी व मई-जून 2025 के दौरान उसे मनरेगा कार्यों में दिखाकर भुगतान भी लिया गया। डीएम ने सीडीओ को बीडीओ स्तर से जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है

## 16 से दो माह तक संजय सेतु पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर सरयू नदी पर स्थित संजय सेतु के मरम्मत कार्य को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। 16 अप्रैल से अगले दो महीनों तक इस पुल पर भारी और बड़े वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह रोक रहेगी। इस संबंध में प्रशासन द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं।

प्रशासन के मुताबिक, पुल की स्थिति को देखते हुए मरम्मत कार्य अत्यंत आवश्यक है, जिसे सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। इस बंदी का असर बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बस्ती, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी और नेपाल की ओर आने-जाने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। खासतौर पर मालवाहक वाहनों और लंबी दूरी के परिवहन पर इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरयू नदी पर अस्थायी पैंटून पुल तैयार कर लिया गया है, जिसे 16 अप्रैल से शुरू कर दिया जाएगा। इस पुल से साइकिल, मोटरसाइकिल, कार, जीप, एम्बुलेंस और स्कूल वैन जैसे हल्के वाहनों का संचालन किया जा सकेगा।

## घर में आग से हजारों का सामान जला

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कोटिया मदारा के मजरा अशोकवापुर में बीती रात लगभग आठ बजे फूस से बने घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। गांव निवासी रामेश्वर यादव ने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और उसके घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया जिससे आसपास के अन्य घरों को बचाया जा सका। क्षेत्रीय लेखपाल जयप्रकाश ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है, मौके पर पहुंच कर नुकसान का आंकलन किया जाएगा।

**उपलब्धि** जिले के दो शिक्षकों को मिला शैक्षिक नवाचार का राष्ट्रीय पुरस्कार

## राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान से नवाजे गए सौरभ व विवेक




लखनऊ में सम्मान प्राप्त करते सौरभ व विवेक पाठक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** परिषदीय स्कूल के दो शिक्षकों ने शैक्षिक नवाचार का राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर पूरे प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग और जिले का नाम रोशन किया है। रविवार को राजधानी लखनऊ के होटल अम्बर में आयोजित भव्य साहित्यिक एवं सम्मान समारोह में कम्पोजिट विद्यालय पिपरापदुम (झंझरी) के शिक्षक सौरभ कुमार गुप्ता तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा (रुपईडीह) के शिक्षक विवेक पाठक को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत की नामचीन हस्तियों की उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान दुर्गेश्वर राय द्वारा संपादित पुस्तक मेरी शिक्षकीय यात्रा का विमोचन मुख्य अतिथि राम नगीना मौर्य (पूर्व विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सचिवालय) एवं विशिष्ट अतिथि शिव मोहन यादव (संपादक, एनसीईआरटी नई दिल्ली) तथा डॉ. सुरेंद्र कुमार आर्यन (संस्थापक, लोक संग्रहालय एवं शोध संस्थान, देहरादून) ने किया। इस पुस्तक में सौरभ कुमार गुप्ता और विवेक पाठक के प्रेरणादायी लेखों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों शिक्षकों की मौजूदगी में जिले के इन दोनों शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने से जनपद में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम में अतिथियों ने दोनों शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और लेखन की सराहना करते हुए इसे नई पीढ़ी के शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी और मार्गदर्शक बताया।

## विद्यालय से रसोई गैस सिलेंडर व चूल्हा चोरी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत चकशिवरहा गांव स्थित एक कंपोजिट विद्यालय में शनिवार की रात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर गैस सिलिंडर और चूल्हा चोरी कर लिया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार ने बताया कि रविवार सुबह स्थानीय लोगों से घटना की सूचना मिलने पर जब वे विद्यालय पहुंचे, तो रसोई घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान गायब था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों और पुलिस को दी। मामले में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक उठा ले गए चोर

**मनकापुर, अमृत विचार :** चोर घर दरवाजे पर खडी बाइक चुरा ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। क्षेत्र के बैरीपुर नाथ के मजरा नई बस्ती के रहने वाले उमेशधर द्विवेदी पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि घर के सामने खडी होरो हाण्डा बाइक चोर ले गए। मामले मे पुलिस मुकादमा दर्ज कर जांच-पड़ताल मे जुटी है।

### गांव में निकला अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



पकड़ा गया अजगर। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के पर्वती गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक अजगर दिखाई दिया। गांव के रोजगार सेवक राम भवन वर्मा ने बताया कि अजगर निकलने की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानी पूर्वक अजगर का रेस्क्यू किया। वन दरोगा कमल सिंह के अनुसार, पकड़े गए अजगर को सुरक्षित रूप से वन संरक्षित क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

### किशोरी को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप

**मनकापुर, अमृत विचार :** किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले मे पुलिस पीडित पिता के तहरीर पर तीन लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मुकादमा दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले पुलिस को दिए तहरीर मे कहा कि बीते गुरुवार के रात्रि लगभग 4 बजे विपक्षी प्रिन्स कुमार साहू, भोला गुप्ता व प्रिंस भारती ने 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गये। पुत्री जाते समय घर के कुछ जेवरात भी साथ ले गई। मामले मे पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकादमा दर्ज कर बरामदगी मे जुटी है।

# तय समय में पूरा करें निर्माण कार्य : डीएम

## तहसील सदर क्षेत्र स्थित ग्राम घुघुलपुर में निर्माणाधीन बस स्टेशन का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के तहसील सदर क्षेत्र स्थित ग्राम घुघुलपुर में निर्माणाधीन बस स्टेशन का जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, गति और समयसीमा को लेकर अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि बस स्टेशन निर्माण कार्य जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि आमजन को जल्द बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्य की सतत निगरानी के लिए प्रगति का बार चार्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बार चार्ट के माध्यम से कार्य की दैनिक एवं साप्ताहिक प्रगति का आकलन किया जाएगा, जिससे निर्माण में आने वाली बाधाओं को समय रहते दूर किया जा सके।

इसके साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


निर्माणाधीन बस अड्डे का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

## बालिका डिग्री कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम घुघुलपुर में निर्माणाधीन राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज का शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को अप्रैल माह तक सभी कार्य पूर्ण कर भवन हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि कॉलेज भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि आगामी नए शैक्षणिक सत्र से कॉलेज का संचालन शुरू कराया जा सके। उन्होंने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करते हुए गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि यह राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेगा और दूर-दराज जाने की समस्या भी कम होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉलेज संचालन को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों की नियुक्ति के लिए शासन स्तर पर समानांतर रूप से आवश्यक पत्राचार किया जाए, ताकि समय से शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ हो सकें।

इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भांभर रेंज में 24 घंटे सर्च ऑपरेशन जारी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भांभर रेंज के रेहरा गांव में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना के बाद वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। वन क्षेत्र से सटे गांवों में 24 घंटे गश्त, सर्च ऑपरेशन और वन्यजीवों की ट्रैकिंग लगातार की जा रही है।

वन विभाग की टीम ने 11 और 12 अप्रैल को सुबह रेहरा, बेलभरिया, परसरामपुर और पिपरा सडवा गांवों के आसपास करीब 4 से 6 किलोमीटर तक पैदल गश्त कर तेंदुए के पगचिह्न तलाशे, हालांकि पुष्टि नहीं हो सकी।

फील्ड स्टाफ द्वारा रेहरा, भुकुरवा, परसरामपुर, गिद्धहवा समेत आसपास के गांवों में पेट्रोलिंग कर लोगों से वन्यजीवों की गतिविधियों की जानकारी ली जा रही है। रेहरा और परसरामपुर में ड्रोन कैमरे से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों को बैनर, पोस्टर, ई-रिक्शा और लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। शाम के समय वन क्षेत्र के पास पटाखे छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि हिंसक वन्यजीव आबादी की ओर न बढ़ें।

## ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुन भक्त भावविभोर

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ के अतरौलिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। अयोध्या से आए कथा प्रवाचक रघुनाथ शास्त्री महाराज ने ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि मात्र पांच वर्ष का बालक भी यदि सच्चे मन से माता की आज्ञा का पालन करे और भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा रखे, तो वह भगवत प्राप्ति कर सकता है।

उन्होंने कहा कि ध्रुव ने अपनी सौतेली माता के तिरस्कार के बावजूद हार नहीं मानी और कठोर तपस्या कर भगवान की गोद प्राप्त की। इस प्रसंग के माध्यम से प्रवाचक ने स्पष्ट किया कि भगवान को पाने के लिए उम्र नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम और भक्ति की आवश्यकता होती है। उन्होंने प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति होती है कि भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए खंभे से भी प्रकट हो जाते हैं।

## तीन एडीओ (पंचायत) समेत सात अफसरों पर कार्रवाई की आंच

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के भुगतान को लेकर अनियमितता का मामला सामने आया है। पंचायत भवन के निर्धारित सिस्टम के बजाय बाहरी स्थानों से भुगतान किए जाने की पुष्टि होने पर तीन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) समेत सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन में जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों का भुगतान पंचायत भवन में स्थापित कंप्यूटर और डोंगल के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। लेकिन कुछ स्थानों पर इस नियम की अनदेखी करते हुए साइबर कैफे या अन्य बाहरी जगहों से भुगतान किए गए। इससे पारदर्शिता की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। समीक्षा के दौरान एक से 28 फरवरी के बीच गैसड़ी ब्लॉक की गुलरिहा अहिरौली, पचपेड़वा ब्लॉक की बेतहनिया करैहिया, मिश्रौलिया, नरचहवा सैफ तथा हरैया सतघरवा ब्लॉक की धामाचौरी ग्राम पंचायत में भुगतान प्रक्रिया में गड़बड़ी पाई गई। इन पंचायतों में निर्धारित नियमों को दरकिनार कर भुगतान किए जाने के प्रमाण मिले हैं। नोटिस पाने वालों में गैसड़ी ब्लॉक के एडीओ पंचायत राधेश्याम यादव, पचपेड़वा के एडीओ पंचायत संजीव कुमार कैराती और प्रवीण गुप्त शामिल हैं। वीडीओ बृजेश कुमार अंबानी, नीलेश श्रीवास्तव तथा ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार शिल्पकार और लालजी मिश्र को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने बताया कि पंचायत गेटवे पोर्टल पर भुगतान की समीक्षा के दौरान अनियमितता उजागर हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों के विपरीत कार्य करने वाले अधिकारियों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार परामर्श केंद्र में सुलझे दो विवाद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में आयोजित बैठक में दो पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण किया गया। यह कार्रवाई एसपी विकास कुमार के निर्देशन एवं एएसपी विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। बैठक में प्रस्तुत मामलों पर परामर्शदाताओं ने सक्रिय मध्यस्थता करते हुए पति-पत्नी एवं परिजनों के बीच आपसी सुलह और समझौता कराया।

परामर्शदाताओं ने दंपतियों को आपसी संवाद बनाए रखने तथा विश्वास के साथ नई शुरुआत करने की सलाह दी। निस्तारित मामलों में कुशुमा बनाम रामप्रीत निवासी पचपेड़वा तथा पूजा मिश्रा बनाम शिव शंकर मिश्रा शामिल रहे। विवाद निस्तारण में वंदना मिश्रा, देवतादीन दूबे, तनवीर जहां, थाना प्रभारी पूनम यादव, महिला आरक्षी गुलअफ्शां बानो, पूजा व हेमा का योगदान रहा।

## अंशुमान मेडिकल क्लीनिक सीज, संचालक पर मुकदमा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में अवैध चिकित्सा केंद्रों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ललिया बाजार स्थित अंशुमान मेडिकल क्लीनिक को सीज कर दिया। क्लीनिक संचालक के विरुद्ध ललिया थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव व टीम ने छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की। जांच में क्लीनिक बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल सीज करने की कार्रवाई की गई।

एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में बिना पंजीकरण या मानकों के विपरीत चल रहे अस्पताल, पैथोलॉजी सेंटर और क्लीनिकों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सीएमओ ने सभी संचालकों को शासन के मानकों का पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


अवैध क्लीनिक सीज करते अपर सीएमओ। ● अमृत विचार

## एमएलके पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन, उत्कृष्ट सहयोगियों को मिला सम्मान



राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्राचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन, वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सहयोगियों व स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय, मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. आरबी श्रीवास्तव, प्रो. वीणा सिंह, प्रो. रेखा विश्वकर्मा एवं गुणवत्ता प्रकोष्ठ समन्वयक प्रो. एसपी मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. सुनील कुमार शुक्ल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार भारतीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान, कला और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का सशक्त माध्यम है। वहीं डॉ. आरबी श्रीवास्तव ने योग, आयुर्वेद, हस्तकला और लोककथाओं जैसे पारंपरिक ज्ञान को कानूनी सुरक्षा देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. एसपी मिश्र ने संगोष्ठी की उपयोगिता बताते हुए सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋषि रंजन पाण्डेय ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. आरबी त्रिपाठी, सुशील मिश्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मेलों में 1793 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1793 मरीजों को उपचार मिला। लाभार्थियों में 824 पुरुष, 761 महिलाएं और 208 बच्चे शामिल रहे।

मेलों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

## आग से 25 बीघा गेहूं की फसल राख


आग लगने से जली गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** रविवार दोपहर ग्राम पंचायत नवाजपुर में शॉर्ट सर्किट से हुए अग्निकांड में छह किसानों की करीब 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया गया कि दोपहर करीब 1:30 बजे किसान खेतों से घर जा चुके थे। कई किसानों ने गेहूं की कटाई कर फसल एकत्रित कर ली थी और उसे घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान हाईटेंशन तार आपस में टकराने से निकली चिंगारी खेतों में जा गिरी, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। अब्दुल वदूद, अब्दुल अहद, पेशकार, पताली, दिलदार और संतराम की फसल आग की चपेट में आ गई। किसान अपनी मेहनत की कमाई को जलते देख बेबस हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना के काफी देर बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। क्षेत्रीय लेखपाल पवन गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल बंद मिला। वहीं तुलसीपुर एसडीएम राकेश कुमार जयंत ने बताया कि लेखपाल को भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाएगा।

## बकरा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन बकरों व बकरियों की चोरी कर लिया। ग्राम सलार पुरवा पतिसा निवासी अब्दुल कादिर ने बताया कि 8 अप्रैल की रात उनकी दुकान के बाहर बंधे दो बकरे चोरी हो गए। खोजबीन के दौरान गांव की जफरूननिशा ने भी अपने घर से दो बकरे चोरी होने की जानकारी दी। वहीं रहमतुलनिशा ने बताया कि उनके घर के बाहर बंधी एक बकरी, चार बकरे और एक तीन माह का बच्चा भी चोरी हो गया। पीड़ितों ने दिनभर तलाश की और गांव के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सभी ने थाने पहुंचकर संयुक्त रूप से रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि बकरों के चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## यात्रियों को बांटी मिठाई व पानी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** धर्मजागरण बाराबंकी धाम के तत्वावधान में पैंतीपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित रेलमेध यज्ञ के अवसर पर यात्रियों को मिष्ठान व शुद्ध जल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा लगातार चौथे वर्ष रेलवे स्टेशनों पर संचालित सेवा अभियान का हिस्सा है। कार्यक्रम के तहत सीतापुर से गोंडा तथा गोंडा से सीतापुर के बीच संचालित पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों को मिष्ठान और जल वितरित किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व संयोजक अमित अवस्थी (अधिवक्ता) ने किया। इस दौरान राधेश्याम मौर्य, राजेश सिंह, सुजीत पाठक, हिमांशु यादव, नीलेश निगम, दिनेश प्रसाद मिश्र, सौरभ मिश्र, राजकुमार, रामसेवक, देवेंद्र सिंह सहित कई धर्मसेवक मौजूद रहे। इसी अवसर पर दासगणु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. ऋषिकांत शुक्ल, सहायक राधा, वंदना मौर्य और उदय प्रताप की टीम ने ग्रामीणों के दांतों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। अंत में पैंतीपुर रेलवे स्टेशन प्रभारी संगीत पाठक ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को जल और मिष्ठान वितरण हमारी परंपरा का हिस्सा है, जिसे रेलमेध यज्ञ के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## विहिप का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को विजई हनुमान मंदिर सभागार में हुआ। समापन सत्र में विहिप के क्षेत्र संयोजक (विधि प्रकोष्ठ, पूर्वी उत्तर प्रदेश) बृजेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं व प्रबुद्धजनों को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की गतिविधियों और समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मातृ शक्ति और समाज के सभी वर्गों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही हिंदू समाज को संगठित होकर अपने मानबिंदुओं की रक्षा के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वर्गाधिकारी वीरेंद्र राय, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह 'मुन्ना', विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिला मंत्री मनोज तिवारी, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, दुर्गा वाहिनी संयोजिका रुचि सिंह, मातृ शक्ति संयोजिका कुसुमलता सोनी, सह जिला मंत्री राजेंद्र सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित हुए होनहार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के कमरियाबाग स्थित किंग जार्ज इण्टर कालेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 अज़ीज खान, चेयर परसन आयशा खानम, बीएसए नवीन पाठक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अवधेश प्रसाद उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता सिंह व अतिथियों दीप प्रज्जवलित कर प्रोग्राम का शुम्भारम्भ किया। इस दौरान छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुये कालेज द्वारा क्लास में अच्छा प्रदर्शन करने बोल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।



नारी शक्ति वंदन अभियान की बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर भाजपा की तैयारियों में आयी तेजी, होंगे विविध कार्यक्रम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को अटल भवन कार्यालय में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की, जिसमें पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की। अभियान की जिला संयोजिका एवं जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा ने बताया कि 15 से 20 अप्रैल तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, स्कूटी रैली, विजय दौड़, लेखन प्रतियोगिता, दीवार हस्ताक्षर अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी, प्रेस वार्ता, नारी शक्ति मार्च तथा प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव जैसे आयोजन होंगे। उतरौला पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह 'पिंकू' ने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर अनूप गुप्ता, संजय शुक्ला, ललित तिवारी, अवधेश तिवारी 'तरुण', अवधेश पाण्डेय, साधना पाण्डेय, नंदिनी शुक्ला, प्रतिमा मिश्रा, सरोज तिवारी, सरिता शुक्ला, संदीप उपाध्याय, अमरनाथ शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सब्जी मंडी में पेयजल व्यवस्था फेल

- **वाटर पोस्ट बने सफेद हाथी, मंडी में गर्म पानी से बढ़ी परेशानी**

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** उतरौला रोड स्थित सब्जी मंडी में गर्मी बढ़ते ही पेयजल संकट गहरा गया है। मंडी में लगे हैंडपंप और वाटर पोस्ट स्टैंड से ठंडे पानी के बजाय गर्म पानी निकल रहा है, जिससे व्यापारी, किसान और ग्राहक परेशान हैं। मंडी में रोजाना सैकड़ों लोग खरीद-फरोख्त के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें पीने के लिए स्वच्छ व ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा। ऐसे में दुकानदार घर से डिब्बों में पानी लाने या बाजार से बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं।

व्यापारियों का कहना है कि इंडिया मार्का हैंडपंपों में से कई खराब हैं, जबकि कुछ से दूषित पानी निकल रहा है। छोटे नलों से भी गर्म पानी ही मिल रहा है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। सब्जी विक्रेताओं अनिल, अवनीश, राजकुमार, भवानी, जगत प्रसाद और स्वामी नाथ ने बताया कि पानी टंकी से कभी-कभार ही सप्लाई मिलती है, जबकि लाखों की लागत से बनी टंकी वर्षों से बेकार पड़ी है। पेयजल संकट का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। ग्राहक अधिक देर तक मंडी में रुकना नहीं चाहते, जिससे बिक्री प्रभावित हो रही है। फल-सब्जी मंडी एसोसिएशन अध्यक्ष अब्दुल कलाम ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने मंडी में वाटर कूलर लगाने की मांग की है। वहीं हामिद अली राईनी ने कहा कि व्यापारी कारोबार करें या फिर अपनी समस्याएं अधिकारियों तक पहुंचाएं।

**लाखों खर्च, फिर भी नहीं मिली राहत :** परिसर में मंडी परिषद द्वारा चार वाटर पोस्ट स्टैंड बनवाए गए हैं लेकिन रखरखाव के अभाव में वह बेअसर साबित हो रहे हैं। गर्मी में भी इनसे गर्म पानी ही निकल रहा है, जिससे लोग डिब्बाबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं।


निष्प्रयोज्य पड़ी पानी की टंकी। ● अमृत विचार


खराब पड़ा वाटर पोस्ट। ● अमृत विचार

> पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर पोस्ट स्टैंड और हैंडपंप लगाए गए हैं तथा नियमित साफ-सफाई कराई जाती है। अगर कहीं गड़बड़ी है तो उसे ठीक कराया जायेगा।
> **– राजेश यादव**, सचिव- कृषि उत्पादन मंडी समिति

कार्यक्रम | वर्ष 1980 में महंत गुरु अवैद्यनाथ द्वारा की गई थी स्थापना

## विश्व हिंदू महासंघ के स्थापना दिवस पर निकली बाइक रैली

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के 46वें स्थापना दिवस पर रविवार को जनपद मुख्यालय में बाइक रैली निकालकर उत्सव मनाया गया। नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया गंगा शर्मा कौशिक ने किया। रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकता, सामाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश दिया।

रैली गौरा चौराहा स्थित मथुरा बिलासपुर मंदिर से शुरू होकर भगवतीगंज, राम जानकी मंदिर सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जिला कार्यालय पहुंची। वहां पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने झंडारोहण कर स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि गंगा शर्मा कौशिक ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान चौधरी विजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदू समाज को संगठित और रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1980 में महंत गुरु अवैद्यनाथ द्वारा नेपाल से विश्व हिंदू महासंघ की स्थापना की गई थी। कार्यक्रम में जीवनलाल, विजय प्रताप सोनी, शिवकुमार वाल्मीकि, प्रेमनाथ मिश्रा, संतोष कुमार दुबे, मिथिलेश गिरी, सुग्रीव कश्यप, रामकिशन चौधरी, जय सिंह, मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, जगदंबा प्रसाद द्विवेदी, बनारसी जायसवाल, रामसूरत यादव, गिरिजा प्रसाद पांडे, चेतराम यादव, सुनील तिवारी, रवि प्रताप यादव, राहुल यादव, श्रीराम जायसवाल, अजय कुमार तिवारी, शिवप्रसाद मिश्र, विश्वनाथ गिरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


स्थापना दिवस समारोह के दौरान मौजूद विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## आभूषण चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने सर्राफा दुकानों में चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को हरिहरगंज बाजार स्थित सर्राफा दुकान से दो महिलाओं ने खरीदारी के बहाने जेवर चोरी कर लिए थे। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस टीम ने बस्ती जनपद के थाना कलवारी क्षेत्र से तीनों को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में इन्द्रभान यादव उर्फ भाटे पुत्र राम बुझारत निवासी ग्राम दौलतपुर महमुदपुर, थाना बसखारी, जनपद अंबेडकरनगर, सोनू उर्फ कमलावती पत्नी कन्हई निवासी ग्राम टंडरहिया, थाना लालगंज, जनपद बस्ती तथा सुमित्रा पत्नी इन्द्रभान यादव निवासी ग्राम दौलतपुर महमुदपुर, थाना बसखारी, जनपद अंबेडकरनगर शामिल हैं।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बलरामपुर और गोंडा में चोरी की वारदात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अंगूठी, झुमकी, बाली, झाला, लॉकेट, नगदी, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद कर न्यायालय भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

**जमुनहा (श्रावस्ती):** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर निवासिनी अनीता देवी (25) पत्नी चौधरी रविवार गेहूं कटाई करके गेहूं को इकट्ठा कर रही थी तभी पैर में आकर सांप ने काट लिया तो महिला की हालत बिगड़ने लगी। तभी परिजनों के द्वारा देरी न कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर लाया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### मार्ग दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**जमुनहा (श्रावस्ती):** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारी के मजरा गणेशपुर स्थित ईदगाह के निकट एक दुकान पर काम कर रहा मैकेनिक नईम खान (23) निवासी उर्रा बाजार थाना मोतीपुर जिला बहराइच मल्हीपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप गया था। शिकारी के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। घटना में उसे गंभीर चोट आई। उसे एम्बुलेंस सीएचसी मल्हीपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बहराइच रेफर कर दिया गया।

### जेवर व नकदी के साथ दो चोर गिरफ्तार

**बदला चौराहा (श्रावस्ती:** हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के जयपत्तर पुरवा गांव निवासी धर्मराज यादव सात अप्रैल को गिरंट पुलिस को चोरी की सूचना दी थी। पुलिस को बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसके घर से जेवर व नकदी की चोरी कर ली है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और चोरों की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम की ओर से घटनास्थल का निरीक्षण किया, मौके से साक्ष्य संकलित किया गया। पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। रविवार को गिरंट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुजानडीह जंगल के पास से दो चोरों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान कासिम उर्फ कनऊ उर्फ राजू पुत्र रहीस निवासी कलंदरी पुरवा व शिव कुमार उर्फ शिवा पुत्र कन्धई निवासी बहोरवा के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो बिछिया सफेद धातु, दो मोबाइल फोन व चार हजार रुपये नकदी बरामद किया। कासिम के विरुद्ध गिरंट व सोनवा थाने में चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय, उपनिरीक्षक आलोक चन्द्रा, योगेन्द्र यादव, मुख्य आरक्षी श्याम सुन्दर यादव व आरक्षी राम जनम मौर्य शामिल रहे।

# शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें: एसपी

## पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल के कर्मियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिले के थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, तकनीकी जांच की गुणवत्ता एवं विभिन्न पोर्टलों के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी साइबर हेल्प डेस्क कर्मी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराएं।

बैठक के दौरान एसपी ने विशेष रूप से वित्तीय साइबर अपराधों (जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, यूपीआई, नेट बैंकिंग धोखाधड़ी आदि) के मामलों में तत्काल रिस्पॉन्स देते हुए संबंधित बैंकों एवं नोडल एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम धनराशि होल्ड, रिकवर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 1930 हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया कि डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं विधिक रूप से संकलन सुनिश्चित करें, जिससे विवेचना सुदृढ़ हो सके। आईटी एक्ट एवं संबंधित धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित जिला साइबर टीम- साइबर क्राइम थाना, सेल के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक लेते एसपी व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### 22 को होगा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन

**बहराइच, अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि का कार्य 21 अप्रैल तक पूर्ण कर निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 अप्रैल को किया जायेगा।

**फार्मर रजिस्ट्री धारित कृषकों को मिलेगा उद्यान विभाग की योजना का लाभ, बहराइच:** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2026-27 में उद्यान विभाग द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य अभिलेख होगा। अर्थात फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले कृषक खाद, बीज, कीटनाशक या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त कर सकेंगे। श्री चौधरी द्वारा कृषकों को सुझाव दिया गया है कि विभाग के क्षेत्रीय कर्मवारियों अथवा जिला उद्यान कार्यालय बहराइच से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भी कृषकों से अपील की है कि शीघ्र से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें ताकि आपको योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त होता रहे।

# परिजनों की डांट से नाराज किशोरी मोबाइल टॉवर पर चढ़ी

संवाददाता, बहराइच

- रामगांव में पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने नीचे उतारा

**अमृत विचार।** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 17 साल की किशोरी परिजनों की डांट से नाराज होकर मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। इसकी सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस व क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे नगर कोतवाल ने किशोरी से बात कर उसे करीब एक घंटे तक समझाया जिसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से उसे सकुशल नीचे उतार लिया गया।

तमाचपुर ग्राम की रहने वाली रूमाना उम्र 17 वर्ष देर रात परिवहन कार्यालय के पास लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। सूचना पर परिवार के लोग व पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे इस दौरान नगर कोतवाल व परिवार के लोग उसे नीचे उतरने के लिए समझाते रहे। किशोरी को सुरक्षित उतारने के लिए अग्निशमन अधिकारी पुलकित चौधरी भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी मान-मनौव्वल के बाद करीब एक घंटे के बाद किशोरी को सकुशल नीचे उतार लिया गया। नीचे आने के बाद परिजनों ने बताया कि किशोरी मानसिक रूप से बीमार चल रही है।



मोबाइल टॉवर पर चढ़ी किशोरी।

# नदी में डूबकर बालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, बहराइच

- हरदी इलाके में मवेशी चराने गया था बालक

**अमृत विचार।** जिले के हरदी इलाके में मवेशी चराने गया एक बालक नदी में डूब गया। इस दौरान मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसे बाहर निकला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जिले के हरदी इलाके में रहने वाले अखिलेश नाम के ग्रामीण का बेटा सनी (दस वर्ष) मवेशी को चराने के लिए लेकर चहलारी घाट गया था। इसी दौरान प्यास लगने पर वह नदी के किनारे पानी पीने चला गया, तभी अचानक पैर फिसलने से वह घाघरा नदी में डूब गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी अधिक होने के चलते वो डूब गया। लोगों ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी जिसके बाद सभी मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी पर स्थानीय गोताखोरों ने करीब एक घंटे की मेहनत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद गमगीन परिजन। अमृत विचार

# बांस की कोठी में लगी आग, हड़कंप

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधानगर गांव में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गांव के किनारे स्थित बांस के झुंड में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण पास ही स्थित घूर (कूड़े के ढेर) में डाली गई चिंगारी बताई जा रही है। समय रहते दमकल और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे पास ही स्थित गेहूं की फसल जलने से बच गई।

जानकारी के अनुसार, राधानगर निवासी ग्रामीणों ने बताया कि बांस की कोठी के पास ही कूड़े का ढेर (घूर) लगा हुआ है। रविवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने कूड़े के साथ आग डाल दी थी। दोपहर की तेज हवा के चलते कूड़े की आग बांस के सूखे पत्तों तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा बांस को जलते देख ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया और निजी संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच किसी ने यूपी 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गनीमत रही कि आग को समय रहते रोक लिया गया। घटनास्थल के ठीक बगल में ही किसानों की गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग खेतों तक पहुंच जाती, तो इसे रोकना नामुमकिन होता और भारी तबाही हो सकती थी। आग बुझने के बाद किसानों और स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।



आग बुझाते दमकल विभाग के कर्मचारी और जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

- राधानगर गांव में लगी आग को बुझाने में करनी पड़ी मशक्कत

### श्रीराम कथा सुनने से होता है कल्याण: भरतदास

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** बभनपुरवा में संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास की ओर से प्रभु श्रीराम की कथ सुनाई। कथा सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। विकास क्षेत्र जमुनहा के बभनपुरवा गांव स्थित गोविंद दास महाराज कुट्टी में सात दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ शनिवार रात में हुआ। अयोध्या से पधारे कथा व्यास भरत दास त्यागी ने पहले दिन अरती पूजन के साथ श्रीराम की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्हें पुरुषों में उत्तम माना गया है। प्रभु श्रीराम की कथा सुनने से न केवल पाप का नाश होता है बल्कि लोगों का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के बताए मार्ग पर चलकर महान बना जा सकता है। राज पाठ होने के बाद भी वह अपने वचन पालन के लिए 14 वर्षों तक वनवास में रहकर पुत्र धर्म का पालन किया। वहीं बलरामपुर के बरदौलिया से आए कथा व्यास अशोक महाराज ने भी श्रीराम के जीवन चरित्र का वर्णन किया। जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए।

### घर पहुंचा युवक का शव, परिजनों में कोहराम

**मल्हीपुर (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के बाढ़ियन पुरवा निवासी जितेन्द्र कुमार (32) 29 मार्च की देर शाम को गांव के ही दान बहादु के साथ बदला पेट्रोलपम्प से बाइक में पेट्रोल भराकर घर लौट रहा था। गिरंट जंगल के पास नीलगाय से टकराकर दोनों घायल हो गए थे। जिसमें जीतेन्द्र का लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार सुबह जीतेन्द्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसका शव घर लाया गया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख चीत्कार मच गया।

### जिद्दी एलेवन को हराकर किंग्स स्पोर्ट्स बनी विजेता

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** आईपीएल की तर्ज पर जूनियर हाईस्कूल क्रिकेट मैदान पर चल रही पयागपुर प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में किंग्स स्पोर्ट्स क्लब ने जिद्दी एलेवन को पराजित किया। तहसील मुख्यालय के सामने स्थित जूनियर हाईस्कूल क्रिकेट मैदान पर आयोजित पयागपुर प्रीमियर लीग 2026 टूर्नामेंट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गये छठवे मुकाबले में किंग्स स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने जिद्दी एलेवन को 101 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।रविवार को किंग्स स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित दस ओवर में शानदार 190 रन बनाये।टीम की तरफ से गोविंद शुक्ला ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुये मात्र सत्रह गेंदों में नौ छक्के और एक चौके की मदद से 64 रन,तथा आमिर ने 42,मोनू व अखिल ने क्रमश :38 और 22रनों की उम्दा पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिद्दी एलेवन की टीम किंग्स स्पोर्ट्स के गेंदबाजों के सामने लड़खड़ाती नजर आयी।टीम निर्धारित ओवरों में अपने सात महत्वपूर्ण विकेट गंवाकर महज 88 रन ही बना सकी।किंग्स स्पोर्ट्स क्लब के हरफनमौला खिलाड़ी गोविंद शुक्ला ने बल्लेबाजी में जहाँ अर्धशतकीय पारी खेलते हुये 64 रन बनाये,वही उन्होंने गेंदबाजी में भी दो महत्वपूर्ण विकेट झटके,जिन्हें मैन आफ द मैच के पुरुस्कार से नवाजा गया।आयोजक अखिल सिंह द्वारा उन्हें ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता के आयोजक अखिल सिंह ने बताया कि प्रीमियर लीग का सीधा प्रसारण चैनल द्वारा किया जा रहा है।नाक आउट प्रतियोगिता में शामिल बारह टीमों के मध्य प्रत्येक दिन तीन मुकाबले खेले जा रहे है। इस अवसर पर आयोजक अंकुर सिंह ,आशीष सिंह,अम्बर कश्यप,सूरज सिंह, कुलदीप शर्मा, गोलू, विनीत आदि लोग रहे।



मैच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, 10 घायल

संवाददाता, श्रावस्ती

- भारीगांव के सामने अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटा

**अमृत विचार।** सवारी लेकर जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में दंपति समेत 11 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मनपुर बाजार से रविवार को ई-रिक्शा पर सवार होकर लोग बहराइच जिले के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र स्थित गगनचक गांव जा रहे थे। भिनगा-बहराइच हाईवे पर सोनवा थाना क्षेत्र के भारीगांव के सामने अचानक एक महिला ई-रिक्शा के सामने आ गई। जिससे टकराकर ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में गगनचक निवासी नफीस (35) पुत्र मुस्तफा, उसकी पत्नी जैनब (32), उसकी बेटी मारिफा (12), पुत्र आहिल (7), साहिबा (22) पत्नी एजाज अहमद, एजाज की पुत्री बुशरा (3), व शिजरा (1), सना (8) पुत्री चंदर, नासरीन (17) नूरअली, भिनगा के लक्ष्मनपुर निवासी चालक दिनेश कुमार (20) पुत्र कमलचन्द्र व भारीगांव निवासी सुनीता (30) पत्नी अलखराम समेत कुल 11 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने जैनब को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जैनब की फाइल फोटो।

**तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक को टक्कर, युवक का हाथ टूटा, जरवलरोड (बहराइच):** थाना जरवल रोड क्षेत्र में लखनऊ बहराइच मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नासिर गंज , जरवल गावं निवासी राधे पुत्र राम प्रसाद ने थाना जरवल रोड में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने साथी अर्जुन कुमार पुत्र हरिश्चंद्र के साथ मोटरसाइकिल) से जरवल कस्बा से अपने घर लौट रहे थे। बताया गया कि नायरा पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में राधे का बायां हाथ टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राधे ने बताया कि घटना के बाद वह लगातार अपना इलाज करवा रहा था, जिसके चलते अब जाकर उसने पुलिस को घटना की सूचना दी है।

# शिक्षक विवेक डायमंड आइकन अवॉर्ड से सम्मानित

**श्रावस्ती।** जिले के एक शिक्षक को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। शिक्षक को ग्लोबल डायमंड आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला है। अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन और ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवार्ड 2026 में देश, विदेश और प्रदेश की 200 प्रतिभाओं को जयपुर में सम्मानित किया गया। जिले श्रावस्ती जनपद के शिक्षा क्षेत्र इकौना स्थित पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर में तैनात सहायक शिक्षक विवेक पटेल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व महत्वपूर्ण योगदान देने के करने के लिए डायमंड आइकॉन अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। डायमंड आइकन अवार्ड प्राप्त करते हुए विवेक पटेल ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ एक धातु का टुकड़ा नहीं बल्कि सालों की कड़ी मेहनत, अटूट विश्वास और समर्पण का परिणाम है। डायमंड आइकन अवार्ड प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# पंच निष्ठाओं पर कार्य करती है भाजपा: मणीन्द्र पांडेय

संवाददाता, श्रावस्ती

**कार्यक्रम**

- पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान सम्पन्न

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान चलाया जा रहा था। जिसका समापन रविवार को हुआ। जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण अभियान के अंतिम दिवस समापन कार्यक्रम का आयोजन भिनगा के दीप वाटिका लान में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री मणीन्द्र पांडेय व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा रहे। क्षेत्रीय मंत्री मणीन्द्र पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन पर आधारित है। जिसके व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि और प्रकृति जैसे चार महत्वपूर्ण आयाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकात्मता, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, सामाजिक, आर्थिक विषयों पर गांधीवादी दृष्टिकोण, सर्वधर्म समभाव तथा मूल्य आधारित राजनीति जैसी पंच निष्ठाओं पर कार्य करती है। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री ने प्रशिक्षण आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ भी किया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि 2014 से केन्द्र में मोदी जी की सरकार आने के बाद सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए भारत को विश्व में विश्वगुरु की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, शंकर दयाल पाण्डेय, दिवाकर शुक्ला, पूजा पाण्डेय, पुरुषोत्तम कौशल, नेकराम पाण्डेय, संजू तिवारी, अरुण पाण्डेय, विनोद साहू, सतीश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को दी जानकारी

**नानपारा/बहराइच।** रविवार को मिशन शक्ति फेज 5 .0 के तहत थाना मटेरा क्षेत्र के निबिया बेगमपुर में चौपाल लगाकर मिशन शक्ति टीम थाना मटेरा द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजना के बारे में बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। करियर संबंधित काउंसलिंग की गई तथा महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090 ,1098 ,1076, 112 ,181, 108.... आदि व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति टीम में उ0नि0 श्री अजीत मौर्या,मुख्य आरक्षी दिग्विजय सिंह,मुख्य आरक्षी वीरेंद्र गुप्ता, महिला आरक्षी ज्ञानमती यादव सामिल रहे।



महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी।

**आयोजन** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

# सामूहिकता के आधार पर निर्णय लेती है भाजपा : बृजेश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का जिले के विभिन्न मंडलों में सफलतापूर्वक समापन हो गया। नानपारा, ऊर्रा, मटेरा, रिसिया, धनुही, अयोध्या, तेजवापुर, चितोरा और रूपईडीह जैसे क्षेत्रों में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना था। 11 और 12 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण और वर्ग गीत के साथ हुई। प्रथम दिवस के तीन सत्रों में वक्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर सत्र का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने भाजपा की कार्य पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा सामूहिकता के आधार पर निर्णय और कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के कौशल में निखार लाने और उन्हें संगठन के कार्यों का विधिवत ज्ञान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निरंतर संवाद और संपर्क ही संगठन को गतिशीलता प्रदान करता है।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष भाजपा ब्रजेश पांडेय। अमृत विचार

प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने प्रत्येक स्तर पर सक्रिय टोली और कार्य योजना के निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि कमजोर शक्ति केंद्रों और बूथों की पहचान कर वहां विशेष ध्यान दिया जाए तथा प्रत्येक बूथ पर समिति का गठन और 'मन की बात' जैसे संगठनात्मक कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाए। वक्ताओं ने समाज के उन वर्गों को चिन्हित कर साथ जोड़ने का आह्वान किया जहां संगठन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। भाजपा की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया गया कि भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज यह एक मजबूत राष्ट्रीय संगठन के रूप में स्थापित हुई है, जिसमें समर्पित कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा है। दूसरे दिन के सत्रों में आधुनिक तकनीक के उपयोग और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। समापन अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सांसद आनंद गौड़, विधायक सुरेश्वर सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, पदम सेन चौधरी, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गौड़ और जिला महामंत्री रणविजय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा में उमड़ा आस्थावानों का सैलाब

**पयागपुर (बहराइच)।** गायत्री नव चेतना विस्तार केंद्र के तत्वावधान में स्थानीय राम लीला मैदान में आयोजि सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं 7 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन सैकड़ों श्रोता भक्ति के रस में सराबोर नजर आए। शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी की ओजस्वी वाणी ने पंडाल में मौजूद हर श्रद्धालु को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यासपीठ से कथा का महत्व बताते हुए पंडित त्रिपाठी ने कहा कि जो मनुष्य श्री राम जी के चरणों में प्रीति चाहता है, उसे इस कथा रूपी अमृत को अपने कान रूपी दोने से श्रद्धापूर्वक पीना चाहिए। कार्यक्रम में वशिष्ठ तिवारी, श्याम बिहारी अग्रवाल, मालिक राम शर्मा, आशुतोष तिवारी, जगमोहन रावत, अनुराग कश्यप आदि रहे।

### कृषि विभाग चलाएगा जागरूकता अभियान

**बहराइच, अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी विशेषकर एटीएम व बीटीएम माह जून 2026 तक जागरूकता अभियान संचालित कर कृषकों को जागरूक करेंगे कि यूरिया व डीएपी के स्थान पर एनपीके, मिक्स काम्पलेक्स व एसएसपी जैसे उर्वरकों का प्रयोग करें। बताया कि यूरिया और डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से फसल उत्पादन के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों को यह भी सुझाव दिया जायेगा चावल आधारित फसल प्रणालियों में जहां विगत फसलों में फास्फोरस दिया गया हो वहां पर फास्फोरस का प्रयोग न करने न करें, क्योंकि भूमि में फास्फोरस का संचय हो जाता है। ऐसा करने से जहां लागत में कमी आयेगी वहीं मृदा स्वास्थ्य में भी गुणात्मक सुधार भी होगा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि बहराइच सहित प्रदेश के 30 जनपद ऐसे हैं जहां यूरिया और डीएपी की खपत कृषकों द्वारा अत्यधिक की जा रही है। जैव उर्वरकों, जैविक/कार्बनिक खाद, सूक्ष्म पोषक तत्व आदि का उपयोग करने हेतु जिले के किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए ग्राम स्तरीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत गांव-गांव संचालित किये जा रहे शिविरों कृषकों को यूरिया एवं डीएपी उर्वरकों के कम उपयोग तथा मृदा परीक्षण के अनुसार संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह भी दी जायेगा।



मैंने प्रेम का मार्ग अपनाने का फैसला किया है। नफरत एक बहुत बड़ा बोझ है, जिसे सहन करना असंभव है।

**-मार्टिन लूथर किंग**, अमेरिकी सिविल राइट्स एक्टिविस्ट

## चंद्रपथ से वापसी

मानव अंतरिक्ष इतिहास में आर्टीमस 2 की सफलता एक निर्णायक मोड़ है। 56 वर्षों बाद मनुष्य फिर से गहरे अंतरिक्ष में पहले से भी अधिक दूरी तय कर पाया, जहां वह अंतिम बार अपोलो 17 अभियान के दौरान पहुंचा था। यह उपलब्धि केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक और भविष्यगामी भी है। इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर उतरना नहीं, बल्कि उसके चारों ओर मानवयुक्त यान से परिक्रमा कर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना था। पर यह चंद्रमा पर उतरने से कम महत्वपूर्ण नहीं, क्योंकि इसने साबित किया कि आधुनिक तकनीक, जीवन-समर्थन प्रणाली और अंतरिक्ष यान अब मानव को चंद्रमा तक भेजने और वापस लाने में सक्षम हैं।

नासा के एसोसिएट एडमिनेस्ट्रेटर अमित क्षत्रिय का यह बयान कि चंद्रमा का रास्ता खुल गया है, केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि एक ठोस वैज्ञानिक संकेत है कि अब अगला चरण और भी जटिल होगा, यानी चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति। इस अभियान में करीब 93 अरब डॉलर के खर्च को 'दीर्घकालिक निवेश' के रूप में देखना चाहिए। अंतरिक्ष तकनीक का हर बड़ा कदम, चाहे वह जीपीएस हो, सेटेलाइट संचार या मौसम पूर्वानुमान, आखिरकार मानव जीवन को बेहतर बनाता है। आर्टेमिस-2 ने नई पीढ़ी के रॉकेट, उन्नत हीट शील्ड और सुरक्षित क्रू मॉड्यूल जैसी तकनीकों को परखा, जो आगे के मिशनों की रीढ़ बनेंगी। इस मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धि वह 'विश्वास' बहाली है, जिसने भरोसा दिलाया कि मानव फिर से चंद्रमा तक और उससे आगे भी जा सकता है, हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि अब चंद्रमा पर उतरना आसान हो जाएगा, लेकिन यह अवश्य है कि इसके सबसे कठिन चरण मानव सुरक्षा और वापसी सफलतापूर्वक पार कर लिया गया है। अब अगला लक्ष्य मानव को चंद्र सतह पर उतारना है, जिसकी संभावना इस दशक के अंत तक जताई जा रही है। भविष्य की दृष्टि से चंद्रमा केवल गंतव्य नहीं, बल्कि आगे की अंतरग्रहीय यात्रा के लिए 'लॉन्च पैड' बन सकता है। वहां पानी की उपलब्धता ईंधन उत्पादन और मानव बस्तियों की संभावना को जन्म देती है। यदि चंद्रमा पर स्थायी आधार स्थापित होता है, तो मंगल जैसे दूरस्थ अभियानों की लागत और जटिलता दोनों कम हो सकती हैं, हालांकि चंद्रमा से हीलियम-3, टाइटेनियम या अन्य खनिजों को पृथ्वी पर लाना अभी तकनीकी और आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह संभावना भविष्य की 'स्पेस इकोनॉमी' का आधार बन सकती है। मंगल पर 2030 के दशक तक मानव भेजने की नासा की योजना महत्वाकांक्षी अवश्य है, पर असंभव नहीं। आर्टेमिस-2 जैसी सफलताएं इस दिशा में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। यह भी स्पष्ट है कि यह यात्रा केवल मशीनों की नहीं, बल्कि उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के साहस की भी है, जिन्होंने इस जोखिम को स्वीकार किया।

भारतीय संदर्भ में, यह मिशन इसरो के लिए भी प्रेरणास्रोत है। भारत के चंद्रयान और गगनयान कार्यक्रमों को इससे तकनीकी और रणनीतिक दिशा मिलेगी। वैश्विक सहयोग की संभावना भी बढ़ेगी। कुल मिलाकर आर्टेमिस-2 केवल एक मिशन नहीं, बल्कि मानवता की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को लांघने का साहस रखती है।

### प्रसंगवश

## सपनों व संघर्षों के बीच उलझती बालिका शिक्षा

इस वर्ष बिहार बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परिणामों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि अवसर मिले, तो लड़कियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। 10वीं परीक्षा में कुल पास प्रतिशत लगभग 81 से 82 प्रतिशत के आसपास रहा, जिसमें लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों की तुलना में बेहतर रहा। कई टॉप रैंक पर भी लड़कियों का दबदबा देखने को मिला। इसी तरह 12वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा में भी लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जहां उनका पास प्रतिशत लगभग 85 से 86 प्रतिशत तक पहुंचा, जो लड़कों से अधिक था।

यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उन संघर्षों की जीत है, जो बिहार के ग्रामीण इलाकों की लाखों लड़कियां हर दिन लड़ती हैं। सीमित संसाधनों, पारिवारिक दबाव और सामाजिक बंधनों के बावजूद उनका यह प्रदर्शन एक नई दिशा की ओर इशारा करता



**काजल सहनी**
एक्टिविस्ट

है। अगर पिछले पांच वर्षों (2021 से 2026) के रुझानों पर नजर डालें, तो यह साफ दिखता है कि बिहार, विशेषकर उसके ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा में निरंतर सुधार हुआ है। 2021 में जहां 10वीं और 12वीं के परिणामों में लड़कियों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम थी, वहीं धीरे-धीरे उनकी उपस्थिति और सफलता दर दोनों में वृद्धि हुई है। हर साल उत्तीर्ण प्रतिशत में 2 से 5 फीसदी तक का सुधार देखा गया है। यानी अब गांवों की लड़कियां न केवल परीक्षा में बैठ रही हैं, बल्कि टॉपर्स की सूची में भी अपनी जगह बना रही हैं। यह बदलाव केवल शिक्षा प्रणाली का परिणाम नहीं है, बल्कि सामाजिक सोच में धीरे-धीरे आ रहे परिवर्तन का भी संकेत है।

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा की राह अभी भी पूरी तरह आसान नहीं है। कई लड़कियों के भीतर पढ़ने का गहरा जुनून होता है, लेकिन आर्थिक तंगी उनके सपनों के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। कई परिवारों की स्थिति ऐसी होती है कि वे अपनी बेटियों की पढ़ाई पर खर्च नहीं कर पाते और उन्हें कम उम्र में ही घर के कामों या मजदूरी में लगा देते हैं। कुछ मामलों में सामाजिक दबाव इतना अधिक होता है कि 12वीं के बाद ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है, जिससे उनका आगे पढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का सपना अधूरा रह जाता है। यह स्थिति आज भी कई गांवों की हकीकत है।

चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी स्कूलों की कमी, शिक्षकों की अनुपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है। लड़कियों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसके कारण कई परिवार उन्हें दूर के स्कूलों में भेजने से हिचकिचाते हैं। इसके अलावा, बाल विवाह की समस्या भी शिक्षा में बड़ी बाधा बनी हुई है। जब तक समाज में इस सोच को नहीं बदला जाएगा कि लड़कियों की जगह केवल घर तक सीमित नहीं है, तब तक शिक्षा का यह संघर्ष जारी रहेगा।

इस स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है कि सरकार, समाज और परिवार मिलकर एक समन्वित प्रयास करे। सबसे पहले, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। हर गांव के करीब ही गुणवत्तापूर्ण स्कूल और कॉलेज होने चाहिए, जहां लड़कियां सुरक्षित वातावरण में पढ़ सकें। इसके साथ ही, परिवारों को जागरूक करना जरूरी है कि वे अपनी बेटियों की शिक्षा को भी लड़कों के बराबर प्राथमिकता दें। पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ सख्त कदम उठाने होंगे।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## उत्तर प्रदेश: विकास और चुनौतियों के बीच संघर्ष





**राजेश श्रीनेत**
वरिष्ठ पत्रकार

सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लगभग 30.80 ट्रिलियन के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। राज्य की आर्थिक संरचना कृषि, सेवा क्षेत्र और तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश पर आधारित है। हाल के वर्षों में यहां बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय विकास हुआ है, जिससे राज्य की आर्थिक क्षमता में वृद्धि देखने को मिली है, किंतु इसके साथ-साथ कई गंभीर सामाजिक आर्थिक चुनौतियां भी मौजूद हैं।

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार लंबे समय से कृषि रही है। राज्य, देश में गेहूं, चावल, गन्ना, आलू और दालों के उत्पादन में अग्रणी है। गन्ना उत्पादन और चीनी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। बड़ी संख्या में लोग कृषि और उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर हैं, जिससे यह क्षेत्र रोजगार का प्रमुख स्रोत बना हुआ है, हालांकि खेती पर अत्यधिक निर्भरता और छोटे भूमि जोतों के कारण किसानों की आय सीमित रहती है। आधुनिक कृषि तकनीकों की कमी और बाजार तक सीमित पहुंच भी किसानों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है।

सेवा क्षेत्र ने भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से विस्तार किया है। लखनऊ, नोएडा, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों का विकास हुआ है। विशेष रूप से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आईटी कंपनियों और डेटा सेंटरों की स्थापना ने राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए व राज्य की आय में वृद्धि हुई है।

> लगभग 30.80 ट्रिलियन के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ यूपी भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है, किंतु इसके साथ-साथ कई गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां भी मौजूद हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, वस्त्र उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है। सरकार द्वारा निवेश आकर्षित करने के लिए आयोजित सम्मेलनों और नीतिगत सुधारों ने राज्य को औद्योगिक दृष्टि से अधिक आकर्षक बनाया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकास उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का एक प्रमुख आधार बन गया है। राज्य में कई आधुनिक एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों को आपस में बेहतर तरीके से जोड़ दिया है। इससे न केवल यातायात में सुधार हुआ है, बल्कि व्यापार और उद्योग को भी गति मिली है। हवाई अड्डों का विस्तार, मेट्रो परियोजनाएं और स्मार्ट सिटी योजनाएं शहरी विकास को नई दिशा दे रही हैं। साथ ही, डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स हब की स्थापना से राज्य की आर्थिक संरचना अधिक सुदृढ़ हो रही है।

राज्य का कुल आर्थिक आकार बड़ा है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय अभी भी राष्ट्रीय औसत से कम बनी हुई है। इसका मुख्य कारण राज्य की विशाल जनसंख्या है। बड़ी आबादी के कारण संसाधनों पर दबाव बढ़ता है और आय का वितरण समान रूप से नहीं हो पाता। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच स्पष्ट असमानता देखने को मिलती है, जहां शहरों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहीं गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर सीमित हैं। यह असंतुलन सामाजिक और आर्थिक विकास को प्रभावित करता है।

मानव विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा की पहुंच में सुधार हुआ है, लेकिन गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी और चिकित्सा सुविधाओं का अभाव लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित करता है। मातृ और शिशु मृत्यु दर में सुधार हुआ है, लेकिन यह अभी भी अपेक्षाकृत अधिक है।

रोजगार के क्षेत्र में भी राज्य को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में युवा रोजगार के बेहतर अवसरों की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। यह प्रवृत्ति राज्य की आर्थिक संरचना को कमजोर करती है और स्थानीय स्तर पर विकास को प्रभावित करती है, हालांकि कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी व्यापक स्तर पर दिखाई देना बाकी है।

सामाजिक स्तर पर भी कई चुनौतियां मौजूद हैं, जिनमें गरीबी, लैंगिक असमानता और सामाजिक भेदभाव प्रमुख हैं। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी कम है और उन्हें शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।

राजनीतिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक है, क्योंकि यह लोकसभा की सबसे अधिक सीटें प्रदान करता है और केंद्र की सत्ता पर सीधा प्रभाव डालता है। राज्य में स्थिर सरकार और नीतिगत निरंतरता ने हाल के वर्षों में विकास परियोजनाओं को गति दी है, किंतु जातीय समीकरण, क्षेत्रीय असमानताएं और चुनावी प्रतिस्पर्धा नीति निर्माण को जटिल भी बनाते हैं।

सरकार द्वारा निवेश को आकर्षित करने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और प्रशासनिक सुधार लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस और विभिन्न विकास योजनाओं के माध्यम से राज्य को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। यदि इन प्रयासों को शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के साथ संतुलित किया जाए, तो राज्य अपनी विशाल जनसंख्या को एक मजबूत आर्थिक संसाधन में बदल सकता है।

### आमने सामने



महात्मा फुले ने भेदभाव मिटाने के लिए पूरी जिंदगी काम किया, लेकिन आज की सरकार इस भावना के खिलाफ काम कर रही है। मेरी सरकार के दौरान शुरू की गईं कई जनकल्याणकारी योजनाओं को इस सरकार ने बंद कर दिया। ये योजनाएं आम लोगों के लिए बेहद जरूरी थीं।

**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही है। वर्तमान सरकार ने किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को न केवल बंद किया, बल्कि उन्हें बिगाड़ने का काम कर जनता के हितों से खिलवाड़ किया।

**-डॉ. प्रेमचंद बैरवा**
उप-मुख्यमंत्री, राजस्थान



## वार्ता विफल: क्या थमेगा खाड़ी युद्ध का संकट!



**विवेक शुक्ला**
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत फिलहाल विफल हो गई है। पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही यह वार्ता खाड़ी युद्ध को खत्म करने का आखिरी मौका प्रतीत हो रही थी। फरवरी 2026 में शुरू हुए इस संघर्ष ने पहले ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को प्रभावित कर दिया, हजारों लोगों की जान ले ली और तेल की कीमतें आसमान छूने लगीं। दो हफ्ते का सीजफायर फिलहाल टिका हुआ है, इस्लामाबाद की बातचीत फिलहाल नाकाम रही है और अब अगर जंग लंबी खिंच गई तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, राजनीति और आम लोगों की जिंदगी बुरी तरह हिल जाएगी।

सबसे बड़ा झटका ऊर्जा बाजार को लगेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया का करीब 20-25 प्रतिशत तेल गुजरता है। अगर ईरान ने फिर से इसे ब्लॉक किया या हमले बढ़ाए तो रोजाना 15-20 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई रुक सकती है। अभी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच चुकी हैं। लंबी जंग की स्थिति में ये 130 से 170 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने इसे अब तक का सबसे गंभीर सप्लाई शॉक बताया है। गैस की कीमतें भी दोगुनी हो जाएंगी। नतीजा साफ है– हर जगह महंगाई का कहर। पेट्रोल, डीजल, ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने की चीजें– सब कुछ महंगा हो जाएगा।

> अमेरिका-ईरान के बीच चल रही बातचीत फिलहाल विफल हो गई है। इस बातचीत पर पूरी दुनिया की निगाहें थीं। अब अहम सवाल यह है कि इस संकट का हल कैसे निकलेगा?

विकसित देशों में महंगाई की आशंका बढ़ जाएगी, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत, चीन और दक्षिण कोरिया सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी, क्योंकि ये तेल के बड़े आयातक हैं। ग्लोबल इकोनॉमी पर असर और भी गहरा होगा। अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि अगर युद्ध कुछ महीनों तक चला, तो दुनिया की जीडीपी ग्रोथ 0.2 से 1.2 प्रतिशत तक गिर सकती है। शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल मचेगी, सप्लाई चेन बाधित होंगी और यूरोप तथा एशिया में गैस संकट और गहरा जाएगा। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तो बुरी तरह चोट खाएगी। सऊदी अरब, यूएई और कुवैत में बुनियादी ढांचे पर हमले हो चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, अरब देशों की जीडीपी पर 120 से 194 बिलियन डॉलर का भारी असर पड़ सकता है। मानवीय संकट भी विकराल रूप ले लेगा। अभी तक हजारों मौतें हो चुकी हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। शरणार्थी संकट यूरोप और एशिया तक फैल सकता है। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। इसके साथ ही पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि युद्ध में तेल सुविधाओं और रिफाइनरियों पर हमले से प्रदूषण बढ़ेगा।

वैश्विक राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका-ईरान जंग से रूस और चीन को अप्रत्यक्ष फायदा हो सकता है। रूस यूक्रेन मोर्चे पर अपना ध्यान बंटा सकेगा, जबकि चीन सस्ते दामों पर तेल खरीदकर अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करेगा। खाड़ी देश अमेरिका पर अपना भरोसा खो सकते हैं। नाटो गठबंधन में दरारें और गहरी होंगी। मध्य पूर्व में नए गठजोड़ बन सकते हैं। इजराइल-लेबनान फ्रंट एक बार फिर गर्म हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी।

भारत पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ेगा। हमारा लगभग 40 प्रतिशत तेल और 80 प्रतिशत गैस मध्य पूर्व से आता है। तेल की कीमतें बढ़ने से आयात बिल आसमान छू जाएगा, रुपया और कमजोर होगा तथा मुद्रास्फीति पर काबू पाना मुश्किल हो जाएगा। सरकार के उच्च अधिकारी भी मान रहे हैं कि जंग लंबी खिंचने से महंगाई बढ़ेगी, आर्थिक ग्रोथ पर दबाव पड़ेगा और विदेशों में रह रहे भारतवंशियों द्वारा भेजे जाने वाले धन की आवक प्रभावित होगी। खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीय मजदूर पहले ही वापस लौट रहे हैं। लंबी जंग का मतलब सिर्फ ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा होगा। उर्वरक महंगे होने से फसलें प्रभावित होंगी, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी।

गरीब देशों में भुखमरी बढ़ेगी और विकासशील दुनिया में आर्थिक अस्थिरता फैल जाएगी। अगर मसले का हल निकलता है, तो पूरी दुनिया को बड़ी राहत मिलेगी, लेकिन अगर बात नहीं बनी, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ चेतावनी दे दी है– फिर से बड़े हमले हो सकते हैं। ईरान भी किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा है। दोनों तरफ से सख्त रुख अपनाया जा रहा है। अगर जंग दोबारा शुरू होती है तो आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## दु:ख की थाह

किसी अपने के जाने का दु: ख कितना गहरा हो सकता है, शायद इसे शब्दों में पूरी तरह बांध पाना मुमकिन ही नहीं। कभी-कभी यह पीड़ा इतनी अथाह हो जाती है कि पीछे छूट गए लोग उसी याद में घुलते-घुलते खुद को भी खो बैठते हैं। यह सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है; प्रकृति के कई अन्य जीवों में भी यह विरह, यह लगाव, यह टूटन साफ़ दिखाई देती है।



**वाचस्पति शर्मा**
सीरियस व्यंगकार

शायद यही वजह है कि दुनिया की कई सभ्यताओं ने 'अंतिम विदाई' को सिर्फ एक दुखद पल नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुष्ठान बना दिया। एक ऐसा अनुष्ठान, जहां आँसू होते हैं- पर उनके साथ स्मृतियों की गरमाहट भी होती है, जहां दर्द होता है, पर उसके बीच जीवन की खूबसूरती को भी याद किया जाता है।

दक्षिण भारत में यह परंपरा अक्सर देखने को मिलती है, जहां अंतिम यात्रा को सजाया-संवारा जाता है, मानो किसी को आख़िरी बार पूरे सम्मान और स्नेह के साथ विदा किया जा रहा हो। वहीं उत्तर भारत में यह कम देखने को मिलता है, लेकिन आदिवासी समुदायों में यह भाव और भी गहराई से जिया जाता है। आदिवासियों ने जीवन के हर पहलू के लिए गीत रचे हैं। जन्म के लिए, मृत्यु के लिए, फसल काटने के लिए, रोपाई के लिए और यहां तक कि बकरियां चराने के लिए भी गीत रच डाले, मानो वे हर अनुभव को एक भावना, एक धुन में ढाल देते हैं, ताकि जीवन कभी भी नीरस न लगे और मृत्यु भी सिर्फ अंत न लगे।

मुझे याद आता है कि मल्लिका साराभाई ने अपनी मां, मृणालिनी साराभाई के पार्थिव शरीर के सामने नृत्य प्रस्तुत किया था। यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं था- यह एक बेटी का अपने मां के प्रति अंतिम प्रेम-प्रदर्शन था, एक श्रद्धांजलि जो शब्दों से कहीं अधिक गहरी थी।

इसी तरह, दारा सिंह जी ने अपने बेटे बिंदु से कहा था, 'मेरे जाने के बाद तुम पार्टी करना।' और सच में, उनके जाने के बाद बिंदु ने घर में एक पार्टी रखी। आधी रात को जब अमिताभ बच्चन वहां पहुंचे, तो वे यह देखकर हैरान रह गए कि यहां शोक के बजाय जश्न का माहौल है, लेकिन कुछ ही पलों में वे उस भावना को समझ गए कि यह जश्न किसी के जाने का नहीं, बल्कि उसके जीए हुए जीवन का था। आजकल ईरान से भी कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जहां लोग अपने शहीदों को गीत और संगीत के साथ विदा कर रहे हैं। यह दृश्य दिल को छू लेने वाले हैं। दर्द भी है, गर्व भी है और एक अजीब सी शांति भी।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पूर्व सांसदों की पेंशन और समानता का सिद्धांत

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया है कि पूर्व सांसदों को दी जाने वाली पेंशन और सुविधाओं का औचित्य क्या है, तो इसने देशभर में एक नई चर्चा को जन्म दिया। यह प्रश्न केवल एक प्रशासनिक या कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा हुआ विषय है। आखिर क्यों एक वर्ग को विशेषाधिकार प्राप्त हों, जबकि अन्य वर्गों को कड़े नियमों और सीमाओं में बांध दिया जाए? यह सवाल आम नागरिक के मन में स्वाभाविक रूप से उठता है।

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि जनता द्वारा चुने जाते हैं, ताकि वे उनके हितों की रक्षा कर सकें और समाज के विकास के लिए काम करें। यह एक जिम्मेदारी है, कोई स्थायी लाभ प्राप्त करने का माध्यम नहीं। परंतु जब जनप्रतिनिधियों को आजीवन पेंशन, कई प्रकार की सुविधाएं और विशेष अधिकार दिए जाते हैं, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या यह व्यवस्था सेवा की भावना को बढ़ावा देती है, या इसे एक विशेषाधिकार में बदल देती है। एक सामान्य सरकारी कर्मचारी को पेंशन पाने के लिए वर्षों तक सेवा करनी पड़ती है। कई बार 20 से 30 वर्षों की नौकरी के बाद ही वह इस सुविधा का हकदार बनता है। इसके विपरीत, सांसद बनने के लिए केवल एक कार्यकाल, जो कि पांच वर्षों का होता है, ही पर्याप्त है। यह असमानता न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है।



**डॉ. प्रियंका सौरभ**
शिक्षिका

भारतीय संविधान समानता के सिद्धांत पर आधारित है। हर नागरिक को समान अवसर और समान अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन जब एक विशेष वर्ग को अतिरिक्त लाभ दिए जाते हैं, तो यह सिद्धांत कमजोर पड़ता दिखाई देता है। पूर्व सांसदों की पेंशन का मुद्दा इसी असमानता का प्रतीक बन गया है। जब देश का एक बड़ा वर्ग आर्थिक संघर्ष से जूझ रहा हो, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से परेशान हो, तब ऐसे विशेषाधिकार जनता के बीच असंतोष पैदा करते हैं। यह असंतोष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी होता है।

यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन पेंशनों और सुविधाओं का खर्च अंततः जनता के करों से ही पूरा होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या यह संसाधनों का सही उपयोग है? क्या यह धन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में निवेश नहीं किया जाना चाहिए? हालांकि यह तर्क दिया जा सकता है कि कुल बजट में यह खर्च बहुत अधिक नहीं है, लेकिन मुद्दा केवल राशि का नहीं, बल्कि सिद्धांत का है। यदि एक व्यवस्था असमानता को बढ़ावा देती है, तो उसे केवल इसलिए सही नहीं ठहराया जा सकता कि उसका आर्थिक प्रभाव सीमित है।

इस विषय पर एक पक्ष यह भी है कि जनप्रतिनिधियों को कार्यकाल के बाद कुछ सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनका तर्क है कि सांसद बनने के बाद व्यक्ति को अपने पेशे, व्यवसाय या नौकरी से दूरी बनानी पड़ती है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके पास स्थायी आय का स्रोत नहीं होता। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि यदि जनप्रतिनिधियों को आर्थिक सुरक्षा नहीं दी जाएगी, तो वे स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्णय लेने में सक्षम नहीं रहेंगे। वे बाहरी प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, जिससे लोकतंत्र की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यह तर्क अपनी जगह पर उचित प्रतीत होते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संतुलित है, या यह सुविधा 'आवश्यकता' से आगे बढ़कर 'विशेषाधिकार' का रूप ले चुकी है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कम कीमत में पावरफुल इलेक्ट्रिक SUV

Tata Passenger Electric Mobility ने भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए किफायती कीमत में दमदार 4x4 इलेक्ट्रिक एसयूवी का विकल्प पेश किया है। कंपनी ने अपनी चर्चित Tata Harrier EV लाइनअप में नया Fearless+ QWD 75 वेरिएंट शामिल किया है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 26.49 लाख रुपये रखी गई है। यह नया वेरिएंट खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर लाया गया है, जो सीमित बजट में भी पावरफुल क्वॉड व्हील ड्राइव इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनुभव लेना चाहते हैं। इससे पहले कंपनी का Empowered QWD 75 वेरिएंट बाजार में उपलब्ध था, जिसकी कीमत 28.99 लाख रुपये है। नए वेरिएंट के आने से अब ग्राहकों के पास ज्यादा किफायती विकल्प मौजूद है।

### तकनीकी दृष्टि से बेहद खास QWD मॉडल

टाटा हैरियर ईवी का QWD (Quad Wheel Drive) वेरिएंट तकनीक और प्रदर्शन के लिहाज से बेहद खास है। यह Tata Motors की पहली ऑल-व्हील ड्राइव (AWD) इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जिसमें दो इलेक्ट्रिक मोटर एक फ्रंट एक्सल पर और दूसरी रियर एक्सल पर दी गई हैं। फ्रंट मोटर 158 पीएस की पावर जनरेट करती है, जबकि रियर मोटर 238 पीएस की ताकत देती है। दोनों मोटर मिलकर वाहन को मजबूत ऑल-व्हील ड्राइव क्षमता प्रदान करती हैं।








### फीचर्स और कम्फर्ट का बेहतरीन मेल

फीचर्स के मामले में भी यह एसयूवी काफी समृद्ध है। इसमें 205 मिमी का ग्राउंड क्लीयरेंस और 502 लीटर का बड़ा बूट स्पेस दिया गया है, जो इसे फैमिली और एडवेंचर दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है। 19 इंच के अलॉय व्हील्स और आकर्षक एक्सटीरियर डिजाइन इसकी सड़क पर मौजूदगी को और प्रभावशाली बनाते हैं। इंटीरियर की बात करें, तो इसमें 6-वे पावर्ड ड्राइवर सीट्स (मेमोरी फंक्शन के साथ), वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसी सुविधाएं दी गई हैं। साथ ही 14.5 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर इसे हाई-टेक अनुभव प्रदान करते हैं। साउंड सिस्टम के लिए इसमें डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ 10-स्पीकर वाला जेबीएल ऑडियो सिस्टम दिया गया है, जो केबिन के अंदर शानदार ऑडियो अनुभव देता है। इसके अलावा 540 डिग्री कैमरा, एंबिएंट लाइटिंग, एनएफसी कार्ड एक्सेस और वीइकल-टू-लोड (V2L) और वीइकल-टू-वीइकल (V2V) जैसी आधुनिक तकनीकें भी इसमें शामिल हैं।

### हर रास्ते पर मजबूत पकड़

इसका कुल टॉर्क 504 न्यूटन मीटर तक जाता है, जो इसे मुश्किल रास्तों, जैसे कच्ची सड़कों, पहाड़ी इलाकों और ऑफ-रोड ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है। ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए इसमें 6 टेरेन मोड दिए गए हैं, जिनमें नॉर्मल, सैंड, स्नो, मड, रॉक क्रॉल और कस्टम मोड शामिल हैं। इसके साथ ही ऑफ-रोड असिस्ट फीचर भी मौजूद है, जो कठिन परिस्थितियों में ड्राइविंग को आसान बनाता है।

### दमदार परफॉर्मेंस और शानदार रेंज

यह इलेक्ट्रिक एसयूवी acti.ev+ platform प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है, जो इसे मजबूती और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। परफॉर्मेंस की बात करें, तो यह कार मात्र 6.3 सेकेंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है, जो इसे अपने सेगमेंट में काफी तेज बनाती है। Fearless+ QWD 75 वेरिएंट में 75 kWh का बैटरी पैक दिया गया है। कंपनी के अनुसार, इसकी प्रमाणित (सर्टिफाइड) रेंज 622 किलोमीटर तक है, जबकि वास्तविक परिस्थितियों में यह लगभग 450 से 500 किलोमीटर तक चल सकती है। चार्जिंग के लिहाज से भी यह काफी सुविधाजनक है। 120 किलोवॉट के डीसी फास्ट चार्जर की मदद से इसे केवल 25 मिनट में 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। यह फीचर लंबी यात्राओं के दौरान समय की बचत में मदद करता है।

### सुरक्षा और भरोसे का पैकेज

सुरक्षा के लिहाज से भी यह एसयूवी काफी भरोसेमंद है। इसमें मल्टीपल एयरबैग्स, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) और 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी गई है। इसके साथ ही कंपनी अनलिमिटेड लाइफटाइम बैटरी वॉरंटी भी दे रही है, जो ग्राहकों के लिए अतिरिक्त भरोसा प्रदान करती है।



कुल मिलाकर, नया Fearless+ QWD 75 वेरिएंट उन ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरा है, जो किफायती कीमत में पावर, परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स से लैस इलेक्ट्रिक एसयूवी खरीदना चाहते हैं।

---

**मॉय फर्स्ट राइड**

## पापा के साथ सड़क पर आत्मविश्वास की उड़ान



आत्म सशक्तिकरण का एक माध्यम गाड़ी चलाना भी है। साधारण रूप से इसे मात्र एक आवश्यकता की श्रेणी में रखा जा सकता है, किंतु महिलाओं के लिए यह इससे बढ़कर है। जब मैंने गाड़ी चलाना सीखा था, तब मेरा पहला अनुभव भी खास था। मैंने गाड़ी चलाना अपने पिता से सीखा था, जब मैं कक्षा-12 की छात्रा थी। मुझे आज भी याद है, एक शांत सी सुबह थी। मैंने पापा से सकुचाते हुए कहा कि पापा मुझे कार चलाना सिखाना है। पापा ने मेरी इस बात को खुशी-खुशी स्वीकार किया और कहा- यह बहुत अच्छी बात है।

अगली सुबह पापा मुझे पास के खाली मैदान में ले गए। शुरुआत आसान नहीं थी। कभी क्लच जल्दी छोड़ देती, तो गाड़ी झटके से बंद हो जाती। कभी ब्रेक और एक्सीलेटर में गड़बड़ हो जाती। मैं परेशान हो जाती, लेकिन पापा कभी नाराज नहीं हुए। वे हर गलती को धैर्य से समझाते और कहते, "गलतियां ही हमें बेहतर बनाती हैं।" धीरे-धीरे मेरी पकड़ मजबूत होती गई। हर दिन थोड़ी-थोड़ी प्रैक्टिस के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ने लगा। पापा हमेशा बगल में बैठकर मुझे दिशा देते, लेकिन उन्होंने कभी मुझे पूरी तरह अपने ऊपर निर्भर नहीं होने दिया। वे चाहते थे कि मैं खुद फैसले लेना सीखूं। ऐसे पापा मुझे धीरे-धीरे मैदान में कार चलाना सिखा दिया। फिर कुछ दिन बाद पापा ने कहा आज रोड पर गाड़ी चलाओ। ये सुनकर मैं घबरा गई। मैंने घबराते हुए कहा, "पापा, मुझसे नहीं होगा।" उन्होंने मुस्कुराकर जवाब दिया, "तुम कर सकती हो, बस खुद पर भरोसा रखो।" उनकी आवाज में इतना विश्वास था कि मेरा डर धीरे-धीरे कम होने लगा। फिर मैं अगली सुबह रोड पर कार लेकर निकली। पापा साथ में थे। मुझे देखकर रास्ते में छोटी-छोटी बच्चियां खुश हो रही थीं और जैसे कुछ महिलाओं को देखकर मैं सोचती थी कि मैं एक दिन ऐसे ही गाड़ी चलाऊंगी, वैसा ही कोई सपना उनकी आंखों में चमकता हुआ मुझे दिखा। गाड़ी महिलाएं चलाएं या पुरुष इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह एक बेसिक लाइफ स्किल है, जो हर किसी को आनी चाहिए।

गाड़ी चलाना मात्र आवश्यकता नहीं है, कई बार जब दुनियाभर की चिताओं में व्यक्ति घिरा होता है, तो एक छोटी सी राइड से दोबारा फ्रेश हो जाता है। घर का सामान लाना हो या कहीं दूर जाना हो, अगर गाड़ी चलाना आता है, तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। यह अनुभव मेरे लिए हमेशा खास रहेगा, क्योंकि इसमें सिर्फ ड्राइविंग नहीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सबक छिपे हैं। पापा की सीट से शुरू हुआ यह सफर आज मेरी अपनी ड्राइव बन चुका है।

*-अदिति शुक्ला, बरेली*

---

## गर्मियों में भी ठंडा रहेगा इंजन, अपनाएं ये 5 टिप्स

गर्मियों के मौसम में दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाता है। ऐसी भीषण गर्मी का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि आपकी बाइक के इंजन पर भी पड़ता है। लगातार गर्मी में चलने से इंजन ओवरहीट हो सकता है, जिससे पिस्टन और रिंग्स पर असर पड़ता है, बाइक की पावर घटती है और माइलेज भी कम हो जाता है। खासकर यदि आप रोजाना 50 से 100 किलोमीटर तक बाइक चलाते हैं, तो कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर आप इंजन को सुरक्षित और ठंडा रख सकते हैं। सही मेंटेनेंस, समझदारी भरी राइडिंग और छोटे-छोटे उपाय आपकी बाइक को गर्मी में भी बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करते हैं।

- **कूलेंट और इंजन ऑयल का रखें खास ध्यान**
  आजकल 150cc से ज्यादा क्षमता वाली अधिकांश बाइक्स लिक्विड-कूल्ड सिस्टम के साथ आती हैं। ऐसे में गर्मी शुरू होने से पहले कूलेंट का स्तर जरूर जांच लें। यदि यह कम हो, तो हमेशा कंपनी द्वारा सुझाया गया कूलेंट ही डालें। साधारण पानी या सस्ते विकल्प इंजन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हर 5000 किलोमीटर पर कूलेंट बदलवाना बेहतर रहता है। इसी तरह इंजन ऑयल भी गर्मी में जल्दी पतला हो जाता है। ऐसे में 10W-40 या 15W-50 ग्रेड का फुल सिंथेटिक ऑयल इस्तेमाल करना उचित है, जो उच्च तापमान में भी अपनी क्षमता बनाए रखता है। हर 3000-4000 किलोमीटर पर ऑयल बदलवाना चाहिए। एयर-कूल्ड बाइक्स में ऑयल का स्तर हमेशा सही रखें, ताकि इंजन अंदर से ठंडा बना रहे।
- **रेडिएटर और इंजन फिन्स की सफाई जरूरी**
  गर्मी के मौसम में धूल और गंदगी रेडिएटर पर जम जाती है, जिससे कूलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता कम हो जाती है। हर 10-15 दिन में सॉफ्ट ब्रश या हल्के प्रेशर वॉश से रेडिएटर फिन्स साफ करें। अगर आपकी बाइक एयर-कूल्ड है, तो इंजन के फिन्स पर जमा गंदगी भी हटाना जरूरी है। साथ ही रेडिएटर फैन की कार्यक्षमता पर नजर रखें। यदि फैन या थर्मोस्टेट खराब हो जाए, तो इंजन का तापमान तेजी से बढ़ सकता है।



### अपनाएं स्मार्ट राइडिंग

तेज रफ्तार हमेशा बेहतर नहीं होती। 80-90 किमी/घंटा की स्पीड पर इंजन और हवा के बीच संतुलन बना रहता है। इससे कूलिंग बेहतर होती है। ट्रैफिक में मध्यम गति बनाए रखें और बार-बार ब्रेक व एक्सीलेरेशन से बचें। लंबी दूरी तय करते समय बीच-बीच में रुककर इंजन को ठंडा होने का समय दें।

### सही पार्किंग और आईडलिंग का ध्यान रखें

तेज धूप में खड़ी बाइक का तापमान बहुत तेजी से बढ़ जाता है। कोशिश करें कि हमेशा छायादार स्थान या पार्किंग शेड में बाइक खड़ी करें। यदि ऐसा संभव न हो, तो यूवी-प्रोटेक्टेड कवर का इस्तेमाल करें। लंबे समय तक ट्रैफिक में इंजन चालू रखने से भी गर्मी बढ़ती है। यदि सिग्नल पर ज्यादा देर रुकना पड़े, तो इंजन बंद कर देना बेहतर होता है। यह आदत इंजन को अनावश्यक गर्म होने से बचाती है।

### टायर, ब्रेक और चेन की नियमित जांच

गर्मी में टायर का प्रेशर सामान्य से बढ़ जाता है, इसलिए सप्ताह में एक बार सुबह के समय टायर प्रेशर जरूर जांचें। सही प्रेशर इंजन पर अतिरिक्त दबाव को कम करता है। ब्रेक पैड्स अगर घिस चुके हों, तो वे ज्यादा गर्मी पैदा करते हैं, इसलिए समय पर बदलवाना जरूरी है। चेन को हर 400-500 किलोमीटर पर लुब्रिकेट करें, क्योंकि सूखी या टाइट चेन इंजन पर अतिरिक्त लोड डालती है।

---

## तेज रफ्तार से ज्यादा जरूरी है सही लेन का चुनाव

**काम की बात**

हम रोज सड़कों और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार का अलग-अलग रूप देखते हैं। कहीं कोई तेज गति से आगे निकल रहा होता है, तो कहीं कोई आराम से चल रहा होता है। कई ड्राइवर यह मान लेते हैं कि हाईवे पर जहां जगह मिले, वहीं तेज चलाना सही है, लेकिन असलियत इससे बिल्कुल अलग है। गलत लेन में ड्राइविंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकती है। हाईवे पर हर लेन का अपना अलग उद्देश्य और जिम्मेदारी होती है। यदि चालक इनका सही ढंग से पालन करें, तो यातायात अधिक व्यवस्थित रहता है और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होती है।

### हाईवे लेन सिस्टम को समझना जरूरी

#### दाहिनी लेन-ओवरटेक के लिए (Fast Lane)

हाईवे की सबसे दाहिनी लेन को फास्ट या ओवरटेक लेन कहा जाता है। यह लेन केवल उन वाहनों के लिए होती है, जिन्हें सामने चल रहे वाहन को पार करना होता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि कोई वाहन लगातार इसी लेन में चलता रहे। सही तरीका यह है कि ओवरटेक करने के बाद तुरंत मिडिल लेन में वापस आ जाएं। लंबे समय तक इस लेन में बने रहना अन्य तेज वाहनों के लिए बाधा बनता है और दुर्घटना की संभावना बढ़ा देता है।

#### मिडिल लेन- संतुलित और सुरक्षित विकल्प (Balanced Lane)

मिडिल लेन को सबसे सुरक्षित और संतुलित माना जाता है। यहां गति सामान्य रहती है न बहुत तेज, न बहुत धीमी। लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह लेन सबसे उपयुक्त होती है। अधिकांश वाहन इसी लेन का उपयोग करते हैं, जिससे ट्रैफिक का प्रवाह सहज बना रहता है और जरूरत पड़ने पर ओवरटेक करना भी आसान होता है।

#### बायीं लेन - धीमी गति वाले वाहनों के लिए (Slow Lane)

हाईवे की बायीं लेन धीमी गति से चलने वाले वाहनों के लिए निर्धारित होती है। इसमें ट्रक, बस, भारी लोड वाले वाहन और कम गति वाली गाड़ियां शामिल होती हैं। इस लेन से सीधे फास्ट लेन में जाना एक बड़ी गलती है। ऐसा करने पर तेज रफ्तार से आ रहे वाहनों से टकराव का खतरा बढ़ जाता है।



### सुरक्षित ड्राइविंग के जरूरी नियम

- लेन बदलने से पहले रियर और साइड मिरर अवश्य देखें।
- बिना इंडिकेटर दिए लेन बदलना खतरनाक हो सकता है, इसलिए हमेशा संकेत दें।
- ओवरटेक करने के बाद फास्ट लेन खाली करें और वापस मिडिल लेन में आ जाएं।
- निर्धारित स्पीड लिमिट का पालन करें।
- सही लेन अनुशासन अपनाना केवल नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। थोड़ा सा सतर्क रवैया और नियमों की समझ सड़क पर बड़े हादसों को टाल सकती है।

# रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करेंगे भारत-यूएई

अबू धाबी, एजेंसी

● जयशंकर ने यूएई के उपप्रधानमंत्री अल नाहयान से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और इसके प्रभावों पर चर्चा की। जयशंकर नौ से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की।

मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी।

## संरा महासचिव के चयन प्रक्रिया में सक्रिय रहेगा रूस

मास्को। रूस संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पर बारीकी से नजर रख रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से सक्रिय रहेगा। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विभाग के निदेशक किरिल लोगिनोव ने स्पुतनिक को दी। लोगिनोव ने कहा, रूसी पक्ष अगले महासचिव के चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से जांचने का इरादा रखता है। हम नामांकन प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि औपचारिक रूप से यह पद प्रशासनिक प्रकृति का है।

## भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के पीछे चीन की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

● अरुणाचल के सभी हिस्से भारत के अभिन्न अंग : जायसवाल

भारत ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों के काल्पनिक नाम दिए जाने को चीनी चाल, शरारत और निराधार कथानक गढ़ने का प्रयास बताते हुए कहा है कि चीन की इस तरह की कार्रवाई द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के संबंध में मीडिया प्रश्नों के उत्तर में रविवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित यह सभी हिस्से भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत चीनी पक्ष द्वारा भारत के क्षेत्र में आने वाले स्थानों को काल्पनिक नाम देने के किसी भी शरारतपूर्ण प्रयास को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि चीनी पक्ष की ये कार्रवाई भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं। चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को क्षति पहुँचाते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे प्रस्तुत करने और निराधार कथानक गढ़ने के प्रयास सच को बदल नहीं सकते।




## ऑफ्टर मार्केट एक्सेसरीज

# आपका शौक जो बन सकता है जानलेवा

शोरूम से गाड़ी बाहर निकलते ही अधिकांश मालिकों के मन में उसे 'सजाने' का विचार आने लगता है। यहीं से शुरू होता है 'आफ्टर-मार्केट एक्सेसरीज' का खेल। शोरूम के महंगे विकल्पों से बचने और अपनी कार को दूसरों से अलग दिखाने की होड़ में लोग स्थानीय बाजारों का रुख करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि एक चमकती हुई एक्स्ट्रा लाइट या डैशबोर्ड पर रखा एक भारी सजावटी सामान आपकी और दूसरों की जान के लिए कितना बड़ा खतरा हो सकता है? आफ्टर-मार्केट एक्सेसरीज वे उपकरण या पुर्जे होते हैं जो वाहन निर्माता द्वारा फैक्ट्री फिटेड नहीं होते, बल्कि बाद में बाहर से लगवाए जाते हैं। इनमें से कई एक्सेसरीज न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करती हैं, बल्कि वाहन की इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रणालियों (जैसे एयरबैग्स और सेंसर) के साथ भी छेड़छाड़ करती हैं। एक छोटी सी वायरिंग की गलती पूरी गाड़ी को आग के गोले में तब्दील कर सकती है, और एक गलत तरीके से लगाया गया बुल-बार हादसे के समय एयरबैग को खुलने से रोक सकता है। कानूनन, वाहन के मूल ढांचे या स्पेसिफिकेशन में बदलाव करना अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए भारी जुर्माना और जेल तक का प्रावधान है। फिर भी, जानकारी के अभाव में लोग अपनी वारंटी और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगा देते हैं। यह लेख इसी खतरनाक शौक की परतों को खोलता है।



### इन एक्सेसरीज पर है पाबंदी

- बुल-बार या क्रैश गार्ड : यह गाड़ी की सुरक्षा के लिए उसके आगे और पीछे की ओर लगाए जाते हैं। इन पर पूर्ण प्रतिबंध है।
- टिंटेड ग्लास (काली फिल्म) : सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, शीशों पर बाहर से काली फिल्म लगाना अवैध है। विजिबिलिटी 70% (आगे-पीछे) और 50% (साइड) होनी चाहिए।
- तेज आवाज वाले हॉर्न और साइलेंसर : मॉडिफाइड साइलेंसर (खासकर बुलेट में) और प्रेशर हॉर्न पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।
- अतिरिक्त लाइटें (एचआईडी/एलईडी बार्स) : छत पर लगी लाइटें या ऐसी लाइटें जो सामने वाले की आंखों को चौंधिया दें, अवैध हैं।
- नंबर प्लेट : फैंसी फॉन्ट या रंगों वाली नंबर प्लेट पर जुर्माना हो सकता है। हमेशा एचएसआरपी प्लेट का ही उपयोग करें।
- चौड़े टायर : कंपनी द्वारा निर्धारित साइज से ज्यादा बड़े टायर लगवाने पर भी चालान हो सकता है।

### सुरक्षा के लिए घातक

- बुल-बार : लोग इसे सुरक्षा मानते हैं, लेकिन यह सबसे खतरनाक है। हादसे के समय ये 'क्रम्पल जोन' को काम नहीं करने देते और इम्पैक्ट सेंसर्स को ब्लॉक कर देते हैं, जिससे एयरबैग्स नहीं खुलते। साथ ही, पैदल चलने वालों के लिए ये जानलेवा होते हैं।
- गलत वायरिंग और हेडलैंप्स : म्यूजिक सिस्टम या महंगी लाइटें लगवाने के लिए अक्सर मूल तारों को काटा जाता है। इससे शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ जाता है, जो कार में आग लगने का मुख्य कारण है।
- बड़े अलॉय व्हील्स और टायर : कंपनी द्वारा निर्धारित साइज से बड़े टायर लगवाने से सस्पेंशन खराब होता है, ब्रेक लगाने की क्षमता कम हो जाती है।
- सीट कवर्स : अगर आपकी कार की सीटों में एयरबैग है, तो उन पर सामान्य सीट कवर लगवाना मौत को दावत देना है। ये एयरबैग को बाहर नहीं आने देते।

### रद्द हो सकती है वाहन की वारंटी

- कंपनियां अपनी वारंटी शर्तों में बहुत सख्त होती हैं। निम्नलिखित स्थितियों में आपकी वारंटी खत्म हो सकती है :
- इलेक्ट्रिकल कटिंग : अगर किसी भी एक्सेसरी के लिए मूल वायरिंग को काटा गया है।
- मैकेनिकल बदलाव : इंजन ट्यूनिंग या सस्पेंशन के साथ छेड़छाड़।
- अनधिकृत सीएनजी किट : यदि किट आरटीओ अप्रूव्ड और कंपनी अधिकृत नहीं है।
- स्ट्रक्चरल बदलाव : चेसिस या बॉडी स्ट्रक्चर में ड्रिलिंग करना।

### बीमा क्लेम भी प्रभावित

- यदि आप एक्सेसरीज लगवाना ही चाहते हैं, तो हमेशा कंपनी ऑथराइज्ड सामान ही चुनें। शोरूम से मिली आपकी गाड़ी का संतुलित मशीन है। उसमें किया गया एक छोटा सा अवैध बदलाव न केवल आपके बीमा क्लेम को खारिज करवा सकता है, बल्कि किसी सड़क हादसे में कानूनी और शारीरिक संकट का कारण भी बन सकता है।

### सुरक्षा से समझौता

- वाहन निर्माता करोड़ों रुपये खर्च करके गाड़ी का सेफ्टी टेस्ट करते हैं। कोई भी अनटेस्टेड एक्सेसरी उस पूरी इंजीनियरिंग को बिगाड़ देती है।
- संतुलन : छत पर भारी सामान ले जाने वाले कैरियर या बड़े टायर गाड़ी के गुरुत्वाकर्षण केंद्र को बिगाड़ देते हैं, जिससे तेज मोड़ पर गाड़ी पलटने का डर रहता है।
- इलेक्ट्रिक लोड : अतिरिक्त एक्सेसरीज बैटरी और अल्टरनेटर पर दबाव डालती हैं, जिससे गाड़ी बीच रास्ते में बंद हो सकती है।

### व्हीकल एक्ट

- मोटर वाहन अधिनियम की धारा 52 के अनुसार, कोई भी मालिक अपने वाहन में ऐसा बदलाव नहीं कर सकता जिससे निर्माता द्वारा दिए गए मूल विवरण बदल जाएं।
- जुर्माना : मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों में बाहरी एक्सेसरीज लगवाना या उनके मूल ढांचे में बदलाव करना अवैध माना जा सकता है। पकड़े जाने पर 1,000 से 25,000 रुपये तक का जुर्माना, वाहन की जब्ती, आरसी का निलंबन और कुछ मामलों में 6 महीने तक की जेल भी हो सकती है। ● रंग बदलना : यदि आप गाड़ी का रंग बदलते हैं, तो उसे आरटीओ में दर्ज कराना अनिवार्य है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### यूक्रेन का ईस्टर पर युद्धविराम उल्लंघन

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन पर रूसी सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 32 घंटे के ईस्टर युद्धविराम का उल्लंघन करने का रविवार को आरोप लगाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धविराम के शुरुआती 16 घंटों के दौरान यूक्रेनी सेना द्वारा युद्धविराम के दो हजार मामले सामने आए। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मैक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईस्टर के अवसर पर युद्धविराम की घोषणा होने के बावजूद, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने कल रात पोक्रोव्स्कोये क्षेत्र से रूसी सैनिकों के ठिकानों पर तीन बार हमला किया। कहा कि 11 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार चार बजे से 12 अप्रैल को सुबह आठ बजे के बीच यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा कुल 1,971 बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 12 मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल क्षेत्र के 12 मछुआरों को रविवार सुबह गहरे समुद्र में मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे शनिवार रात कराईकल में मछली पकड़ने के लिए बंदरगाह से समुद्र में उतरे थे, तभी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करने के बाद कराईनगर क्षेत्र के पास मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। श्रीलंकाई नौसेना जवानों ने उनकी मशीनीकृत नाव को भी जब्त कर लिया और उन्हें तथा नाव को कांकेसंथुराई ले गए।

### छात्र मौत : संकाय सदस्यों की जांच शुरू

**कन्नूर।** कन्नूर डेंटल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने कॉलेज के कुछ संकाय सदस्यों के खिलाफ जांच शुरू की है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि छात्र के माता-पिता और मित्रों द्वारा संकाय सदस्यों पर भावनात्मक उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद चक्करक्कल पुलिस ने जांच शुरू की। अभी तक पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है। छात्र की पहचान तिरुवनंतपुरम निवासी नितिन राज आर.एल. (22) के रूप में हुई है जो यहां अंजराकांडी स्थित कॉलेज में बीडीएस प्रथम वर्ष का छात्र था।

### मणिपुर में बम हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए बम हमले और दो बच्चों की मौत के विरोध में रविवार को राजधानी इंफाल में हजारों लोगों ने रैली निकाली। यह रैली उरीपोक निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानीय निकायों के एक समूह, उरीपोक अपुनबा लुप और उरीपोक नुपी अपुनबा लुप द्वारा आयोजित की गई थी। रैली लैम्बोइखोंगनांगखोंग से शुरू हुई और चार किलोमीटर की दूरी तय की।

# भारत का आर्थिक विकास वैश्विक साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर

## कोलंबिया विश्वविद्यालय में बोले अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा

न्यूयॉर्क/ह्यूस्टन, एजेंसी

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत की आर्थिक विकास यात्रा उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के लिए एक बड़ा अवसर है और इस बात पर बल दिया कि अमेरिका इस साझेदारी में सबसे आगे और केंद्र में है तथा भारत के सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक है।

क्वात्रा ने ये टिप्पणियां शनिवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) के दीपक और नीरा राज सेंटर ऑन इंडियन इकोनॉमिक पॉलिसीज द्वारा आयोजित कोलंबिया इंडियन इकोनॉमी समिट 2026ः द क्वेस्ट फॉर ए डेवलप्ड इंडिया में एक विशेष संबोधन के दौरान कीं।

उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत का आर्थिक विकास हमारी अपनी यात्रा है जो न केवल आर्थिक विकास और समृद्धि के हमारे मूलभूत सिद्धांतों के लिए है बल्कि यह हमारे अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। अमेरिका हमारे सबसे महत्वपूर्ण व अहम साझेदारों में से एक है। द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्वात्रा ने कहा कि साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और बदलते वैश्विक परिवर्तनों से निपटने में भारत-अमेरिका साझेदारी सबसे महत्वपूर्ण और सबसे निर्णायक साझेदारियों में से एक है।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए अपने लोगों के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। राजदूत ने कहा कि हम भारत में अपनी यात्रा, अपने आर्थिक विकास, अपने समाज के विकास के एक परिवर्तनकारी दौर में हैं... साथ ही, हम वैश्विक बदलावों के संबंध में सीखने के लिहाज से एक अनूठे दौर में भी जी रहे हैं।



### लगातार मजबूत हो रहे भारत-अमेरिकी संबंध

भारतीय दूतावास ने बताया कि उन्होंने समुदाय को एकजुट करने में प्रवासी संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस (एफआईए) के कार्यों की सराहना की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के योगदान को स्वीकारा। द ग्रोथ ट्रायंगल शीर्षक से एक सत्र में भाग लेते हुए ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत डी सी मंजुनाथ ने कहा कि सरकार, व्यापार और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव के माध्यम से भारत-अमेरिका संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने भारत और टेक्सास के बीच बढ़ते सहयोग को व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। इस कार्यक्रम में भारत के बदलते नीतिगत परिदृश्य और विकास प्राथमिकताओं की जानकारी दी गई।

### साझेदारी में भारत के लिए रणनीतिक, राजनीतिक और सुरक्षा प्रमुख

मजबूत अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के महत्व और सार पर बल देते हुए क्वात्रा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी में सरकार-से-सरकार, सरकार-से-व्यापार, व्यापार-से-व्यापार और लोगों-से-लोगों के संबंध शामिल हैं। उन्होंने कहा, इन चार श्रेणियों के भीतर क्षेत्रीय विस्तार के संदर्भ में हमारे लिए एक प्रमुख खंड रणनीतिक राजनीतिक और सुरक्षा है। उन्होंने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद), भारत-पश्चिम एशिया आर्थिक गलियारे और अमेरिका के साथ व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी जैसी पहलों के माध्यम से चुनौतियों और अवसरों की पुनर्कल्पना करने के प्रयासों का उल्लेख किया। क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में नेतृत्व स्तर का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को मौजूदा वैश्विक बदलावों के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

## रोहतक से दिल्ली तक हरित गलियारा बनाकर पहुंचाया गया मरीज के लिए हृदय

**नई दिल्ली।** जरूरतमंद मरीज में प्रतिरोपित किए जाने के लिए एक दानदाता के जीवित हृदय को लेकर एक एंबुलेंस ने रोहतक से राष्ट्रीय राजधानी तक की 98 किलोमीटर से अधिक की दूरी 85 मिनट में पूरी की। इसके लिए नौ अप्रैल को एक हरित गलियारा बनाया गया था। इसमें कहा गया है कि दिल्ली पुलिस और रोहतक पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए 'हरित गलियारे' की मदद से एंबुलेंस ने अपराह्न 2.50 बजे से 4.15 बजे के बीच यह दूरी तय की, जिससे यह सुनिश्चित हो सका कि महत्वपूर्ण समय सीमा के भीतर हृदय कार्यशील बना रहे। ओखला स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के अनुसार, यह अंग पं. बी.डी. शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज , रोहतक में 37 वर्षीय 'ब्रेन-डेड' दाता से प्राप्त किया गया था और प्रतिरोपण के लिए दिल्ली के अस्पताल में लाया गया था। बयान में कहा गया है कि गंभीर डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित प्राप्तकर्ता 26 वर्षीय मरीज में सफल प्रतिरोपण किया गया और वर्तमान में आईसीयू में उसकी गहन निगरानी की जा रही है।

● एंबुलेंस ने 85 मिनट में पूरी की 98 किलोमीटर से अधिक की दूरी

# अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा अनावृत्त

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● सिएटल में नगर प्रशासन की ओर से स्थापित कराई गई कांस्य प्रतिमा

अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में वेस्टलेक स्क्वायर पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है।

भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ...सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है। विल्सन ने समारोह में कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है।



## आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्तर के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन विज्ञान भवन में पूर्वाह्न 11 बजे रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियां और महिलाएं भाग लेंगी। इसमें सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी महिलाएं शामिल होंगी। सितंबर 2023 में संसद ने ' नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया , जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गयी हैं। अब देश भर में महिला आरक्षण के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 16 अप्रैल को संसद की बैठक बुलाई गई है। यह सम्मेलन देश के विकास पथ को आकार देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने को आयोजित किया जा रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज दिन की शुरुआत कार्यभार के साथ होगी। दोपहर बाद नए अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष** — आज दोपहर बाद धीरे-धीरे कार्यों में गति आएगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक खर्च से बचना आवश्यक है।

**मिथुन** — आज आपकी बुद्धि और संचार क्षमता मजबूत रहेगी। नए विचार सामने आएंगे और लाभ के अवसर बनेंगे। संपर्कों से सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — आज दिन की शुरुआत में मन विचलित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा, लेकिन स्थिति धीरे-धीरे सुधर जाएगी।

**सिंह** — आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नए संपर्क लाभकारी सिद्ध होंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी व्यस्तता के साथ होगी। आपकी योजना सफल रहेगी। मानसिक संतुलन बना रहेगा।

**तुला** — आज का दिन अनुकूल रहेगा। मित्रों और सहयोगियों से मदद मिलेगी। कार्यों में सफलता मिलने की संभावना बनी रहेगी।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत सावधानी से करें, क्योंकि कार्यों में बाधा आ सकती है। प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन धैर्य से आप स्थिति संभाल लेंगे।

**धनु** — आज भाग्य आपका साथ देगा। कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। बनते कार्यों से आत्मविश्वास मजबूत रहेगा।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत आपके पक्ष में रहेगी। दोपहर बाद कुछ बदलाव आ सकते हैं। परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। नए संपर्क बनेंगे और कार्यों में प्रगति होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन** — आज खर्च पर नियंत्रण रखें और धैर्य बनाए रखें। थोड़ी उलझन हो सकती है, धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होगी। कार्यों में प्रगति मिलेगी।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 14 अप्रैल 01.08 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-धनिष्ठा 16.03 तक तत्पश्चात शतभिषा।

### सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |

### सुडोकू -118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

## सीधी उड़ान सहित ताइवान से निलंबित कुछ संबंधों को फिर से शुरू करेगा चीन

**बैंकॉक।** चीन ने रविवार को कहा कि वह ताइवान के साथ निलंबित संबंधों को कुछ हद तक फिर से शुरू करेगा। इनमें समूचे चीन के शहरों के लिए सीधी उड़ानें और ताइवानी मत्स्य उत्पादों का आयात भी शामिल है। हाल में ताइवान की विपक्षी पार्टी की नेता ने चीन की यात्रा की थी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधीन ताइवान वर्क ऑफिस ने एक बयान में कहा कि वह कम्युनिस्ट पार्टी और ताइवान की कुओमिंतांग पार्टी के बीच एक दीर्घकालिक संचार तंत्र स्थापित करने की संभावना तलाशेगा तथा ताइवान के जलीय कृषि उत्पादों के आयात को सुविधाजनक बनाएगा जिन पर हाल के वर्षों में प्रतिबंध लगा दिया गया था। कुओमिंतांग पार्टी की प्रमुख चेंग ली-वुन और चीनी राष्ट्रपति शी ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की जिसमें दोनों ने शांति की अपील की।

## कारनामा

### विश्व की सर्वाधिक शैक्षणिक डिग्री रखने वाले इंसान हैं राजस्थान के झुंझनूं जिले के दशरथ सिंह

# पढ़ाई का जुनून : हासिल किए 138 डिग्री, डिप्लोमा व प्रमाणपत्र

जयपुर, एजेंसी

आम तौर पर लोग एक या दो डिग्री हासिल कर संतुष्ट हो जाते हैं लेकिन यदि किसी व्यक्ति के अंदर पढ़ाई का ऐसा जुनून हो कि उसने पास 138 डिग्री, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र हों तो ऐसे व्यक्ति को आप क्या कहना पसंद करेंगे। यह कारनामा राजस्थान में झुंझुनूं जिले के डॉ. दशरथ सिंह ने कर दिखाया है।

हाल में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह में डॉ. दशरथ सिंह को 138वीं डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने वैदिक अध्ययन में परास्नातक की डिग्री विशिष्ट योग्यता के साथ हासिल की। वह शिक्षा के क्षेत्र में 11 विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। दशरथ वर्तमान में भारतीय सेना एवं रक्षा मंत्रालय में वरिष्ठ सलाहकार हैं।

सेना की नौकरी के दौरान पंजाब, जम्मू-कश्मीर, असम जैसे अपेक्षाकृत कठिन इलाकों में तैनाती के बावजूद दशरथ में पढ़ाई का जुनून कम नहीं हुआ। सेना की नौ राजपूताना रेजिमेंट में सिपाही रहे दशरथ सिंह का नाम इंरनेशनल बुक ऑफ रिकॉड्र्स में मोस्ट एजुकेशनली क्वालिफाइड पर्सन ऑफ द वर्ल्ड यानी विश्व के सबसे ज्यादा शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्यक्ति के रूप में दर्ज है।

डॉ. दशरथ सिंह अब तक तीन विषयों में पीएचडी, सात में स्नातक, 46 में स्नातकोत्तर, 23 में डिप्लोमा, सेना से संबंधित सात विषयों में डिग्री और 52 विषयों में प्रमाणपत्र हासिल कर चुके हैं। राजस्थान से सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ गांव में एक साधारण से किसान एवं सैनिक परिवार में जन्मे दशरथ अपने परिवार से तीसरी पीढ़ी के सैनिक हैं। उनका बचपन बेहद कष्टमय और कठिन परिस्थितियों में गुजरा। दशरथ ने कहा, मेरे परिवार में कोई पढ़ा लिखा नहीं था और न ही पढ़ाई-लिखाई का कोई माहौल ही था।



### दशरथ के नाम शिक्षा क्षेत्र में 11 रिकॉर्ड

दशरथ के नाम शिक्षा के क्षेत्र में 11 रिकॉर्ड हैं, जिनमें इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, दो हॉवर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यूएन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, ग्लोबल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और नेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं।



> मेरे लिए सबसे अहम चीज टीम की जीत थी। मैं तो बस बाकी गेंदबाजों द्वारा बनाए गए दबाव का फायदा उठा रहा था। पेस और धीमी गेंदों के मिश्रण पर के लिए आपको नेट्स में काफी अभ्यास करना पड़ता है, ताकि मैच में उसे सही तरीके से इस्तेमाल कर सकें।
>
> – प्रसिद्ध कृष्णा


# स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 13 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200 रन
रजत पाटीदार
बेंगलुरु - 195 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद - 184 रन

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 10 विकेट
रवि विश्नोई
राजस्थान - 9 विकेट
अंशुल कंबोज
चेन्नई - 8 विकेट

**हाईलाइट**



मियामी में यूएफसी 327 मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स इवेंट में महिलाओं के स्ट्रॉवेट मुकाबले में मेक्सिको की लूपी गोडिनेज़ को अमेरिका की तातियाना सुआरेज (दाएं) को हरा दिया। एजेंसी

### बरवाल ने मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**रोटरडैम (नीदरलैंड)।** सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। बरवाल ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### सीएसके के सिमंस ने कहा, लड़के हारते-हारते थक गए थे

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल नहीं गिरा था, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि खिलाड़ी हारते-हारते थक चुके थे। पांच बार के चैंपियन सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर हार का सिलसिला तोड़ा और इस तरह से वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सिमंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमारे खिलाड़ी इस मैच को जीतने के लिए वास्तव में बेताब थे। मुझे लगता है कि लगातार तीन मैच हारने के बाद हम हारते-हारते थक गए थे।

# घर में फिर लड़खड़ाया लखनऊ गुजरात ने सात विकेट से हराया

## मारक्रम के अलावा एलएसजी का कोई बल्लेबाज 20 रन भी नहीं बना सका

लखनऊ, एजेंसी

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (चार ओवर में 28 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की कमाल की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से शिकस्त दी। एलएसजी एकाना में एकबार फिर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है।

सुपर जाएंट्स को आठ विकेट पर 164 रन पर रोकने के बाद टाइटंस ने 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। गिल ने 40 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने के अलावा पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन (15) के साथ 31 गेंद में 45 और दूसरे विकेट के लिए जोस बटलर (60) के साथ 58 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। बटलर ने 37 गेंद की पारी में 11 चौके लगाए। सुपर जायंट्स के लिए दिग्वेश राठी, मोहम्मद शमी और प्रिंस यादव को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए।



कप्तान ऋषभ पंत का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते गुजरात टाइटंस के मोहम्मद सिराज। एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों ने रक्षात्मक नीति अपनाते हुए शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 25 रन बनाए। शुभमन गिल ने पांचवें ओवर में शमी के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 20 रन बटोरे। गिल ने इस दौरान आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए राठी ने पहली ही गेंद पर सुदर्शन को चलता किया। क्रीज पर आए बटलर ने इसी ओवर में चौके से टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राठी के अगले ओवर में पंत ने बटलर का आसान कैच टपका कर उन्हें जीवनदान दिया। गिल ने दूसरे छोर से जॉर्ज लिंडे के खिलाफ चौका लगाया, तो वहीं बटलर ने जोखिम लिए बिना आवेश और राठी की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा।

गिल ने 12वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ एक रन चुराकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं बटलर ने ओवर का समापन हैट्रिक चौकों से किया। उन्होंने लिंडे की गेंद पर एक रन दौड़कर 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। टी20 प्रारूप में यह बटलर का 100वां अर्धशतक है। प्रिंस ने गिल को, तो वहीं शमी ने बटलर को आउट कर टाइटंस को सात गेंद के अंदर दो झटके देकर टीम की वापसी कराने की कोशिश की, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (21) और राहुल तेवतिया (10) ने लक्ष्य तक पहुंचाने की औपचारिकता पूरी की।

### रन के लिए एलएसजी के बल्लेबाज तरसे

लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद विकेट गंवा दिए।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**164/8 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का सुंदर बो कृष्णा | 30 |
| मिचेल मार्श का गिल बो रबाडा | 11 |
| ऋषभ पंत का तेवतिया बो सिराज | 18 |
| आयुष बडोनी का फिलिप्स बो कृष्णा | 09 |
| निकोलस पूरन का गिल बो कृष्णा | 19 |
| अब्दुल समद का फिलिप्स बो अशोक | 18 |
| मुकुल चौधरी का बटलर, बो प्रसिद्ध | 18 |
| जॉर्ज लिंडे का स्थानापन्न बो अशोक | 16 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 12 |
| आवेश खान नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त** : 9, **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-19-1, रबाडा 4-0-54-1, अशोक 4-0-32-2, प्रसिद्ध 4-0-28-4, राशिद 4-0-25-0

**गुजरात टाइटंस**

**165/3 (18.4 ओवर)**

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का आवेश बो राठी | 15 |
| शुभमन गिल का पंत बो प्रिंस | 56 |
| जोस बटलर का मारक्रम बो शमी | 60 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 21 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 10 |

अतिरिक्त : 03, गेंदबाजी : शमी 4-0-36-1, प्रिंस 4-0-31-1, राठी 4-0-31-1, लिंडे 3-0-28-0, आवेश 2-0-24-0, मारक्रम 1.4-0-15-0

**4000** रन पूरे किए शुभमन गिल ने आईपीएल में

**04** विकेट लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 28 रन देकर

**04** मुकाबलों में लखनऊ ने 2 जीते और 2 हारे हैं

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 6. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 7. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

### नवाबी नगरी में चिलचिलाती धूप पर भारी पड़ा क्रिकेट का जुनून

- सचिन की बेटी सारा और बहू सानिया बनीं आकर्षण का केंद्र
- 'सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए' वाले पोस्टर ने बटोरी सुर्खियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** नवाबों के शहर लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट का ऐसा हाई वोल्टेज करंट दौड़ा कि चिलचिलाती धूप भी प्रशंसकों के जोश को ठंडा नहीं कर सकी। गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में भले ही लखनऊ ने दिल जीता, लेकिन मैच गुजरात के शुभमन गिल ले उड़े।

**सिलेंडर बेचकर देखने आए मैच, सारा समेत सितारों का जमावड़ा**

स्टेडियम में केवल चौके-छक्कों के पोस्टर ही नहीं, बल्कि कुछ अतरंगी संदेश भी दिखे। एक दर्शक का पोस्टर "घर में गैस नहीं, सिलेंडर बेचकर मैच देखने आए हैं" सोशल मीडिया और स्टेडियम में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं, वीआईपी बॉक्स में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर और उनकी भाभी सानिया (अर्जुन तेंदुलकर की पत्नी) एलएसजी को सपोर्ट करती नजर आईं। सानिया अपनी टीम की जर्सी में पूरी तरह क्रिकेट के रंग में रंगी थीं।

**नारेबाजी का जबरदस्त मुकाबला**

मैदान और उसके बाहर, गेट नंबर-2 पर प्रशंसकों के बीच नारों की जंग छिड़ी रही। एलएसजी के समर्थकों ने नारा बुलंद किया— "इकाना-लखनऊ का पुराना है साथ, गुजरात की नहीं बनेगी बात", तो गुजरात के फैंस ने भी पलटवार करते हुए "जीतेगा भाई जीतेगा, गुजरात जीतेगा" के नारों ने माहौल गरमाए रखा। इससे पहले मीडिया बॉक्स में वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, यूपीसीए सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता और इकाना के एमडी उदय सिन्हा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### 27 करोड़ वाले पंत फिर रहे फ्लॉप

लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत से फैंस को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली वाले इस खिलाड़ी का बल्ला इकाना में एक बार फिर खामोश रहा। पंत ने शुरुआत तो आक्रामक की, लेकिन 11 गेंदों में मात्र 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस सीजन के चार मैचों में पंत का प्रदर्शन (7, 68*, 10, 18) उनके फॉर्म में निरंतरता की कमी दिखी।

# बेंगलुरु ने मुंबई को दिया 241 रन का लक्ष्य

- सॉल्ट, पाटीदार और कोहली ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

मुंबई, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को यहां शीर्ष क्रम में फिल सॉल्ट (78 रन), कप्तान रजत पाटीदार (53 रन) और विराट कोहली (50 रन) के अर्धशतकों की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट पर 240 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 65 गेंद में 120 रन की भागीदारी निभाई। सॉल्ट ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह छक्के और इतने ही चौके जमाए।

गत चैंपियन टीम के लिए पाटीदार और टिम डेविड (नाबाद 34 रन, 16 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) ने आते ही तेजी से रन जुटाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पाटीदार (20 गेंद) ने आते ही छक्कों और चौकों की झड़ी लगाकर आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक जड़ा जिसके लिए उन्होंने 17 गेंद खेलीं जिसमें चार चौके और पांच छक्के जड़े थे। मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर, मिचेल सैंटनर, हार्दिक पंड्या और ट्रेंट बोल्ट को एक एक विकेट मिले।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते रजत पाटीदार। एजेंसी

पारी की शुरुआत कोहली ने बोल्ट की गेंद पर जोरदार छक्का जड़कर की। जहां कोहली बीच-बीच में बाउंड्री लगाते रहे तो वहीं उनके जोड़ीदार सॉल्ट ने रन गति को तेज करने की जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाजों बोल्ट और हार्दिक के खिलाफ बाउंड्री लगाईं। सॉल्ट ने बोल्ट की गेंद को स्टैंड में छक्के के लिए भेज दिया जबकि सैंटनर की गेंद पर उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़े। इससे आरसीबी के 50 रन 4.2 ओवर में ही पूरे हो गए थे, इससे उन्होंने मुंबई इंडियंस को मजबूर कर दिया कि वे जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर कोई विकेट नहीं) को पावरप्ले में ही दूसरा ओवर फेंकने के लिए वापस बुला लें जो कि आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सिर्फ छह रन दिए, लेकिन इसके बावजूद आरसीबी ने पावरप्ले में 71 रन बना लिए थे। आठवें ओवर में सॉल्ट ने लेग-स्पिनर मयंक मार्कंडेय को निशाना बनाते हुए लगातार तीन चौके जड़े जबकि कोहली ने सैंटनर के तीसरे ओवर में दो और चौके लगाए। विकेट लेने के लिए बेताब मुंबई इंडियंस ने आखिरकार 11वें ओवर में गेंद शार्दुल को सौंपी। शार्दुल ने सॉल्ट को कवर पर खड़े हार्दिक के हाथों कैच करवाकर पहला विकेट दिलाया।

पाटीदार ने फिर साधारण गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत शार्दुल की गेंद को कवर के ऊपर से उठाकर चौका जड़ते हुए की और फिर मार्कंडेय की खराब लेंथ का पूरा फायदा उठाते हुए इस लेग-स्पिनर पर लगातार तीन छक्के जड़े। देखते ही देखते पाटीदार ने नौ गेंद में 34 रन बना लिए। मुंबई ने शार्दुल को ऑफ-साइड से बाहर गेंदें डालने के लिए लगाया, लेकिन वे ज्यादातर मौकों पर ऐसा करने में चूक गए।

# विजय रथ पर सवार रॉयल्स की भिड़ंत सनराइजर्स से

हैदराबाद, एजेंसी

बेहतरीन फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी तो उसकी नजरें शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर टिकी होंगी। रॉयल्स ने मौजूदा सत्र में लगभग हर विभाग में अपना दबदबा दिखाया है। चार मैच में चार जीत टीम के दबदबे को दिखाती है। टीम के पास खतरनाक शीर्षक्रम और बेहद संतुलित गेंदबाजी आक्रमण है।

टीम की सफलता में यशस्वी जायसवाल और किशोर स्टार वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार सलामी जोड़ी की अहम भूमिका रही है जिन्होंने पावरप्ले में लगातार विरोधी टीम के आक्रमण को ध्वस्त किया है। जायसवाल और सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे खतरनाक जोड़ियों में से एक बना दिया है।

तीसरे नंबर पर ध्रुव जुरेल ने स्थिरता दी है और यह सुनिश्चित किया है कि टीम लय नहीं खोए। कप्तान रियान पराग की अगुआई वाले मध्य क्रम की अब तक अधिक परीक्षा नहीं हुई है। हालांकि मध्य क्रम के बल्लेबाज अब तक मिले सीमित मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और शायद यह टीम के दमदार अभियान में एकमात्र चिंता की बात है।

रॉयल्स की गेंदबाजी में हालांकि मौजूदा सत्र में काफी सुधार दिख रहा है। पिछले सत्र में गेंदबाजों की नाकामी के कारण नौवें स्थान पर रहने के बाद वे कहीं अधिक अनुशासित और खतरनाक आक्रमण के रूप में लौटे हैं।

जोफ्रा आर्चर ने तेजी और सटीकता के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने कोण और उछाल का इस्तेमाल करके विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने उनका अच्छा साथ दिया है।

**टीम**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** इशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्राइडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रेविस हेड, प्रफुल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, इशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नितीश रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पेन, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

# पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल से हमें नुकसान हुआ: विशाल उप्पल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक में अपनी टीम के तीसरे स्थान पर रहने के लिए पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल को जिम्मेदार ठहराया जिससे भारत विश्व ग्रुप प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। भारत ग्रुप एक में ही रहेगा जबकि शीर्ष पर रहने वाली दो टीम थाईलैंड और इंडोनेशिया ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

एक सप्ताह के उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन पर बात करते हुए उप्पल ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ धीमी शुरुआत एक कड़े मुकाबले में महंगी साबित हुई। उप्पल ने शनिवार को फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराने के बाद कहा सबसे बड़ी खुशी तो यही है कि हमने कोरिया को हरा दिया। लेकिन दुख की बात यह है कि हमने सप्ताह की शुरुआत में तीन घंटे खराब टेनिस खेली, जिसकी वजह से हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए। भारत ने क्वालीफाई करने की उम्मीदों के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ हार उसे भारी पड़ी। उप्पल ने कहा अभी बहुत दुख हो रहा है। प्रतियोगिता से पहले हम जानते थे कि क्वालीफाई करने के लिए थाईलैंड और कोरिया को हराना होगा।



बिली जीन किंग कप के दौरान भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा**

# शटलर आयुष शेट्टी की फाइनल में टूटी उम्मीद

निंगबो (चीन), एजेंसी

भारत के आयुष शेट्टी को रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मंगलुरु के 20 साल आयुष को लय हासिल करने में परेशानी हुई और वह चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन से 8-21, 10-21 से हार गए जिससे इस प्रतियोगिता में भारत का पुरुष एकल स्वर्ण पदक का 61 साल का इंतजार जारी रहा। हार के बावजूद गौरवरीय आयुष का अभियान शानदार रहा। वह दिनेश खन्ना के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने।



खन्ना इस प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय एकल चैंपियन हैं। उन्होंने 1965 में यह खिताब जीता था। खन्ना के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी 2023 में यह खिताब जीता था। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और पिछले सत्र में इंडोनेशिया मास्टर्स में शी से हारने के बाद इस मुकाबले में उतरे थे। आयुष ने हालांकि इस हफ्ते अधिक नियंत्रण और आक्रामकता के साथ खेला और फाइनल के अपने सफर के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कुनलावत वितिदसार्न, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और वर्ल्ड सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग को हराया। आयुष ने हालांकि शी की कड़ी चुनौती के सामने घुटने टेक दिए। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने का मौका नहीं दिया। शी ने अपने खेल की विविधता से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाया और कुछ सटीक स्मैश भी लगाए। चीन के खिलाड़ी ने दो बढ़िया नेट ड्रिबल से शुरुआती अंक हासिल किए और 4-0 की बढ़त बना ली। आयुष के स्मैश शुरू में सटीक नहीं थे और वह 2-6 से पिछड़ गए। चीन के खिलाड़ी ने लंबी रैली के बाद बाहर शॉट बाहर जिससे आयुष को कुछ राहत मिली।

### नियंत्रण हासिल करने के लिए कर रहे थे संघर्ष

आयुष नियंत्रण हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने कई सहज गलतियां की। शी ने शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और क्रॉस कोर्ट शॉट लगाकर आयुष को गलतियां करने के लिए मजबूर किया। शी ने दो स्मैश के साथ गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर आयुष के बाहर शॉट मारने से पहला गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी को मैच में बने रहने के लिए दूसरा गेम जीतना था। उन्होंने बेहतर शुरुआत करते हुए 3-1 की बढ़त बनाई लेकिन शी ने नेट पर कुछ अच्छे शॉट खेलकर उन पर दबाव बनाए रखा। आयुष हालांकि 7-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन इसके बाद उन्होंने लय गंवा दी। भारतीय खिलाड़ी ने दो शॉट बाहर जबकि एक नेट पर मारा जिससे शी ने 7-7 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली और फिर ब्रेक तक 11-8 से आगे हो गए। ब्रेक के बाद शी पूरी तरह छाए रहे। उन्होंने कछ अच्छे स्मैश से स्कोर 13-8 किया और फिर इसे 15-9 तक पहुंचाया। शी ने बॉडी रिटर्न अंक के बाद सीधे स्मैश से स्कोर 17-9 किया। आयुष ने फिर एक और शॉट बाहर मारा जबकि शी स्मैश के साथ अंक जुटाकर खिताब से सिर्फ दो अंक दूर पहुंच गए।